राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 69
लखनऊ, गुरूवार 19 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दबंग ने अवैध तमंचा से बारातियों को धमकाया 10

आध्यत्म की शक्ति से ही एआई का सफल उपयोगः स्वामी सर्वप्रियानंद 03

संक्षिप्त समाचार

जयशंकर ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री से की भेंट



नई दिल्ली,एजेंसी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को टोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं जापान-भारत एसोसिएशन के अध्यक्ष फुमियो किशिदा से मुलाकात की। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने जापानी समकक्ष शिंजिरो कोइजुमी के साथ योकोसुका स्थित जापान के समुद्री आत्मरक्षा बल के नौसैनिक अड्डे के लिए रवाना हुए। दोनों मंत्री जापान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वे चौथे भारत-जापान टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद में हिस्सा लेंगे। उन्होंने भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने में किशिदा के निरंतर समर्थन की सराहना की।

तेल टैंकर पर हमला, तीन भारतीय बाल-बाल बचे

तेहरान,नई दिल्ली, एजेंसी। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बुधवार को एक और तेल टैंकर पर हमला हुआ है। इस बार लाइबेरिया के झंडे वाला कच्चे तेल का टैंकर एमटी नेविग-8 मेस्सी निशाने पर आया। जहाज फारस की खाड़ी से होर्मुज की ओर बढ़ रहा था, तभी उस पर प्रोजेक्टाइल (गोला या मिसाइल जैसा हथियार) से हमला किया गया। जहाज पर तीन भारतीय नाविक सवार थे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जहाज पर सवार तीनों भारतीयों समेत पूरा चालक दल सुरक्षित है। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि हमले के बाद एक भारतीय अधिकारी को प्राथमिक उपचार और मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता की मां का निधन

प्रयागराज,समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी की मां श्रीमती विमला देवी का बुधवार सुबह बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार और करीबियों में शोक की लहर दौड़ गई। मां के निधन से मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी और उनके परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शोकाकुल परिवार के प्रति लोगों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शांति।

एचएन1 चिकन वैक्सीन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे शिवराज

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर को भारत की पहली स्वदेशी निष्क्रिय एच5एन1 (क्लेड 2.3.2.1ए) बर्ड फ्लू वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मुर्गियों के लिए विकसित इस वैक्सीन को भोपाल स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान ने तैयार किया है। यह देश में इस वायरस के खिलाफ विकसित अपनी तरह की पहली वैक्सीन है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, वैक्सीन को 20 नवंबर को भोपाल स्थित आईसीएआर-एनआईएचएसएडी में राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

यूपी पुलिस-एटीएस के पराक्रम पर देश को गर्व

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनएसजी व यूपी पुलिस के व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्र व राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है। अब न अपराधियों को अभय न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता होता है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पुलिस लाइन में एनएसजी नेशनल सिक्योरिटी गार्ड व उत्तर प्रदेश पुलिस के व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्य म का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी ने कमांडोज द्वारा आतंकरोधी अभियानों, वीआईपी सुरक्षा, बम विस्फोट से बचाव समेत विभिन्न हैरतअंगेज प्रदर्शनों का भी अवलोकन किया।

उन्होंने विश्वास जताया कि एनएसजी व यूपी पुलिस का साझा प्रयास देश की आंतरिक सुरक्षा को नई शक्ति व दिशा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को यूपी पुलिस व एटीएस के पराक्रम पर गर्व है। जब एनएसजी के मंच पर 16वीं ऑल इंडिया पुलिस स्टैंड अलोन स्नाइपर प्रतियोगिता में एटीएस कमांडो टीम के दो स्नाइपर अचूक निशाना लगाने के दम पर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाते हैं।

भारत ने खुद खींची सुरक्षा नीति की रेडलाइन

योगी ने कहा कि 2016 का सर्जिकल स्ट्राइक 2019 का बालाकोट एयर स्ट्राइक तथा 2025 में ऑपरेशन सिंदूर भारत की नई रणनीति व ताकत का अहसास कराते हैं। इनके माध्यम से सेना ने नापाक प्रयासों को करारा जवाब दिया है। भारत ने सुरक्षा नीति की रेडलाइन खुद खींची है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब देता है। दुनिया को दिखा दिया है कि तीनों सेनाओं की सिनर्जी स्वदेशी टेक्नोलॉजी और जीरो टॉलरेंस की इच्छाशक्ति मिलती है तो दुश्मन के पास छिपने का रास्ता नहीं बचता।

देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाना जरूरी: राष्ट्रपति



एजेंसी,नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी होने के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाओं का समूह भी है, जिसका उदाहरण श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय संस्थानों के रूप में विकसित करना होगा, ताकि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। राष्ट्रपति ने यहां एसआरसीसी के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के सौ वर्ष पूरे होने पर उसके पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रबंधन तथा कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाना जरूरी है। इससे भारत और विदेशों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए भारतीय संस्थानों को प्राथमिकता देंगे।

अखिलेश बोले, सरकार डर गई, बंद कर दिया इंटरनेट



समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव गोरखपुर में 20 किमी लंबा रोड शो करने के बाद जनसभा की। इसमें अखिलेश ने कहा- अगर आज ही वोट पड़ जाएं तो काशी का डबल जीरो गोरखपुर में भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर आकर ऐसा लग रहा कि यूरोप की यात्रा पर आया हूं। इंटरनेट न चलने पर अखिलेश ने कहा- सरकार डर गई है, इसीलिए इंटरनेट बंद कर दिया। इससे पहले रोड शो में अखिलेश ने रथ की छत पर चढ़कर कार्यकर्ताओं के सामने जोड़े। समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। क्रेन से माला पहनाई। रोड शो में सपा कार्यकर्ता रथ के आगे-पीछे दौड़ते रहे। टीपू इज बैक के पोस्टर लहराते रहे। डीजे पर यूपी के कोने-कोने में भैयाजी को जिताना है और 2027 में अखिलेश आ रहे हैं जैसे गाने बजाए गए। '2027 के सत्ताधीश' लिखी टी-शर्ट पहनकर 2 फीट के शुभम ने डांस किया। वहीं, जनसभा स्थल पर श्रीकृष्ण के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर वाला पोस्टर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अभी उनकी उम्र वोट देने की नहीं है, लेकिन जब माता-पिता वोट देंगे तो वह उनका साथ देंगे।

राजनाथ सिंह ने किया नौसैनिक अड्डे का दौरा

जेएस नाटोरी युद्धपोत देखा, रक्षा सहयोग पर होगी बात

- दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र को खुला रखने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी, योकोसुका।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान के योकुसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा किया और जापानी रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के साथ मोगामी क्लास के युद्धपोत जेएस नाटोरी को देखा। दोनों देशों के बीच चौथी वार्ता में रक्षा और रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा होगी। बातचीत में रक्षा तकनीक, समुद्री सुरक्षा, संयुक्त सैन्य अभ्यास और रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने पर जोर रहेगा।

2026 में दोनों रक्षा मंत्रियों की यह तीसरी मुलाकात है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जापान के योकुसुका स्थित जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के नौसैनिक अड्डे पहुंचे। उनके साथ जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने यहां मोगामी क्लास के मल्टी मिशन फ्रिगेट युद्धपोत जेएस



नाटोरी का दौरा किया। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत और जापान का बढ़ता समुद्री सहयोग दोनों देशों के बीच गहरे भरोसे और साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और नियम आधारित बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राजनाथ सिंह का जापानी नौसैनिक अड्डे का दौरा ऐसे समय हुआ है, जब भारत और जापान अपने रक्षा और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। इस दौरान दोनों रक्षा मंत्रियों ने मोगामी क्लास के मल्टी मिशन फ्रिगेट जेएस नाटोरी को देखा। राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। दोनों नेता भारत और जापान के बीच चौथी विदेश और रक्षा मंत्रियों की बैठक (2+2) में हिस्सा लेने गए हैं। टोक्यो स्थित जापान के रक्षा मंत्रालय में राजनाथ सिंह का उनके जापानी समकक्ष शिंजिरो कोइजुमी ने स्वागत किया। इस बैठक में भारत की ओर से राजनाथ सिंह और एस. जयशंकर, जबकि जापान की ओर से रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी शामिल होंगे।

जदयू नेता के शोरूम में घुसे आठ बदमाश, 40 करोड़ लूटा



एजेंसी,पश्चिम चंपारण,बिहार।

- 15 मिनट में समेटे गहने, कहा- ये ट्रेलर है, फिर आएंगे

जिले के बेतिया में बुधवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों ने सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित सैनको गोल्ड एंड डायमंड ज्वैलरी शॉप में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। कालीबाग थाना क्षेत्र में सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित सेंको ज्वेलर्स शोरूम में तीन बाइक पर सवार होकर पहुंचे करीब आठ अपराधियों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अपराधी शोरूम से करीब 30 से 40 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर फरार हो गए। हालांकि, लूटे गए सामान की वास्तविक कीमत का आकलन अभी किया जा रहा है। वारदात के दौरान अपराधियों ने शोरूम में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों को बंधक बनाया, उनके हाथ बांधे और मोबाइल फोन छीन लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, करीब आठ अपराधी तीन बाइक पर सवार होकर शोरूम पहुंचे थे।

कश्मीर घाटी में मारा गया आतंकी लतीफ भट : शाह



एजेंसी,नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर मोहम्मद लतीफ भट को मार गिराया है। उन्होंने उसे कश्मीर घाटी में लश्कर का आखिरी ज्ञात सक्रिय स्थानीय आतंकवादी बताया।

अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और खुफिया एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बुधवार तड़के कुलगाम में अभियान चलाकर लतीफ भट को मार गिराया गया। उसका एक आतंकवादी सहयोगी उमर निसार भी इससे एक दिन पहले



कुलगाम में मारा गया था। उन्होंने कहा कि पूरा अभियान सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहद उच्च स्तर के तालमेल का उदाहरण रहा। गृह मंत्री ने इस अभियान में शामिल जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों के जवानों के साहस की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र उनके शौर्य को सलाम करता है।

इस बीच, कश्मीर जोन पुलिस ने बुधवार सुबह 'एक्स' पर बताया कि मुठभेड़ स्थल से मारे गए एक आतंकवादी का शव और हथियार बरामद किया गया है। मारे गए आतंकवादी की पहचान कुलगाम के खेवां निवासी मोहम्मद लतीफ भट के रूप में की गई है। सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह ने भी अभियान के बाद जवानों को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷बधाई हो दोस्तों। कुछ व्यंजन ठंडे परोसे जाने पर ही बेहतर लगते हैं, ठंडे मौसम में भी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय लतीफ भट पहले बढ़ई का काम करता था और उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह 11 नवंबर को कुलगाम में सीआरपीएफ के एक जांच नाके पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल था, जिसमें तीन जवान घायल हुए थे। बताया जाता है कि अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने लतीफ भट को आत्मसमर्पण करने के कई अवसर दिए।

गृहमंत्री आज करेंगे आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में आतंकवाद रोधी दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय 'सीमा पार आतंकवाद' है। इसमें आतंकवाद से उत्पन्न उभरते खतरों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर सुरक्षा एजेंसियों, जांचकर्ताओं तथा विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श होगा। गृह मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के अनुरूप इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ देश की सामूहिक कार्रवाई को और मजबूत करना तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

50 हेक्टेयर में 491 करोड़ से बनेगा वानिकी विश्वविद्यालय

भारीवैसी में विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे सीएम

समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।



गोरखपुर केंद्रित पूर्वांचल की शैक्षणिक और विकास की यात्रा में गुरुवार 19 नवंबर को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। आयुष चिकित्सा-शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के प्रथम, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के बाद अब गोरखपुर को उत्तर प्रदेश के पहले और देश के दूसरे वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सीएम योगी गुरुवार को कैंपियरगंज तहसील के भारीवैसी में इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। करीब 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 491 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस संस्थान की आधारशिला रखे जाने के साथ ही गोरखपुर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई को स्पर्श करेगा। इस नई उपलब्धि के बाद गोरखपुर प्रदेश का ऐसा अनूठा जिला बन जाएगा, जहां दो विशिष्ट (यूनिक) विश्वविद्यालयों सहित कुल पांच विश्वविद्यालय संचालित होंगे।

वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के शिलान्यास का अवसर गोरखपुर के लिए इसलिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह जिला बीते कुछ वर्षों में उच्च शिक्षा और शोध के एक बड़े केंद्र के रूप में उभरा है।

20 नवम्बर को 110 करोड़ से बने अस्पताल का सीएम विजय करेंगे उद्घाटन

तिरुचि, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय 20 नवंबर को सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तिरुचि जिले का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर में सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम कराया जा रहा है। वहीं, जिला पुलिस सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय 20 नवंबर को सुबह नौ बजे विशेष विमान से चेन्नई से तिरुचि के लिए रवाना होंगे। सुबह 10 बजे तिरुचि हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद वे सड़क मार्ग से पुथूर क्षेत्र जाएंगे। इस दौरान रास्ते में आम जनता और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री पुथूर स्थित महात्मा गांधी स्मारक सरकारी अस्पताल परिसर में 110 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करेंगे।

समुद्र के खारे पानी से बनेगा मीठा जल, वैज्ञानिकों ने खोजी तकनीक



एजेंसी,नई दिल्ली।

समुद्र का खारा पानी अब पीने योग्य मीठे पानी में बदलने के साथ भीषण गर्मी से राहत देने वाली ठंडी हवा भी उपलब्ध करा सकेगा। भारत के वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जो एक ही प्रणाली से पेयजल और शीतलन की दोहरी जरूरत पूरी करने की क्षमता रखती है। भारत के विस्तृत समुद्री तटवर्ती क्षेत्रों, दूरस्थ गांवों और द्वीपों में पेयजल संकट से निपटने के साथ गर्मी और उमस से राहत देने की दिशा में यह अनुसंधान नई संभावनाएं खोलता है। दरअसल, सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली इस प्रणाली के प्रयोगशाला परीक्षण में 12.4 लीटर प्रति घंटे तक मीठे पानी का उत्पादन और 6.57 किलोवाट तक शीतलन क्षमता प्रदर्शित की गई है। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बीआईटीएस), पिलानी के हैदराबाद परिसर के शोधकर्ताओं के इस नवाचार को भारतीय पेटेंट मिल गया है।

कारोबारियों के घर पड़ी आयकर विभाग की रेड

एजेंसी, रायपुर। आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़ के पांच जिलों—रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग और जांजगीर-चांपा में कई बड़े कारोबारियों के घरों और दफ्तरों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से कर चोरी और वित्तीय अनियमितता की शिकायतों के आधार पर की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रायपुर, नागपुर और भोपाल से आई आयकर विभाग की टीमें सरिया (स्टील), कोयला और कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े बर्बरीक ग्रुप के संचालक श्रवण अग्रवाल और अन्य साझेदारों के घरों व दफ्तरों में दस्तावेज खंगाल रही हैं। इसके साथ ही रायगढ़ इस्पात समूह से जुड़े ठिकानों पर भी जांच शुरू कर दी गई है। रायपुर में रिंग रोड, शंकर नगर और खम्हारडीह क्षेत्र में भी छापेमारी की सूचना है। चंदखुरी स्थित बहनाकाड़ी गांव के एक फैक्टरी में दबिश दी गई है। वहीं तेलीबांधा रिंग रोड-1 स्थित पीआरए ग्रुप के ऑफिस में छापा पड़ा है।

समाधान

26 साल से लंबित परिसंपत्ति बंटवारे के अधिकांश प्रकरणों पर बनी सहमति

यूपी-उत्तराखंड में परिसंपत्तियों से जुड़े विवादों का हुआ निस्तारण

देहरादून/लखनऊ, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच राज्य गठन के बाद से लंबित परिसंपत्ति बंटवारे से जुड़े विवादों के निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण सहमति बनी है। दोनों राज्यों के बीच 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से जुड़े विवादों का निस्तारण हो चुका है, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान पर भी सहमति बनी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों राज्यों के बीच 26 साल से लंबित परिसंपत्ति बंटवारे के मामलों की समीक्षा की गई। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि बैठक में सिंचाई विभाग से संबंधित परिसंपत्तियों सहित अन्य विवादित प्रकरणों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग और समन्वय से अब तक 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से जुड़े विवाद सुलझाए जा चुके हैं और शेष मामलों के निस्तारण पर भी दोनों राज्यों के बीच सहमति बनी है।

सतपाल महाराज ने बताया कि कुल 659.5 हेक्टेयर भूमि के हस्तांतरण का मामला लंबित है। इसमें हरिद्वार जिले की 615 हेक्टेयर, चंपावत की 32 हेक्टेयर और ऊधमसिंह नगर की 12.5 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इसके अलावा 609 सरकारी भवनों के हस्तांतरण पर भी उत्तर प्रदेश की सहमति मिल चुकी है। इनमें 429 आवासीय और 180 गैर-आवासीय भवन शामिल हैं। इन परिसंपत्तियों के अंतिम हस्तांतरण के लिए शासनादेश जारी होना बाकी है।

उन्होंने बताया कि हरिद्वार जिले के बहादराबाद, भगवानपुर और नारसन विकासखंडों की करीब 18,500 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के लिए 35 किलोमीटर लंबी इकबालपुर नहर प्रणाली प्रस्तावित है। इसके लिए ऊपरी गंगनहर से 665 क्यूसेक पानी की आवश्यकता है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार की सहमति का इंतजार है। बैठक में ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा बैराज का मुद्दा भी उठाया गया। सिंचाई मंत्री के अनुसार, बैराज अपनी निर्धारित आयु पूरी कर चुका है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसके नए निर्माण की आवश्यकता है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत की गई। उन्होंने परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में देरी के कारण उनके रखरखाव में आ रही दिक्कतों और अतिक्रमण की आशंका का मुद्दा भी योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाया। सतपाल महाराज ने कहा कि कुछ मामलों का समाधान जल्द संभव है, जबकि अन्य विषयों पर आगे बातचीत की आवश्यकता है। विभागीय स्तर पर आसानी से निस्तारित होने वाले मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

स्वच्छ हाथों से बचेंगे बच्चे, दस्त का खतरा होगा कम

बलरामपुर। बच्चों को दस्त और संक्रमण से बचाने के लिए हाथों की नियमित सफाई बेहद जरूरी है। गंदे हाथों पर मौजूद सूक्ष्म कीटाणु भोजन और मुंह के संपर्क में आने से शरीर में पहुंचकर संक्रमण फैला सकते हैं। ऐसे में साबुन और साफ पानी से हाथ धोने की आदत बच्चों को बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि भोजन करने से पहले, शौचालय के उपयोग के बाद और बच्चे को खाना खिलाने से पहले हाथों को साबुन और साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। हाथों की नियमित सफाई संक्रमण से बचाव का सरल और प्रभावी उपाय है। अभिभावकों को बच्चों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही उन्हें नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि किसी बच्चे को दस्त की शिकायत हो तो उसे पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ और ओआरएस का घोल देना चाहिए। स्थिति में सुधार न होने या परेशानी बढ़ने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि हाथों की स्वच्छता के प्रति परिवार और समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। स्वच्छ हाथ संक्रमण से बचाव की पहली कड़ी हैं। इसलिए अभिभावक स्वयं भी सफाई का ध्यान रखें और बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने के लिए प्रेरित करें।

खेलते-खेलते तालाब में डूबा मासूम, दो घंटे बाद मिला शव

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जरवलरोड थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर गांव के बाहर स्थित तालाब मंगलवार को एक मासूम की जान ले गया। खेल-खेल में तालाब किनारे पहुंचे 8 साल के कपिल का पैर फिसला और वह देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। मृतक कपिल यादव पुत्र अखिलेश यादव, निवासी खुर्रमपुर गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह गांव के बच्चों के साथ तालाब के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पानी के करीब चला गया। अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया और डूबने लगा। साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही परिजन भी तालाब किनारे पहुंचे। गांव के तैराकों ने तुरंत तालाब में छलांग लगा दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मासूम का शव पानी से बाहर निकाला गया। बेटे का शव देखते ही मां-बाप दहाड़े मारकर रोने लगे। पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जरवलरोड थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से थाने में कोई सूचना नहीं दी गई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

बहराइच समृद्धि न्यूज़ मंगलवार को रानीपुर थाना क्षेत्र के होलपारा दर्जिन पुरवा निवासी कन्धई की पत्नी प्रीति उम्र 21वर्ष की शाम को अचानक मौत हो गईथी। प्रीति का एक माह दस दिन का बच्चा है।प्रसव के बाद से ही उसका इलाज चल रहा था। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार राय ने बताया कि मृतका के चाचा प्रेमचंद ने तहरीर देकर ससुराली जनों द्वारा अपनी भतीजी को मार डालने का आरोप लगाया है,उनकी तहरीर पर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जायेगी।

यादव समाज ने अहीर रेजिमेंट की मांग पर किया प्रदर्शन

बहराइच समृद्धि न्यूज़ बुधवार दोपहर यादव समाज ने सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 1962 के भारत चीन युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यादव समाज बहराइच के बैनर तले हुए प्रदर्शन में लोगों ने पीले पोस्ट लिए थे उन पर अहीर रेजिमेंट हक है हमारा और अहीर रेजिमेंट लागू करो लिखा था। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। इसके बाद प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद को सौपा। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में वीर अहीर सैनिकों का इतिहास और उनके बलिदान शामिल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने वीर शहीदों की याद में अलग-अलग जगहों पर स्मारक बनाने की मांग भी रखी। उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने रक्षा मंत्री रहते हुए सेना और सैनिकों के हित में काम किए थे। उनके कार्यकाल में शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर पूरे सम्मान के साथ उनके घर पहुंचने की व्यवस्था की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं हुआ तो आंदोलन और बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। इस मौके पर रामजी यादव, नंदेश्वर यादव समेत समाज के कई लोग मौजूद रहे।

हवा भरने की टंकी में हुआ जोरदार विस्फोट

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में बुधवार को एक जोरदार धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया। हवा भरने वाली टंकी अचानक तेज आवाज के साथ फट गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के लोग सहम गए। हादसे की चपेट में आने से करीब 14 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक ब्लाक बलहा और तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम सभा दौलतपुर में बुधवार को हवा भरने वाली टंकी अचानक फट गई। हादसे में जमालुद्दीन पुत्र जाहिद अली (14) गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद घायल किशोर को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल मदद के लिए आगे आते हुए घायल जाहिद अली को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। हर कोई किशोर की सलामती के लिए दुआ करता नजर आया। इस हादसे ने हवा भरने वाली टंकियां और दबावयुक्त उपकरणों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर टंकी किस वजह से फटी और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। यह जांच का विषय है।

शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से बैटरी इन्वर्टर बरामद

बाराबंकी। थाना माती पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर को गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी के बैट्री के सेल व इन्वर्टर के पार्ट बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद बाराबंकी में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना माती पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 119/2026 धारा 305ए/131(4)/317(4) बीएनएस से सम्बन्धित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त उमेश कुमार यादव पुत्र स्व0 सोहनलाल निवासी ग्राम राघवपुरवा मजरे सिधवाही थाना माती जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के बैट्री के 06 अदद सेल व इन्वर्टर का ट्रांसफार्मर व प्लेट बरामद कर जेल भेजा गया। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा दिनांक 14.10.2026 को जरूआ टिकरिया स्कूल से बैट्री व इन्वर्टर चोरी किया गया था जिस सम्बन्ध में थाना माती पर मु0अ0सं0 119/2026 धारा 305ए/131(4)/ बीएनएस पंजीकृत है।

तीन दशक से जिस आशियाना में परिवार पला उसे खाली कराने से रोड पर बिखरी गृहस्थी

रामसनेहीघाट बाराबंकी। करीब तीन दशक से जिस मकान में परिवार की जिंदगी गुजरी, जहां बच्चों का बचपन बीता और बेटियों की शादियां हुईं, बुधवार को उसी आशियाने को खाली करा दिया गया। तहसील क्षेत्र के गनाई का पुरवा मजरे दिलौना में न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई के दौरान घर का पूरा सामान बाहर निकलवाकर सड़क पर रखवा दिया गया। अचानक उजड़े आशियाने के बाद परिवार के सामने सिर छिपाने की समस्या खड़ी हो गई। परिजनों के अनुसार, लल्लन ने करीब 30 वर्ष पहले परिवार के रहने के लिए एक बिस्वा जमीन खरीदी थी। जमीन का बैनामा न होकर स्टांप पर लिखा-पढ़ी कराई गई थी।

लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। लखनऊ शिक्षक निर्वाचन खंड से लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक एवं शानदार जीत दर्ज करने वाले शिक्षक विधायक एवं विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी का जनपद बाराबंकी के माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की ओर से शहर स्थित ग्लोबल एकेडमी इंटर कॉलेज, ओबरी में आयोजित भव्य समारोह में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के करीब एक सैकड़ा विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उमेश द्विवेदी को फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्हों से सम्मानित कर उनकी ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार मिली यह ऐतिहासिक जीत शिक्षक समाज के विश्वास, समर्थन और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित शिक्षक प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, आपने मेरे लिए एक कदम बढ़ाया है, अब मेरी बारी है। मैं आपके लिए दौड़ लगाऊंगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विद्यालय संचालकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वे पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। समारोह के आयोजकों एवं वक्ताओं ने कहा कि उमेश द्विवेदी की लगातार तीसरी जीत शिक्षक समाज के उनके प्रति अटूट विश्वास और उनके संघर्षों की स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में वित्तविहीन विद्यालयों, शिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विधान परिषद में और मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक जिलाध्यक्ष सतीशचंद्र यादव, ग्लोबल एकेडमी इंटर कॉलेज के प्रबंधक जबीं खान, शिक्षक नेता तेजकुमार उपाध्याय, समाजसेवी रत्नेश कुमार, बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक हरपाल सिंह, श्री साईं इंटर कॉलेज के डी.के. वर्मा नवनीत तिवारी तथा जय हिंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक अम्बरीश वर्मा , अजय सिंह वर्मा, अवधेश कुमार , ए के पांडे जी , सहित बड़ी संख्या में विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों ने शिक्षक विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन कर उनके प्रति सम्मान, विश्वास एवं आभार व्यक्त किया।

विवाह पंजीकरण पटल का न्यायिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मंशानुरूप एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उज्ज्वल उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा जनपद स्थित उपनिबन्धक कार्यालय नवाबगंज बाराबंकी का विवाह पंजीकरण से संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत विवाहों के अभिलेखों एवं वर-वधू की आयु सत्यापन से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। साथ ही विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया एवं संबंधित अभिलेखों के रख-रखाव का भी अवलोकन किया गया। उक्त निरीक्षण का उद्देश्य विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया में निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा आयु सत्यापन संबंधी अभिलेखों की उचित जांच करना है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 'संविधान संवाद' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किए जाने हेतु परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 18.11.2026 को प्रातः 09:00 बजे जनपद के आनन्द भवन इण्टर कालेज बाराबंकी में अविरल उमराव सिविल जज, (जूडि0), न्यायालय संख्या-13 एवं विनोद कुमार तिवारी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, बाराबंकी द्वारा विद्यार्थियों के मध्य संविधान विषयक परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव साड़ी के फंदे से लटकता मिला

बेलहरा बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र मे एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियो मे कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता मिला।घटना की जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगो ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के टड़वा गांव निवासी अनिरुद्ध यादव की पत्नी रिंकी यादव (27) का शव मंगलवार शाम घर के कमरे में लगे छल्ले से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला।विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया।मौके पर पहुंचे परिजनों ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पति अनिरुद्ध यादव के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से जैनस इनिशिएटिव्स संस्था की ओर से लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित इस चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता और प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित अवसर और सहयोग उपलब्ध कराने की है। इसी उद्देश्य से संस्था की ओर से 12वीं उत्तीर्ण मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा और भविष्य की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। जैनस इनिशिएटिव्स संस्था शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा के माध्यम से भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना और उच्च शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर करना है। डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव का मानना है कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समय पर सहयोग मिले तो वे अपने सपनों को साकार करने के साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

बहराइच की पांच विधानसभाओं में 'मतदाता जोड़ो अभियान' की कार्यशालाएं संपन्न

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक मजबूती और मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बहराइच जनपद की पांच विधानसभाओं में एक साथ 'मतदाता जोड़ो अभियान-2026' कार्यशाला और संगठनात्मक बैठकों का भव्य आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पार्टी प्रभारियों और विधायकों ने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर मतदाता संख्या बढ़ाने का संकल्प दिलाया। बहराइच सदर विधानसभा की मुख्य कार्यशाला अस्पताल चौराहा स्थित विधानसभा कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक व पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी डॉ. रंजन शर्मा उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. रंजन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को 'एसआईआर' फॉर्मूले का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित सर्वे, हर घर तक संस्थागत पहुंच और बीएलओ स्तर पर कड़े अनुवर्ती प्रयास (फॉलो-अप) से ही सूची को मजबूत बनाया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहीं विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हर युवा और आधी आबादी (महिला मतदाताओं) को सूची में शामिल कराना हमारी प्राथमिकता है।

मजबूत बूथ ही हमारी असली ताकत है। पयागपुर विधानसभा कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ना राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर फॉर्म-6 भरवाने और मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के निर्देश दिए। महसी क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सुरेश्वर सिंह ने की।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा , बाल बाल बचे लोग

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 37 के पास मंगलवार रात एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। देवरिया से पेशी कराकर लौट रहे कानपुर देहात पुलिस के वज्र वाहन में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वज्र वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में वाहन सवार पुलिसकर्मियों और बंदी को केवल मामूली खरोंचें ही आईं।

जानकारी के अनुसार, जनपद कानपुर देहात की पुलिस टीम थाना सलेमपुर (देवरिया) में दर्ज एक मामले से संबंधित अभियुक्त मो. शरीफ (निवासी ग्राम उसरी, थाना रसूलाबाद, कानपुर देहात) को देवरिया न्यायालय में पेशी के बाद वापस कानपुर देहात ले जा रही थी।

फेफड़ों की बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। विश्व फेफड़ा रोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को फेफड़ों की बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की। साथ ही बच्चों में निमोनिया के लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि सीओपीडी फेफड़ों की गंभीर बीमारी है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होती है। धूम्रपान, तंबाकू, वायु प्रदूषण, धूल-मिट्टी, रासायनिक पदार्थों और खाना पकाने से निकलने वाले धुएं के लंबे समय तक संपर्क में रहने से इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। लगातार खांसी, बलगम आना, सांस फूलना और सीने में जकड़न इसके प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने लोगों से धूम्रपान व तंबाकू से दूर रहने और सांस संबंधी परेशानी होने पर चिकित्सक से जांच कराने की अपील की। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए कहा कि तेज सांस चलना, सांस लेते समय सीने का अंदर धंसना और लगातार खांसी होना निमोनिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर घरेलू उपचार में समय गंवाने के बजाय बच्चे को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर जांच और उपचार कराना चाहिए। समय पर बीमारी की पहचान होने से बच्चों को गंभीर स्थिति से बचाया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए धूम्रपान और तंबाकू से दूरी बनाना, घरों में स्वच्छ ईंधन का प्रयोग करना तथा धूल और धुएं से बचाव करना आवश्यक है।

12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति से संवरेंगे मेधावी विद्यार्थियों के सपने

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जैनस इनीशिएटिव्स संस्था सराहनीय पहल कर रही है। संस्था की ओर से 12वीं उत्तीर्ण मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी क्रम में बुधवार को एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में छात्रवृत्ति के लिए चयन परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा के साथ साक्षात्कार लेकर उनकी शैक्षणिक योग्यता और प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित अवसर और सहयोग देने की है।

प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि आर्थिक तंगी किसी मेधावी विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। इसी उद्देश्य से जैनस इनीशिएटिव्स संस्था शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव स्वास्थ्य सेवाओं के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी सामाजिक दायित्व निभा रहे हैं।

डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में आर्थिक बाधाओं को दूर करना है। डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव का मानना है कि समय पर उचित सहयोग मिलने से प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने के साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

जिले में प्रदेश की पहली एस्ट्रो पिकनिक

- 15 स्कूलों के 200 बच्चों ने देखे तारे, टेलीस्कोप से देखा शनि के छल्लों का नजारा

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ बहराइच शहर के हैप्पी हार्ट्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार रात प्रदेश की पहली एस्ट्रो पिकनिक आयोजित हुई। इसमें 15 से अधिक स्कूलों के 200 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने टेलिस्कोप से चांद, ग्रहो और तारों को देखा। रात भर चले इस कैंप में स्कूल परिसर को मिनी अंतरिक्ष केंद्र के रूप में तैयार किया गया था। मारवाड़ी युवा मंत्र और बाल पत्रिका 'बाल पंख 2.0' ने संयुक्त रूप से एस्ट्रो पिकनिक 2026 का आयोजन किया। उत्तराखंड से आई एस्ट्रो वर्स की टीम और इसरो से प्रशिक्षित शिक्षकों ने करीब 10 टेलिस्कोप की मदद से बच्चों को खगोलीय चीज दिखाई। कैंप में लूनर ऑब्जर्वेशन, सोलर ऑब्जर्वेशन, स्टार गेजिग उल्का वर्षा और हाइड्रो रॉकेट्री जैसी गतिविधियां कराई। बच्चों ने प्रयोग के जरिए विज्ञान की बारीकियां समझी।

एमएलसी ने भी देखा अंतरिक्ष का नजारा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने भी कर बच्चों के साथ टेलीस्कोप से खगोलीय नजारे देखे। उन्होंने शनि ग्रह के छालों और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल शिव शक्ति पॉइंट को दिखा। डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि बहराइच की नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए इस तरह का पहला रात भर चलने वाला एस्ट्रो कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को इसरो प्रमाणित प्रमाण पत्र दिए गए।

बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना उद्देश्य

आयोजक मंडल की सदस्य और बाल पंख पत्रिका की संपादक श्रुति माहेश्वरी ने बताया कि उन्हें इस आयोजन की प्रेरणा अपने बच्चों के सवालों से मिली। उनका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना और किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्रयोगो के जरिए सीखने का अवसर देना है।

आठ करोड़ 36 लाख से पांच संपर्क मार्गों का होगा निर्माण : सतीश शर्मा

समृद्धि न्यूज़

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से क्षेत्र में 8 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से पांच संपर्क मार्गों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में परसावल बदोसराय से मधनापुरवा संपर्क मार्ग का निर्माण 3 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसकी लंबाई 3.30 किलोमीटर होगी। खजूरी से मवईपुर होते हुए टेडवा-गोपालपुर संपर्क मार्ग पर 1 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। इसकी लंबाई 1.50 किलोमीटर है।

अवैध तमंचा के साथ एक युवक गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा मय दो अदद कारतूस किया बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त राशिद अली पुत्र शाकिर अली निवासी ग्राम भिलवल थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को सुल्तानपुर हाइवे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त के पास से एक अदद .315 बोर नाजायज तमंचा मय दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर थाना लोनीकटरा पर मुअसं 350/2026 धारा 3/5 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं और मेरे पति का नाम AJRA W/O NIJAMUDDEEN था जो कि दिनांक 16/11/2026 को मैने अपना नाम बदलकर AZRA W/O NIZAMUDDIN ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

निवासी मोहल्ला गुदड़ी थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच, यूपी

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं और मेरा नाम SEEMA W/O AKHTAR ALI था जो कि दिनांक 17/11/2026 को मैने अपना नाम बदलकर MAAHE LATA W/O AKHTAR ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

निवासी ग्राम ताजवापुर, पोस्ट बेडनापुर, कोतवाली देहात, जनपद बहराइच, यूपी

अध्यात्म की शक्ति से ही एआई का सफल उपयोग : स्वामी सर्वप्रियानंद

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। रील्स और शॉर्ट्स के युग में युवाओं की निर्भरता बढ़ी है। अब युवा घंटे भर के प्रवचन नहीं सुनना चाहते। उन्हें सब कुछ शॉर्ट्स में चाहिए। बिना सोचे समझे एआई का प्रयोग करना खुद अपना नुकसान करना है। ऐसे में अध्यात्म ही वह शक्ति है जिसके द्वारा हम एआई को नियंत्रण में लेकर आत्मज्ञान को हासिल कर सकते हैं।

वेदांत सोसाइटी ऑफ न्यूयॉर्क के प्रमुख एवं प्रख्यात आध्यात्मिक वक्ता स्वामी सर्वप्रियानंद जी महाराज ने आज यह विचार व्यक्त किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्या हमारे आध्यात्मिक जीवन के लिए खतरा है? विषय पर बोलते हुए स्वामी जी ने श्री रामकृष्ण की वाणी का सूत्र दोहराते हुए कहा कि - जितने भी शून्य लगा लो, बिना 'एक' के टोटल शून्य ही रहेगा। 'एक' रखो तो हर शून्य की वैल्यू आएगी। वह 'एक' है - अध्यात्म का।

अध्यात्म की शक्ति से ही एआई का सफल प्रयोग कर आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि एआई बाहरी ज्ञान दे सकता है। आत्मज्ञान केवल अध्यात्म को अपने जीवन में उतारकर ही पाया जा सकता है। एआई इसके लिए एक माध्यम मात्र है।स्वामी जी ने आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तेजी से बदलते स्वरूप तथा मानव जीवन पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक एवं दार्शनिक प्रश्नों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर चिंतन करने की आवश्यकता बताई कि क्या बुद्धिमत्ता और चेतना एक ही हैं? क्या सूचनाओं का विशाल भंडार होना वास्तविक ज्ञान के समान है?

भगवान श्रीरामकृष्ण की भव्य संगमरमर की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

- रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के शताब्दी समारोह का दूसरा दिवस

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के 100 गौरवशाली वर्षों की मानव सेवा, आध्यात्मिक साधना एवं समाज कल्याण के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय शताब्दी समारोह के दूसरे दिन, बुधवार को अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक एवं वैचारिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए।

समारोह के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे मुख्य मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। प्रातः 6:30 बजे रामकृष्ण मठ, निराला नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान होते हुए पुनः रामकृष्ण मठ पहुंची।

इस अवसर का मुख्य आकर्षण रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, बेलूड़ मठ के अध्यक्ष परम पूज्य श्रीमत् स्वामी गौतमानंद जी महाराज के पावन करकमलों द्वारा प्रातः 8 बजे भगवान श्रीरामकृष्ण की भव्य संगमरमर की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा श्री श्री जगद्धात्री पूजा के अवसर पर की गयी।

प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत प्रातःश्रीश्री जगद्धात्री पूजा के पावन अवसर पर स्वामी आत्मप्रियानन्द जी महाराज द्वारा तीन बार विशेष चंडी पाठ संपन्न हुआ।

रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त संन्यासियों एव भक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन किया अपने उद्बोधन में उन्होंने वर्तमान युग में श्रीरामकृष्ण परमहंस, श्री माँ सारदा देवी एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन, आदर्शों और संदेशों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्वामी जी ने बताया कि श्रीरामकृष्ण का सर्वधर्म समन्वय, स्वामी विवेकानन्द का व्यावहारिक वेदान्त एवं मानव सेवा का संदेश तथा श्री माँ शारदा देवी का सार्वभौमिक मातृत्व, प्रेम और करुणा आज के समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान मंचासीन सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया।

तदोपरान्त एक जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें स्वामी आत्मश्रद्धानन्द जी महाराज (ट्रस्टी, रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, बेलूड़ मठ तथा सचिव, रामकृष्ण मिशन, मुंबई) ने 'श्रीरामकृष्ण-सारदा-विवेकानन्द का मूल संदेश' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वामी आत्मश्रद्धानन्द जी महाराज ने अपने व्याख्यान में श्रीरामकृष्ण, श्री माँ शारदा देवी एवं स्वामी विवेकानन्द के मूल आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डाला.

जनसभा की अध्यक्षता रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, बेलूड़ मठ के उपाध्यक्ष श्रीमत स्वामी विमलात्मानन्द जी महाराज ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने 'ठाकुर, माँ एवं स्वामीजीः जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शाश्वत प्रेरणा के स्रोत' विषय पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में स्वामी अमर्त्यानन्द, सचिव, रामकृष्ण मिशन, धलेश्वर, अगरतला ने धन्यवाद ज्ञापनप्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी संत-महाराजों, अतिथियों, आयोजकों, सहयोगियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक प्रकट किया।

इस विशेष जनसभा की अध्यक्षता परम पूजनीय श्रीमत् स्वामी गौतमानन्द जी महाराज (अध्यक्ष, रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ, हावड़ा) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ''श्रीरामकृष्ण देव, माँ शारदा देवी एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन, आदर्शों और सार्वकालिक संदेशों की प्रासंगिकता'' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों की शिक्षाएँ मानवता के आध्यात्मिक उत्थान, नैतिक मूल्यों और समाज कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

झांसी से कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल, शुरू किया जनसंवाद अभियान

- 'बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम' के नारे के साथ आराधना मिश्रा मोना विधानसभा चुनाव तक प्रदेशभर में करेंगी जनसंवाद

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की आहट के बीच कांग्रेस ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। 'बढ़ाओ कदम, अच्छी सरकार देंगे हम' के नारे के साथ पार्टी ने प्रदेशव्यापी जनसंवाद अभियान का आगाज कर दिया है। इसकी पहली दस्तक झांसी से हुई, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने 'लोक हुंकार, जन संवाद' कार्यक्रम के जरिए विभिन्न सामाजिक वर्गों से सीधा संवाद किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी अब्दुल हन्नान ने अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झांसी में साहित्यकारों, कलाकारों, इतिहासकारों, अधिवक्ताओं और जेन-जी युवाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उनकी समस्याएं, अपेक्षाएं और सुझाव सुने गए। इसके अलावा आराधना मिश्रा ने जालौन, झांसी और ललितपुर के पार्टी पदाधिकारियों, पूर्व सांसदों-विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। हन्नान के मुताबिक, विधानसभा चुनाव तक यह अभियान प्रदेश के सभी मंडलों और जिलों में चलाया जाएगा। किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, श्रमिकों और वंचित वर्गों से संवाद कर उनके मुद्दों को पार्टी के एजेंडे में शामिल किया जाएगा। इस दौरान हन्नान ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जनहित के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश में 3.30 करोड़ से अधिक वोटों की चोरी होने का दावा भी किया। हालांकि, इस दावे के समर्थन में प्रेसवार्ता के दौरान कोई विस्तृत साक्ष्य नहीं बताया गया। कांग्रेस ने राजेंद्र पाल गौतम और आराधना मिश्रा 'मोना' के नेतृत्व में सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और भ्रष्टाचारमुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प दोहराया। अब देखना होगा कि जनसंवाद के जरिए कांग्रेस जनता के बीच कितनी जगह बना पाती है।

डॉक्टरों की सेहत सुधारने को एसजीपीजीआई ने उठाया नया कदम

- ईशा फाउंडेशन के साथ हुआ समझौता, हर महीने 20 हठ योग सत्रों में फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मरीजों की सेहत संभालने वाले डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की अपनी सेहत भी अब संस्थान की प्राथमिकता में शामिल होगी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ने फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नई पहल की है। इसके तहत संस्थान में अब हर महीने हठ योग के 20 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस सिलसिले में एसजीपीजीआई और ईशा फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आरके धीमन ने डीन प्रो. मनोज जैन और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर. हर्षवर्धन की मौजूदगी में समझौते को औपचारिक रूप दिया। कार्यक्रम का समन्वय नोडल अधिकारी डॉ. शालीन कुमार सिंह तथा सह-नोडल अधिकारी डॉ. स्वस्ति तिवारी और डॉ. निधि तेजन ने किया।

निदेशक प्रो. धीमन ने कहा कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मददगार हो सकता है। उन्होंने मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में योग की उपयोगिता पर जोर दिया। वहीं, डीन प्रो. मनोज जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान की ओर से पूरा सहयोग देने की बात कही। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर. हर्षवर्धन ने भी बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग को उपयोगी अभ्यास बताया।

समझौते के तहत ईशा फाउंडेशन के प्रशिक्षित शिक्षक उप योग और अंगमर्दन के चयनित अभ्यासों का प्रशिक्षण देंगे। मकसद प्रतिभागियों को ऐसे अभ्यासों से परिचित कराना है, जिन्हें वे रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपना सकें। सवाल यही है कि व्यस्त चिकित्सा दिनचर्या के बीच यह पहल कितनी नियमितता से आगे बढ़ पाती है।

इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने महिलाओं को दिया सम्मान

- महिला सम्मान दिवस पर चिकित्सा, मीडिया, विधि, साहित्य और सामाजिक क्षेत्रों में योगदान देने वाली 100 से अधिक महिलाओं का हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने महिला सम्मान दिवस मनाया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में शॉल, मोती की माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके योगदान की सराहना की गई।

सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा, मीडिया, विधि, साहित्य, अभियंत्रण, संस्कृति, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने शिरकत की।

सम्मान समारोह के साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिला वक्ताओं ने मौजूदा आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार रखे। गोष्ठी में महिलाओं की सुरक्षा और वास्तविक सशक्तीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठा। वक्ताओं ने इस बात की आवश्यकता जताई कि महिलाओं को केवल सम्मान समारोहों तक सीमित रखने के बजाय उनकी सुरक्षा, सामाजिक स्थिति और अधिकारों को लेकर भी ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

कार्यक्रम में सेवादल की राष्ट्रीय प्रभारी (मध्य जोन) कल्पना भटनागर के अलावा सुशील तिवारी, अनिल देव त्यागी, लक्ष्मी नारायण दीक्षित और सतीश बिंद मौजूद रहे।

खाद के लिए भटकते किसान, धान खरीद पर भी उठे सवाल

- आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार को घेरा, खाद की किल्लत, कथित कालाबाजारी और बंद क्रय केंद्रों पर उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। खेतों में रबी की बुवाई का वक्त है, लेकिन किसानों के सामने खाद का इंतजाम ही बड़ी चुनौती बन गया है। कहीं सहकारी समितियों पर डीएपी नदारद है तो कहीं निजी दुकानों पर मनमानी कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर धान खरीद केंद्रों की बदहाली ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इन मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार पर हमला बोला है।

पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने आरोप लगाया कि सरकार के किसानों की आय दोगुनी करने के दावों और जमीनी हालात में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि निजी दुकानों पर डीएपी की एक बोरी के लिए 2,200 से 2,500 रुपये तक वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। प्रयागराज के मेजा, बरेली और आजमगढ़ के मार्टीनगंज समेत कई इलाकों में खाद की किल्लत का दावा किया गया। दुबे ने चित्रकूट में एनपीके की बोरियों में एसएसपी खाद भरकर बेचने का मामला भी उठाया। उनका कहना है कि खाद की कमी से गेहूं, आलू, सरसों और मटर की बुवाई प्रभावित हो रही है। पंजीकरण और दस्तावेजों की जटिलताएं भी किसानों की परेशानी बढ़ा रही हैं।

धान खरीद को लेकर दुबे ने बलिया के पंदह ब्लॉक में निर्धारित छह क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू न होने का आरोप लगाया। वहीं कुशीनगर के हाटा समेत कई क्षेत्रों में केंद्रों की कमी के चलते किसानों को बिचौलियों के हाथों उपज बेचने की मजबूरी होने की बात कही।

दुबे ने चेतावनी दी कि किसान इन समस्याओं का जवाब 2027 के विधानसभा चुनाव में देंगे। हालांकि, खाद की उपलब्धता और धान खरीद को लेकर सरकार का पक्ष इस बयान में सामने नहीं आया।

जनगणना में प्रदान करें सही जानकारी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों से जनगणना की प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लेने तथा जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को सही, पूर्ण एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। जनगणना राष्ट्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्र एवं राज्य सरकारें जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती हैं तथा देश, प्रदेश, गांव और समाज के समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार करती हैं। देश में सामान्यतः प्रत्येक दस वर्ष में जनगणना की प्रक्रिया संपन्न होती रही है। कोरोना महामारी के कारण इस बार जनगणना निर्धारित समय पर नहीं हो सकी, जिसके चलते इसमें विलंब हुआ। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जनगणना की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करे।

ओबीसी अधिकारों पर कांग्रेस की नजर, दिसंबर में होंगे दो बड़े सम्मेलन

- राहुल गांधी करेंगे पिछड़ा वर्ग और बुनकर-दस्तकार समाज से संवाद, बैठक में आरक्षण, जाति जनगणना और चुनावी भागीदारी पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को लेकर अपनी सियासी गतिविधियां तेज कर दी हैं। ओबीसी अधिकारों, सामाजिक न्याय और चुनावी भागीदारी को केंद्र में रखते हुए पार्टी ने संगठनात्मक रणनीति पर मंथन किया।

बुधवार को गैलेक्सी ग्रैंड होटल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद की मौजूदगी में सलाहकार समिति और चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें संगठन विस्तार से लेकर पिछड़े वर्ग के संवैधानिक अधिकारों तक कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में नदी अधिकार यात्रा के मुद्दों को फिर प्रमुखता से उठाने का संकल्प जताया गया। कांग्रेस ने गंगा-यमुना समेत नदियों पर निर्भर निषाद, कश्यप, बिंद और मल्लाह समुदायों के जल, बालू और मत्स्य पालन जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

इसके अलावा ओबीसी अत्याचार निवारण कानून बनाने, जाति जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने और जातिवार ड्रॉपडाउन सूची उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में दलितों और पिछड़ों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दे अहम रहेंगे।

डॉ. अनिल जयहिंद ने घोषणा की कि दिसंबर में राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में पिछड़ा वर्ग और बुनकर-दस्तकार समाज के अलग-अलग सम्मेलन करेंगे।

एवररेडी से मवैया मार्ग बना तालाब, गड्ढों में पलट रहे ई-रिक्शा

- भूसा मंडी के पास 40-50 फीट का हिस्सा बना जानलेवा डेथ ट्रैप

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विकास दावों की पोल खोलती बदहाल तस्वीर प्रशासनिक तंत्र की भारी असंवेदनशीलता को बेनकाब कर रही है। मवैया से एवररेडी मार्ग पर ओवरब्रिज उतरने के ठीक बाद भूसा मंडी के पास सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय और नारकीय हो चुकी है।

यहाँ सड़क पूरी तरह से उबड़-खाबड़ और क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे यह मार्ग किसी बड़े तालाब का रूप धारण कर चुका है।

इस पूरे मार्ग पर चलना वैसे तो दूभर है, लेकिन विशेषकर भूसा मंडी के पास लगभग 40 से 50 फीट का दायरा पूरी तरह तबाह हो चुका है। इस छोटे से हिस्से में एक-एक फीट तक गहरे जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं। जलभराव के कारण इन गड्ढों की थाह पानी के नीचे पूरी तरह छिप जाती है, जिसके चलते यहाँ से गुजरने वाले ई-रिक्शा और बाइक सवार आए दिन असंतुलित होकर पलट रहे हैं और गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इस व्यस्त मार्ग से रोजाना हजारों लोग, ड्यूटी पर आने-जाने वाले कर्मचारी और स्कूली बच्चों की बसें समेत तमाम वाहन गुजरते हैं, जिन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा अक्टूबर माह तक शहर की सभी सड़कों को पैचिंग और मरम्मत के जरिए पूरी तरह गड्ढामुक्त व दुरुस्त करने के बड़े-बड़े दावे और निर्देश दिए गए थे। मंडलायुक्त और संबंधित विभागों द्वारा यह सख्त डेडलाइन तय की गई थी कि तय समयसीमा के भीतर सड़कों की सूरत बदल दी जाएगी। इसके बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है और जनता इन खोखले दावों के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर चलने को विवश है। लोक निर्माण विभाग (PWD) और स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार नुमाइंदों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। स्थानीय जनता और राहगीरों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। जनता का सीधा और स्पष्ट सवाल यह है कि क्या शासन-प्रशासन के कागजी दावे सिर्फ दिखावा हैं और क्या वे किसी बड़े प्राणघातक हादसे का इंतजार कर रहे हैं? जनहित और लोक सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार उच्च अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इस स्थल का संज्ञान लेकर युद्धस्तर पर सड़क की मरम्मत करानी चाहिए, ताकि जनता को इन झूठे वादों और इस नरकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

धान खरीद व्यवस्था का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

किसानों से की बातचीत, फटे बारदाने और 150 रुपये प्रति क्विंटल मांगने की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

धान खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शासन की ओर से नामित राजस्व विभाग के विशेष सचिव एवं नोडल अधिकारी अरुण प्रकाश ने बुधवार को रोजा मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के क्रय केंद्रों पर खरीद व्यवस्था परखी और किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं।



नोडल अधिकारी ने रोजा मंडी में खाद्य विभाग, आरएफसी और नेफेड के धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पैना बुजुर्ग के किसान ब्रजेश सिंह, मुड़िया उदयपुर के सुरेंद्र कुमार और गुलाम खेड़ा के गया प्रसाद से धान खरीद की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने क्रय केंद्रों पर तैनात मजदूरों से भी बातचीत की। आरएफसी प्रथम और मंडी के क्रय केंद्र पर किसान के धान की नमी की जांच भी कराई। निरीक्षण के दौरान एफसीआई केंद्र पर धान की तौल करा रहे पैना बुजुर्ग निवासी किसान ब्रजेश सिंह ने नोडल अधिकारी से शिकायत करते हुए कहा कि तौल के बाद धान को फटे बारदाने में भरवाया जा रहा है। इससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान ने आरोप लगाया कि धान में नमी अधिक होने का डर दिखाकर उनसे 150 रुपये प्रति क्विंटल की मांग की जा रही है। इस पर नोडल अधिकारी ने पूछा कि क्या केंद्र प्रभारी ने रुपये मांगे हैं? किसान ने स्पष्ट किया कि केंद्र प्रभारी ने सीधे रुपये नहीं मांगे हैं। इसके बाद वह मौके पर मौजूद लोगों के चेहरे पहचानने लगा।

नोडल अधिकारी अरुण प्रकाश सिंह ने बताया कि शासन स्तर से प्रदेश के सभी मंडलों में धान खरीद की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी दो दिन तक प्रत्येक मंडल की प्रमुख मंडियों में जाकर खरीद व्यवस्था और किसानों को हो रही परेशानियों की जानकारी जुटाकर शासन को रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि रोजा मंडी में व्यवस्थाएं सामान्य मिली हैं। हालांकि एक किसान ने फटे बारदाने और रुपये मांगने की शिकायत की है। संबंधित अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय, मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में नियमों की अनदेखी करने वालों के हुए चालान



शाहजहांपुर। जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 से 30 नवम्बर तक आयोजित कराया जा रहा है। उक्त के क्रम में शाहजहांपुर में एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों में संचालित 40 वाहनों का निरीक्षण किया जोकि मानक के अनुसार सही पाया। इसके अतिरिक्त ओवरस्पीडिंग में 22 वाहनों के चालान किए। परिवहन विभाग ने जनता से अपील की कि नियमानुसार ही वाहन का संचालन करें।

भीषण सड़क हादसा: कार व लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में तीन युवक घायल

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।

- जोरदार टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, एक युवक गंभीर रूप से घायल, दो को आई हल्की चोटें

खुदागंज क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब सात बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इंडियन पेट्रोल पंप के पास कार और यूकेलिप्टस की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जलालपुर निवासी अंश उर्फ मंगली (22) पुत्र रमेश चंद कार चला रहे थे। उनके साथ गांव के ही प्रदीप (20) पुत्र महेश चंद और चित्रांश (21) पुत्र मुकेश गंगवार भी कार में सवार थे। बताया गया कि कार कटरा की ओर से आ रही थी, जबकि कस्बा खुदागंज की ओर से यूकेलिप्टस की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। इसी दौरान इंडियन पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पीआरवी-6017 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस के आधिकारिक विवरण के मुताबिक, हादसे में कार चालक अंश उर्फ मंगली गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि प्रदीप और चित्रांश को हल्की चोटें आई हैं। तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली का नंबर बताया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर यूकेलिप्टस की लकड़ी लदी हुई थी, जबकि उसके चालक का नाम और पता फिलहाल अज्ञात है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना 17 नवंबर 2026 को शाम 7:05 बजे पीआरवी-6017 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। मामले में प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। हादसे ने एक बार फिर सड़क पर सावधानी और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

हरदेव राजा की पूजा से पहले भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

सिधौली, शाहजहांपुर।



कस्बे में खन्नौत नदी पुल के समीप बुधवार सुबह हरदेव राजा की पूजा-अर्चना से पहले भक्तों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ कलश यात्रा निकालकर पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा। बताया गया कि हरदेव राजा की पूजा का आयोजन 22 नवंबर को प्रस्तावित है। पूजा की तैयारियों को लेकर भक्तों और ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। पूजा-अर्चना के बाद कन्या भोज का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया जाएगा। लाल बाबा ने बताया कि हरदेव राजा की पूजा और कन्या भोज का कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। कलश यात्रा के माध्यम से भक्तों ने पूजा कार्यक्रम के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह प्रकट किया।

वरिष्ठ जनों का होगा सम्मान, हर संभव मदद मिलेगी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सीनियर सिटीजन सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार से मुलाकात कर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रथम काउंटर, भर्ती हेतु अलग कक्ष, उचित चिकित्सा व्यवस्था, देखभाल और परिवार के सहयोग न मिलने पर भी समुचित देखभाल की मांग रखी गई। प्रधानाचार्य ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि वरिष्ठजनों के लिए अलग पर्चा व अलग काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। भर्ती के लिए अलग कक्ष बनाया जा रहा है। गंभीर बीमारी में जूनियर की जगह सीनियर डॉक्टर परामर्श देंगे। परिवार का सहयोग न मिलने पर भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी राष्ट्र के अग्रज निर्माता हैं, जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं। मेरी अंतरात्मा आप सबको हृदय से नमन करती है। कोई परेशानी हो तो सीधे मुझसे मिल सकते हैं। इस मौके पर डॉ. देवेश कुमार व डॉ. एमपी गंगवार भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में जिलामहामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला, नगर महामंत्री राम रक्षपाल, रवि शर्मा, सुशील चंद्र बाजपेई, मुरलीधर भोजवाल, राजेश द्विवेदी, हरिनंदन शर्मा, जगत नारायण अवस्थी, सर्वेश मिश्रा, नरेंद्र गुप्ता, मो. आमिल खान, मो. सईद खान, राधेश्याम, सदानंद अग्निहोत्री सहित अन्य लोग शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

चुनाव से पहले भाजपा ने तैयार की महिला मोर्चा की टीम

शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की शाहजहांपुर महानगर इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्वाचित रुचि गुप्ता ने ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, महानगर जिलाध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष चन्द्रेश गुप्ता की अनुमति से कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी में आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री और आठ जिला मंत्री बनाए गए हैं। जिला उपाध्यक्ष पद पर गीता त्रिवेदी, अल्पना श्रीवास्तव, ममता मिश्रा, गंगाश्री, नीलम गुप्ता, आरती भोजवाल, हेमा अग्रवाल और पदमा गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रचना अवस्थी, विम्मी सैनी और पूर्णिमा सक्सेना को जिला महामंत्री बनाया गया है। जिला मंत्री पद पर सरिता मिश्रा, ज्योति गुप्ता, आरती सिंह, प्रीति सक्सेना, सुनीता मौर्य, विन्नी चौपड़ा, पिंकी रस्तोगी और रिंकी देवी को शामिल किया गया है।

वेयरहाउस से निकाली गईं एफएलसी ओके ईवीएम मशीन

शाहजहांपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत प्रदर्शन केंद्र एवं प्रशिक्षण कार्यों हेतु निर्धारित संख्या में एफएलसी ओके ईवीएम मशीनों को वेयरहाउस से निकाले जाने की प्रक्रिया डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस खोला गया तथा निर्धारित संख्या में एफएलसी ओके मशीनें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष वेयरहाउस से निकाली। संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसडीएम प्रियंका चौधरी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रथिन सिन्हा,सीओ एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे।

चिन्हित वादों का निस्तारण 28 नवम्बर में होगा

शाहजहांपुर। जिला जज धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर में मोटर अधिनियम के चिन्हित वादों जिनका निस्तारण उक्त लोक अदालत में नही किया जा सका था। उनका निस्तारण विशेष लोक अदालत 28 नवम्बर में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य लंबित चालानों को भी चिन्हित कर उनका निस्तारण आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में होगा।

हाइवे पर पिकअप की टक्कर से बाइकसवार गंभीर घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। हाइवे पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को क्षेत्र के ग्राम सैयदबाड़ा निवासी 45 वर्षीय शरद मिश्रा बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे स्थित बंथरा ओवरब्रिज पर एक पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलसा

तिलहर - शाहजहांपुर। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को कटरा क्षेत्र के ग्राम आलमपुर निवासी 35 वर्षीय चांदबाबू हाईवे स्थित लकड़ी की ठेकी पर चार्ली पहुंचाने गया था। इस दौरान चार्ली उतारते समय वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसंबर को



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 दिसंबर को किया जाएगा।लोक अदालत में जनपद न्यायालय, सभी राजस्व, चकबन्दी व उपभोक्ता फोरम न्यायालयों में लघु फौजदारी वाद, शमनीय फौजदारी वाद, सिविल वाद, दुकान व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम चालान, धारा-34 पुलिस एक्ट चालान, मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, उत्तराधिकार वाद, चकबन्दी, स्टाम्प, राजस्व, श्रम अधिनियम, दाखिल- खरिज, एआरटीओ चालान, ट्रैफिक चालान, बांट तथा माप चालान, चलचित्र अधिकनयम, नगर पालिका, टाउन एरिया, बैंकिगं, आवकारी एक्ट, जुआ अधिनियम व ऐसे समस्त प्रकार के वाद जोकि सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकते हो। ऐसे विवाद भी जो न्यायालय के समक्ष अभी नही आए है, उनका भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौता के आधार पर लोक अदालत में निस्तारण किया जाएगा। फौजादारी वादों का भी निस्तारण होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह ने बताया कि जो भी व्यक्ति अपने मामले सुलह-समझौते के आधार पर करवाना चाहते हैं, वह सम्बन्धित न्यायालयों,फोरम में प्रार्थना पत्र देकर अपना वाद उक्त लोक अदालत में लगवा सकते हैं।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव व बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर, मिर्जापुर में कन्या जन्मोत्सव और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में सीएचसी पर कन्याओं और उनकी माताओं का सम्मान किया गया। विभाग की ओर से माताओं को 10 बेबी किट, वितरित कर कन्या के जन्म पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम पर विशेष रूप से जागरूक किया गया जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध और सामाजिक बुराई है बाल विवाह से बेटियों की पढ़ाई छूट जाती है स्वास्थ्य खराब होता है और उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है इस अवसर पर जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि कन्या का जन्म बोझ नहीं, बल्कि लक्ष्मी का आगमन है। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए ही यह उत्सव मनाया जा रहा है। विभागीय योजनाओं के विषय में जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्टॉप सेंटर योजना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, डॉ वंदना प्रजापति, सुषमा गौतम, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, महिला कल्याण विभाग की टीम, आशा सहित लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

युवाओं को उनके अधिकारों व रोजगार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा: रामजी अवस्थी

- ददरौल ब्लॉक के ग्राम सफत्यारा में आयोजित हुई युवा बैठक, युवाओं की बात, युवाओं के साथ', शिक्षा, बेरोजगारी और युवा प्रतिनिधित्व के मुद्दों पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आज युवा बैठक युवाओं की बात, युवाओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन ददरौल ब्लॉक के ग्राम सफत्यारा में किया गया। बैठक के संयोजक जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस राम जी अवस्थी एडवोकेट ने युवाओं से संवाद करते हुए शिक्षा, बेरोजगारी, युवा प्रतिनिधित्व और क्षेत्रीय विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। राम जी अवस्थी ने कहा कि आज का युवा अपने लक्ष्य और दिशा से भटकता जा रहा है। आवश्यकता है कि युवाओं को सही दिशा, बेहतर अवसर और अपनी बात रखने का उचित मंच दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि महानगर के इतने नजदीक होने के बावजूद क्षेत्र में आज भी हजारों लोग अंगूठा छाप हैं। यह हमारी शिक्षा व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने ददरौल क्षेत्र में स्थापित बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों और प्रदेशों में पलायन करना पड़ रहा है। यह कैसी विकास व्यवस्था है, जहां फैक्ट्रियां हमारे क्षेत्र में स्थापित हैं, लेकिन रोजगार के अवसर यहां के युवाओं को नहीं मिल रहे। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा तो प्रदूषण और फैक्ट्रियों से होने वाली बीमारियों का खामियाजा भी क्षेत्र की जनता को ही भुगतना पड़ेगा। यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कि प्रदूषण और बीमारियां हमारे हिस्से आएं और रोजगार के अवसर किसी और को मिलें। स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। युवा नेता दीपांश वर्मा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए युवाओं की भागीदारी, एकजुटता और उनके अधिकारों के लिए संगठित प्रयास करने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित युवाओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी युवा जाति, धर्म और आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर अपने भविष्य और अधिकारों की लड़ाई के लिए एकजुट हों। यदि आज युवा एकजुट होकर अपनी आवाज नहीं उठाएंगे तो आने वाले समय में उनकी समस्याएं और बढ़ती जाएंगी तथा उनकी आवाज कमजोर होती जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम जी वर्मा, आकाश पांडेय, अमन शुक्ला, राघव शुक्ला,राम रजिस्टार यादव, मानवेन्द्र कुमार, रवि नंदन, अर्जुन कुमार, आनन्द वर्मा, नीतीश कुमार, शिवम यादव, प्रभात कुमार, राज कुमार, अवनीश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुनाया ध्रुव चरित्र एवं जड़ भरत चरित्र का प्रसंग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



शहर विश्वनाथ मंदिर के सानिध्य में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन परम पूज्य देवी पूजा किशोरी जी ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र एवं जड़ भरत चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। देवी पूजा किशोरी जी ने ध्रुव चरित्र के माध्यम से बताया कि दृढ़ संकल्प, अटूट श्रद्धा और सच्ची भक्ति से भगवान की कृपा प्राप्त की जा सकती है। बालक ध्रुव ने अपनी तपस्या और भक्ति से भगवान श्रीहरि को प्रसन्न कर लिया। वहीं जड़ भरत चरित्र के माध्यम से वैराग्य, आत्मज्ञान और प्रभु भक्ति का महत्व समझाया गया। कथा के दौरान भक्ति प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में भगवान श्रीहरि का गुणगान किया। यह श्रीमद्भागवत कथा 16 से 22 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा व्यास परम पूज्य देवी पूजा किशोरी जी के श्रीमुख से श्रद्धालु भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा में मंजू गुप्ता, रोहित गुप्ता, अनामिका गुप्ता, मोहित, संगीता, रवि, हेमू, शाश्वत, मनोज गर्ग, धीरू खन्ना, वैद प्रकाश गुप्ता, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, सुनील गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, रितिका, रागिनी, रश्मि, एकता, राजुल, ऋचा, पियूष शाह आदि लोग उपस्थित थे।

रोजगार मेला 21 को तिलहर में

शाहजहांपुर। रोजगार मिशन के अन्तर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाए जाने के उद्देश्य स 21 नवम्बर को आईटीआई तहसील रोड तिलहर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र की लगभग 10 से 15 कम्पनियां 1500 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। उक्त मेले में 18 वी से 40 वी के तक के हाईस्कूल, इन्टर स्तानक, स्नातकोत्तर आईटीआई, जीटीआई, बीटेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर कर समस्त वैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे रोजगार मेले प्रतिभाग कर सकते है।

अच्छे राजनीतिक व्यक्ति की पहचान उसके पद से नहीं, उसकी साख से

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आज ऐसे ही व्यक्तित्व से हम आपको रूबरू कराने जा रहे हैं वह हैं। शाहजहांपुर, कांट के ग्राम कुर्रिया कलाँ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व- त्रिवेणी सहाय मिश्र एवं उनके भाई सरपंच स्व- विशुन सहाय मिश्र के परिवार में जन्मे विनीत मिश्र। प्रारंभिक शिक्षा उनके पिता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनय कुमार मिश्र द्वारा स्थापित लोक भारती इंटर कॉलेज, कुर्रिया कलाँ में हुई।बाल्यकाल से ही उन्होंने अपने बाबा और पिता को समाज सेवा के कार्यों में लगे देखा। इससे राजनीति और जनसेवा में उनकी रुचि विकसित हुई। एक समय में उनके पिता कांट ब्लॉक में दिग्गज राष्ट्रीय नेता स्व- जितेन्द्र प्रसाद बाबा साहब के अति करीबी व्यक्तियों में शुमार किए जाते थे। स्व-जितेन्द्र प्रसाद विधान परिषद, लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्य रहे तथा देश के दो-दो प्रधानमंत्रियों के राजनीतिक सलाहकार भी रहे। पिता के साथ उनकी मुलाकातों ने विनीत मिश्र की राजनीति में रुचि और बढ़ा दी। राजनीतिक यात्रा की शुरुआत, वर्ष 1989 में शाहजहांपुर आकर राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश लिया और स्व- जितेन्द्र प्रसाद के आशीर्वाद से छात्र राजनीति से अपनी राजनीतिक शुरुआत की। वे राजकीय इंटर कॉलेज शाखा के एनएसयूआई. अध्यक्ष बने। इसके बाद विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए स्व- मानवेन्द्र सिंह के डीसीसी अध्यक्ष कार्यकाल में जिला संगठन मंत्री,कौशल मिश्र के कार्यकाल में जिला महामंत्री तथा पीसीसी सदस्य रहे। भारत सरकार के रेल मंत्रालय से डीआरयूसीसी के नामित सदस्य और दूरसंचार मंत्रालय द्वारा टीएसी के नामित सदस्य भी रहे।स्व- जितेन्द्र प्रसाद के सानिध्य में राजनीति में कदम रखने के बाद उन्हें उनके जीवनकाल में निरंतर आशीर्वाद प्राप्त रहा।

निष्ठा और सहयोग का सफर: वर्ष 2001 में स्व- जितेन्द्र प्रसाद के निधन के



बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में उनकी धर्मपत्नी कांता प्रसाद के चुनाव में विनीत मिश्र ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं के अति आत्मविश्वास के बावजूद वह चुनाव हार गईं। इसके बाद उनके पुत्र जितिन प्रसाद ने जनपद में सघन जनसंपर्क अभियान शुरू किया। विनीत मिश्र इस अभियान का हिस्सा बने और जितिन प्रसाद के प्रारंभिक राजनीतिक जीवन के साथी रहे।वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में जितिन प्रसाद शाहजहांपुर से सांसद चुने गए। परिसीमन के बाद सीट आरक्षित हो गई, तब उन्होंने नवसृजित धौराहरा सीट से 2009 में बड़े अंतर से जीत हासिल की। जितिन प्रसाद के 2014 में धौराहरा से लोकसभा चुनाव वहां काफी विकास कराने के बाद एक विकसित लोक सभा क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के बाद भी उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। 2014 से 2021तक जितिन प्रसाद के किसी निर्वाचित पद पर न रहते हुए भी विनीत मिश्र पूरी मजबूती से जितिन प्रसाद के साथ खड़े रहे। निष्ठा और बफादारी उनकी एक बड़ी पहचान है। कांग्रेस पार्टी की उपेक्षा के कारण 09 जून 2021 को जितिन प्रसाद ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ मजबूती से खड़े रहने वाले विनीत मिश्र ने भी कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा की सदस्यता गृहण कर ली।

वर्तमान भूमिका: सितंबर 2021 में जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। 2024 में पीलीभीत से सांसद चुने जाने के तक वह निरंतर प्रदेश के कद्दावर कैबिनेट मंत्री रहे। जितिन प्रसाद ने विधान परिषद सदस्य के रूप में उनके नोडल जनपद शाहजहाँपुर में होने वाली बैठकों में अपनी ओर से शासकीय बैठकों में विनीत मिश्र को अपने प्रतिनिधि के रूप में निरंतर भेजते रहे। विनीत मिश्र 2004 से अब तक उनका मीडिया प्रबंधन भी देखते आ रहे हैं। वर्तमान में विनीत मिश्र भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य हैं। इतनी लंबी राजनीतिक यात्रा के बावजूद विनम्रता, सरलता और सभी को यथोचित सम्मान देना,सादगी जहाँ उनकी जीवनशैली का हिस्सा है।वहीं पद से अधिक अपनी विश्वसनीयता और छवि पर जोर देने वाला उनका व्यक्तित्व पारिवारिक संस्कारों का अभिन्न अंग है। इसीलिए मेरा व्यक्तिगत मानना है कि राजनीति में पहचान व्यक्ति के पद से नहीं, उसकी साख से होती है।

सुप्रसिद्ध कार्तिक मेला ढाईघाट आज से शुरू

जिला पंचायत के अफसरों ने मेले की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबंधन और फर्रुखाबाद जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में सुप्रसिद्ध कार्तिक मेला ढाईघाट आज से शुरू हो गया है। जिला पंचायत के अधिकारियों और फर्रुखाबाद जिले की कायमगंज तहसील के एसडीएम ने मेलास्थल पर की जा रही श्रद्धालु सुविधाओं का निरीक्षण किया। मेले का मुख्य पर्व कार्तिक पूर्णिमा 24 नवंबर को है। जिला पंचायत शाहजहांपुर के अपर मुख्य अधिकारी महावीर सिंह यादव, मेलाधिकारी अरुण कुमार भारती, अवर अभियंता संतोष कुमार ने रेत के ढेर पर अस्थाई शहर बसाने के लिए मेले में की जा रहीं श्रद्धालु सुविधाओं का निरीक्षण कर मेलाबाबू रजनीश कुमार,सहायक राजस्व निरीक्षक शंकर शरण गुप्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित गंगास्नान करने के लिए गंगाघाटों पर मजबूत बैरिकेटिंग करवाने, गंगाघाटों पर महिलाओं को स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए स्नानागार,यातायात के लिए पुख्ता अस्थायी सड़कें,स्वच्छ शौचालय बनवाए जाने तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। हालांकि मेले में दुकानदार और गंगा पुरोहित मेला शुरू होने से पहले ही मेले में में पहुंच गए थे। मेले में अभी जिला पंचायत कैम्प कार्यालय,मेला कोतवाली और सदर बाजार में ही बिजली के पोल खड़े किया जा सके हैं। कुछ दुकानदारों ने बताया कि वे कई दिन से अंधेरे में ही सदर बाजार में स्थान आबंटन की उम्मीद में पड़े हुए हैं। एसडीएम कायमगंज (फर्रुखाबाद) अभिषेक वर्मा ने भी शमशाबाद थाना पुलिस के साथ मेले में सुरक्षा की दृष्टि से उचित स्थानों पर कोतवाली के अलावा पुलिस चौकी और फायर ब्रिगेड कैम्प स्थापित किए जाने के लिए स्थान निर्धारित करने के निर्देश दिए। जिससे किसी अनहोनी हो जाने पर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र पुलिस और फायर ब्रिगेड की पहुंच में रहे। शृंगी ऋषि की तपोस्थली ढाईघाट लगने वाले इस विशाल मेले में शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, हरदोई आदि जिलों के हजारों श्रद्धालु पतित पावनी गंगा मैया में स्नान कर पुण्यलाभ अर्जित करने आते हैं। मेले में मनोरंजन के लिए खेल, तमाशे, सर्कस, झूला, जम्पिंग आदि लगाने वाले मेले में पहुंच रहे हैं। यह मेला 27 नवंबर तक चलेगा।

पं. धीरेंद्र शास्त्री की श्रीराम कथा में प्रतापगढ़ कुंडा पहुंचने की अपील की

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कुंडा प्रतापगढ़ में की जा रही श्री राम कथा हनुमान कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करते हुए ठाकुर महासभा के मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी अमित कुमार सिंह तोमर एडवोकेट ने कहा कि बागेश्वर धाम से आए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के विचारों को सुने और आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। प्रतापगढ़ के कुंडा में आयोजित श्री राम कथा में हिस्सा लेने के लिए प्रतापगढ़ कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया जी की अपील का स्वागत करते हुए आम जनता से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतापगढ़ के कुंडा में पहुंचे और प्रभु श्री राम के आदर्शों को सुनकर राम कथा का आनंद लें।

कथा 19 नवंबर तक होगी और 20 तारीख को बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का दरबार लगेगा जिसमें पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से तहसील उपाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह, तहसील संगठन मंत्री अजीत तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष फरीदपुर ओमेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष करत पाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष वीर सिंह बहेड़ी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह बहेड़ी आदि रहे।

खबरें एक नजर में

कोर्ट ने दिया आदेश, रु.18231268 का भुगतान करें

लखीमपुर खीरी। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय ने 17 नवंबर 2026 को पंजाब टेंट हाउस बनाम उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि मामले में महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक की लखीमपुर शाखा में जिला प्रशासन एवं विभिन्न सरकारी विभागों के नाम से संचालित 14 बैंक खातों में से जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी लोकवाणी के दो खातों को छोड़कर शेष खातों को कुर्क करने का आदेश दिया है। मामले में डिक्री की धनराशि ब्याज सहित बढ़कर 1,82,31,268 रुपये हो चुकी है। न्यायालय ने बैंक शाखा प्रबंधक को कुर्क की गई धनराशि का विवरण प्रस्तुत करने और नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 21 नियम 46 के तहत जारी किया गया है।

परशुरामपुरी व बाबूनगर में छाया अंधेरा, खराब स्ट्रीट लाइटों से राहगीर परेशान

जलालाबाद, शाहजहांपुर। क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर इन दिनों रात के समय घना अंधेरा पसरा रहता है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परशुरामपुरी क्षेत्र के अंतर्गत बाबू नगर स्थित शर्मा मेडिकल से लेकर कमल टॉकीज तक के व्यस्त मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थिति यह है कि कई बिजली के खंभों पर लगी लाइटें तकनीकी खराबी के कारण जल नहीं रही हैं, तो वहीं कई खंभे ऐसे भी हैं जिन पर अब तक स्ट्रीट लाइटें लगाई ही नहीं गई हैं। शाम ढलते ही इस पूरे इलाके में अंधेरा छा जाता है, जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने और चोरी जैसी घटनाओं का डर भी स्थानीय नागरिकों को सता रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद जलालाबाद का ध्यान आकर्षित किया है। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका प्रशासन जल्द से जल्द खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत कराए और जिन खंभों पर लाइटें नहीं हैं, वहां नई स्ट्रीट लाइटें लगवाकर आवागमन को सुरक्षित बनाए।

पुवायां इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध व क्विज प्रतियोगिता आयोजित



पुवायां, शाहजहांपुर। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग शाहजहांपुर के तत्वावधान में विधानसभा पुवायां के 100 छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित निबंध और क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां में किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदाता जागरूकता, मतदान के महत्व और लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के नोडल व प्रधानाचार्य जेपी मौर्या और ईएलसी कोआर्डिनेटर डॉ. विनोद कुमार सिंह, गन्ना किसान इंटर कॉलेज पुवायां ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। दोनों प्रतियोगिताओं के 10-10 टॉपर्स को चुना गया। इस कार्यक्रम में महबूब आलम, रामऔतार, भुवनेश सिंह, संजय मिश्रा, राजेश कुमार, मीरा देवी, राम सिंह, दीपक कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए सैकड़ों शिक्षकों ने निकाला जुलूस

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को जनपद शाहजहांपुर में शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं एवं अधिकारों के समाधान की मांग को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन एवं जुलूस निकाला गया। जनपद के समस्त विकास खंडों से आए सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। यहां से सभी शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। शिक्षकों में अपनी लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर भारी उत्साह एवं एकजुटता दिखाई दी। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी की अनिवार्यता से संबंधित समस्याओं का समाधान, शिक्षकों के शोषण पर रोक, पारस्परिक एवं जनपदीय स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतनमान तथा अन्य सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में एक अप्रैल 2005 अथवा उसके बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए नई पेंशन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, माननीय सुप्रीम कोर्ट के टीईटी संबंधी आदेश के प्रभावी अनुपालन तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्रों के सत्यापन के नाम पर अनावश्यक उत्पीड़न रोकने, 10 वर्ष बाद पदोन्नति संबंधी आदेशों का समुचित अनुपालन कराने, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित करने तथा निर्धारित शर्तों के अंतर्गत 30 जून 2027 तक टीईटी उत्तीर्ण करने की छूट के दायरे में पात्र शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ देने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में अंतरजनपदीय स्थानांतरण के बाद जनपदीय स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने, विद्यालयों में सफाईकर्मी एवं चौकीदार की नियुक्ति, 69 हजार भर्ती शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता समाप्त करने, 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले परिषदीय शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान देने, बीएड एवं डीएलएड योग्यताधारी शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी स्पष्ट आदेश जारी करने, अंतर्जनपदीय एवं पारस्परिक स्थानांतरण के आवेदनों का शीतकालीन अवकाश में निस्तारण तथा द्वितीय शनिवार एवं उपार्जित अवकाश प्रदान करने की मांग भी शामिल रही। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र, जिला मंत्री देवेश कुमार बाजपेयी, कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शासन से मांग की कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी 12 सूत्रीय मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र शासनादेश जारी किए जाएं, जिससे प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित सेवाकाल का वातावरण मिल सके।

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कटियाटोला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का ऐसा माहौल बना कि कई भक्तों की आंखें नम हो गईं। वहीं, हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा व्यास साध्वी सत्यप्रिया किशोरी ने शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि पर्वतराज हिमालय की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर माता जगदंबा ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती का हिमालय के घर अवतरण हुआ। बचपन से ही माता पार्वती भगवान भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं और उन्हें पति रूप में पाने की कामना रखती थीं।

कथा व्यास ने बताया कि एक दिन महर्षि नारद पर्वतराज हिमालय के घर पहुंचे और उन्होंने माता पार्वती के विवाह का संयोग भगवान शिव के साथ बताया। विवाह के समय जब भगवान भोलेनाथ नंदी पर सवार होकर भूत-प्रेतों और गणों के साथ अनोखी बारात लेकर पहुंचे तो पर्वतराज और उनके परिजन आश्चर्यचकित रह गए। हालांकि माता पार्वती ने प्रसन्नतापूर्वक भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार किया। शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग पर सजी आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। धार्मिक भजनों की धुन पर भक्त झूमते और नृत्य करते नजर आए। पूरा कथा पंडाल शिवमय हो गया। इस दौरान अवधेश सिंह, सीमा सिंह, दीक्षा सिंह और पारस सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

जल्द ही लूट की घटना का खुलासा कर सकती है पुवायां पुलिस

आधा दर्जन लोगों से की जा रही पूछताछ जनसेवा केंद्र संचालक से हुई थी लूट

पुवायां, शाहजहांपुर। बड़ागांव चौकी क्षेत्र के अनावा चौराहे से कुछ दूरी पर बाग मोड़ के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ सोमवार की शाम पौने छह बजे बदमाशों ने नगदी, लैपटॉप लूट लिया था। जिसके बाद सड़क पर तमंचा लहराते हुए फायरिंग कर भाग गए थे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कई लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। जल्द ही पुलिस घटना का खुलासा कर सकती है। बता दें कि पटई गांव के अवनीश कुमार के पुत्र पवन कुमार की महुआ पाठक गांव में दुकान है। जिसमें वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है। पवन के अनुसार वह प्रतिदिन लगभग लाखों का लेनदेन करता है। सोमवार को पवन कुमार ने ग्राहक सेवा केंद्र पर दिनभर काम किया। इसके बाद शाम लगभग 5 बजकर 40 मिनट पर दुकान से एक बैग में 2 लाख 70 हजार रुपए नगद, एक लैपटॉप, एक मार्फो बायोमेट्रिक मशीन तथा कुछ जरूरी कागज लेकर दुकान से घर जा रहा था। साथ में दुकान पर काम करने वाला साथी रोहित भी था। रास्ते में अनावा चौराहे के आगे मोड़ पर पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। जहां पर लगभग चार बदमाश पहले से ही खड़े थे। बदमाशों के पास डंडे, चाकू और तमंचा थे। जिसके बल पर डरा-धमकाकर 2 लाख 70 हजार रुपयों से भरा बैग, लैपटॉप तथा बायोमेट्रिक मशीन लूट ली थी। परिजनों ने कोतवाली फोन करके पुलिस को जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और अधिकारियों को सूचना दी। लूट की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस से लेकर अधिकारियों तक हड़कंप मच गया था। इधर घटना की जानकारी होते ही भय का माहौल व्याप्त हो गया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद 10 टीमें खुलासा के लिए लगा दी थीं। पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए उठा लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

सीओ सदर ने रोजा क्षेत्र में पुलिस बल के साथ की पैदल गश्त

प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, पुलिस की सक्रियता से आमजन को कराया सुरक्षा का एहसास

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को क्षेत्राधिकारी सदर शुभम वर्मा ने रोजा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मार्गों और विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर ने पुलिस टीम के साथ थाना रोजा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति परखी और पुलिस की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पैदल भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और क्षेत्र में नियमित गश्त जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जाए और कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले मामलों में तत्परता से कार्रवाई की जाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त और भ्रमण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और सुरक्षित वातावरण बनाए रखना है।

विश्व बाल यौन शोषण रोकथाम एवं उपचार दिवस पर बाल मित्र केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



समाधान अभियान संस्था इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से चुप्पी तोड़; अब तो बोल परियोजना चला रही है। इस परियोजना के अंतर्गत 18 नवंबर को बाल मित्र केंद्र, कोतवाली थाना सदर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दिन विश्व स्तर पर बाल यौन शोषण, उत्पीड़न एवं हिंसा की रोकथाम और उपचार हेतु मनाया जाता है। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय रोटी गोदाम के बच्चे उपस्थित रहे और बच्चों को ट्रूथ एंड डेयर गेम भी खिलवाया गया। कार्यक्रम का संदेश था समाज, परिवार और स्कूल सभी मिलकर करें बच्चों की सुरक्षा का संकल्प। बच्चों को बताया गया तुम अकेले नहीं हो, गलती तुम्हारी नहीं थी, हम तुम्हारे साथ हैं। सभी ने मिलकर संकल्प लिया। हर बच्चा सुरक्षित, हर बचपन खुशहाल। बच्चों और अभिभावकों को बाल मित्र केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। केंद्र बाल यौन शोषण से प्रभावित बच्चों को न्याय दिलाने, उन्हें समाज में पुनर्स्थापित करने और उनके भविष्य के विकास में मदद करता है। साथ ही दृष्टि दिव्यांग बच्चों में विशेष मॉडल की मदद से जागरूकता फैलाई जाती है। कार्यक्रम में कोतवाली थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, अन्य पुलिसकर्मी, कंपोजिट विद्यालय रोटी गोदाम के शिक्षक और समाधान अभियान के कॉर्डिनेटर सुभाष सक्सेना उपस्थित रहे।

हाईवे पर अनियंत्रित होकर कार खाई में पलटी, दोनों घायल जिला अस्पताल रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे बरेली से लखनऊ की ओर जा रही टाटा टियागो कार हाईवे स्थित ग्राम कपसेड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार 28 वर्षीय प्रतीक त्रिवेदी और 25 वर्षीय सुमित निवासी मोहल्ला बुराटू, थाना नौबस्ता, कानपुर घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया जहां उनका इलाज जारी है।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला संपन्न, जिले के तीन ब्लॉकों में घर-घर जाकर पिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



फाइलरिया उन्मूलन (आईडीए) अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यशाला में आगामी 19 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले व्यापक स्वास्थ्य अभियान की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके तहत जनपद के चयनित ब्लॉकों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को फाइलरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी।

कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में आयोजित इस मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में जानकारी दी गई कि फाइलरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में एमडीए/आईडीए अभियान आगामी 19 नवंबर 2026 से 07 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 1 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों और सभी पात्र व्यक्तियों को आशा एवं अन्य फ्रंटलाइन वर्करों के माध्यम से घर-घर जाकर उनके सामने फाइलरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए व्यक्तियों को बुधवार, शनिवार व रविवार को मापअप राउंड चलाकर दवा पिलाई जाएगी। यह विशेष अभियान जनपद के 3 मुख्य ब्लॉकों–बेहजम, फूलबेहड़ एवं पसगवां में संचालित किया जाना है। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए 10 दिनों तक जनपद के प्रत्येक घर में दो सदस्यीय 756 टीमें (कुल 1512 डीए, जिसमें 01 पुरुष एवं 01 महिला सदस्य हैं) गृह भ्रमण करेंगी, जिनका 155 पर्यवेक्षकों द्वारा सुपरविजन किया जाएगा। वर्तमान में जनपद की कुल जनसंख्या 48,82,555 है, जिसके सापेक्ष औषधियों का सेवन करने वाले व्यक्तियों की लक्षित संख्या 8,71,813 है। स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 01 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाओं तथा गम्भीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। साथ ही, दवा का सेवन कभी भी खाली पेट नहीं किया जाना चाहिए। यदि अभियान के दौरान कोई व्यक्ति दवा खाने से छूट जाता है, तो संबंधित आशा, जिसके पास घर पर दवा उपलब्ध रहेगी, उसके घर जाकर दवा का सेवन कराएगी। ज्ञात हो कि फाइलरिया (हाथीपांव) क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है, जिसके लक्षणों में पैरों व हाथों में सूजन, काइलेरिया, पुरुषों में हाइड्रोसील, महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन और ट्रॉपिकल स्नोफीलिया शामिल हैं। जिन व्यक्तियों के शरीर में फाइलरिया के परजीवी होते हैं, उन्हें दवा सेवन के उपरांत चक्कर आना, जी मिचलाना, उल्टी आना या हल्का बुखार जैसी समस्या हो सकती है, जो कि पुनः 1-2 घंटे में सामान्य हो जाती है। किसी भी गंभीर समस्या के समाधान हेतु जनपद व ब्लॉक स्तर पर %रिपिड रिस्पान्स टीम% का गठन किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने में आशा, आंगनबाड़ी, वालंटियर के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्य करेंगे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ब्लॉक स्तर पर नोडल होंगे। इसके अलावा, जनपद में डब्ल्यूएचओ, पाथ एवं पीसीआई संस्थाओं की टीमें तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगी। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर भी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद - शाहजहाँपुर

पत्रांकः-954/न0पं0 काँट/2026-27 दिनांकः- 17/11/2026

सूचना

समस्त सम्बन्धित फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट के द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से कुल 32 सिविल कार्यों हेतु कार्यालय पत्रांकः-913/न0पं0काँट/2026-27 दिनाँकः 28/10/2026 के द्वारा निविदायें आमन्त्रित की गयी हैं । उपरोक्त आमन्त्रित समस्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निविदाओं की तिथि निम्नानुसार बढ़ाई जाती हैः-

क्र० सं०	विवरण	तिथि व समय
1	निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि/समय	30-11-2026 को सायं 05:00 बजे तक
2	निविदा आगन्त्रण की तिथि/समय	01-12-2026 को सायं 02:00 बजे तक
3	निविदा खोले जाने की तिथि/समय	02-12-2026 को अपराह्न 02:00 बजे (05 लाख से कम की निविदायें-कार्यालय नगर पंचायत काँट में)
		02-12-2026 को प्रातः 11:00 बजे (05 लाख से अधिक की निविदायें-कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय, शाहजहाँपुर)

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर।

प्रशासक, नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर।


न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

देश में लोकतंत्र को खत्म करने और संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा को तोड़ने की कोशिशों के बीच बार-बार न्यायपालिका की तरफ उम्मीदें भरी नजरों से देखा जा रहा है कि शायद यहां से ऐसे फैसले आएं, जिनसे आम लोगों में उम्मीद बंधे कि भारत का विचार हर हाल में जिंदा रहेगा। लेकिन बीते कुछ दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें देखकर निराशा हो रही है कि क्या भारत के विचार को न्यायपालिका बचा पाएगी। उदार, लोकतांत्रिक, समावेशी, विविधता में एकता इन्हीं विचारों से भारत बना है और सदियों से अपने मूल्यों पर टिका हुआ है। आजादी की लड़ाई में इन मूल्यों के कारण ही स्वाधीनता सेनानियों के हौसले बंधे रहे और शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को अपनी पताका भारत से उतारनी पड़ी। जब संविधान बना तो लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए हरेक नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत रही। लेकिन इस बार जिस तरह से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर किया है, उससे आम नागरिक की वोट देने की ताकत को ही छीना जा रहा है। अब इसी एसआईआर के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं राहुल गांधी समेत अन्य लोगों ने दायर की हैं। सोमवार को इन याचिकाओं में एक अर्जी और जोड़ी गई, जिसमें अदालत से दरख्वास्त की गई कि चुनाव आयोग से 48 सवाल पूछने की अनुमति दी जाए। दरअसल पहले 17 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कथित एकतरफा फैसलों पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जो अब 9 दिसंबर को होगी। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से अनुरोध किया कि विपक्ष के नेताओं की तरफ से सोमवार को दाखिल आवेदन पर नोटिस जारी करे, लेकिन कोर्ट ने इससे मना कर दिया और कहा कि सुनवाई के बाद नोटिस पर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि आवेदन में राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग से जो 48 सवाल पूछे थे, उनमें खास सवाल हैं कि पूरे देश में एसआईआर कराने का फैसला किसने लिया? कितने फैसलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त की राय से दो अन्य चुनाव आयुक्त असहमत थे? फॉर्म 6 को बदलने का फैसला किसने लिया? मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों ने 26 अक्टूबर के जवाबी हलफनामे को कब और कैसे मंजूरी दी किसी बैठक में, फाइल के जरिए, या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से? 19 फरवरी 2025 से 26 अक्टूबर 2026 के बीच, चुनाव आयुक्त संधू और चुनाव आयुक्त जोशी ने कितनी बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराई? अगर शीर्ष अदालत चुनाव आयोग से इन सवालों को पूछने की अनुमति देती तो फिर ज्ञानेश कुमार को जवाब देना ही पड़ता। अभी तो बात टलने से एक तरह से ज्ञानेश कुमार को थोड़ी राहत मिल गई है, इससे भाजपा को भी अपनी रणनीति पर काम करने के लिए मोहलत मिल गई है, मगर एसआईआर के कारण मतदान के अधिकार से वंचित लोगों को न्याय मिलने का वक्त भी बढ़ गया है। अब 9 दिसंबर की सुनवाई में अदालत की तरफ से क्या कहा जाता है, और चुनाव आयोग किस तरह एसआईआर में हो रही अनियमितताओं को सही साबित करेगा, यह देखने का इंतजार रहेगा। इधर एक और अहम फैसला सुप्रीम कोर्ट से 28 अक्टूबर की सुनवाई में आया, जो 2002 के गुजरात दंगों में बिलकिस बानो के साथ हुए सामूहिक बलात्कार से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो केस में दो दोषियों की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें जमानत दे दी है। बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोढ़िया बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। दोनों ने जमानत की अपील की थी। जिस पर न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने अपील पर सुनवाई करते हुए गौर किया कि बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोढ़िया 17 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अक्तूबर के अपने आदेश में कहा कि एक अपीलकर्ता गंभीर रूप से दिव्यांग है। पीठ ने अपील से जुड़े मुद्दों को देखते हुए सजा पर रोक लगाते हुए अपीलकर्ताओं को जमानत दे दी। जमानत की शर्तें संबंधित निचली अदालत तय करेगी। 17 साल से जेल में होने या दिव्यांग होने की तकलीफ अदालत को दिखी, लेकिन बिलकिस बानो ने अपने अजन्मे बच्चे को खोया, एक साथ सात परिजनों की हत्या देखी और इसके साथ सामूहिक बलात्कार की अस पीड़ा सही, इस अकथनीय अत्याचार को शायद नहीं देखा। बिलकिस की ये पीड़ा यहीं तक नहीं थी, इससे पहले उनके दोषियों को 2002 में समय से पहले रिहाई भी दी गई थी, जिस पर फिर कानूनी लड़ाई लड़ी गई और आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में गुजरात सरकार के इस फैसले को रद्द किया था। अब एक बार फिर बिलकिस के साथ वही घिनौना खेल हुआ है। इस बार के अदालत के फैसले पर घोर निराशा जताते हुए बिलकिस बानो ने कहा, श्आज मुझे लग रहा है कि जिस न्याय को पाने के लिए मैंने इतनी लंबी लड़ाई लड़ी, उसे फिर खो रही हूं। पुराने डर दोबारा सामने आने लगे हैं। मैं एक बार फिर डरी हुई हूं। मुझे अपनी और अपने बच्चों की चिंता सता रही है। इस बात का भी डर है कि कहीं मेरा न्याय व्यवस्था से भरोसा फिर न उठ जाए। बिलकिस बानो ने सवाल उठाया कि दोषियों को राहत देने से पहले कोर्ट ने उन्हें अपनी बात रखने का मौका क्यों नहीं दिया। अदालत बिलकिस के बयान पर कोई संज्ञान लेती है या नहीं, अथवा उन्हें अन्याय का दंश सहने पर मजबूर किया जाएगा, यह देखना होगा। अदालत से जुड़ा एक तीसरा प्रकरण सोमवार 16 नवंबर का है। जब प्रवीण सिंघल नाम के एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश की ईमानदारी पर ही सवाल उठा दिए। दरअसल यह वकील अपने किसी मामले की तत्काल सुनवाई न होने और उस पर कोई जवाब न मिलने से नाराज था। वकील ने अदालत में कहा, यह मामला 2 नवंबर को जस्टिस सूर्यकांत के कार्यालय में दिया गया था। 15 दिन बाद भी उन्होंने मुझे जवाब नहीं दिया।

सोनिया गांधी का संस्मरण बिलॉन्गिंग एजर्नी ऑफ लव एक बेहतरीन निजी कहानी



कल्याणी शंकर



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के इर्द-गिर्द आखिर क्या रहस्य है? वह 1968 में एक युवा दुल्हन के रूप में भारत आई, और सार्वजनिक जीवन में इतने साल बिताने के बाद भी, बहुत कम लोग ही उन्हें ठीक से जानते हैं। वह अपनी निजी जिंदगी को काफी हद तक निजी ही रखती हैं, जिससे उनकी पसंद, भारत के लिए उनकी दृष्टि और विभिन्न मुद्दों पर उनकी राय को लेकर कई सवाल अनसुलझे रह जाते हैं। कुछ लोग उन्हें एक पहेली मानते हैं, तो कुछ उन्हें घमंडी समझते हैं या फिर श्ओर्बासानो की सिंड्रेला कहते हैं। लोगों की राय चाहे जो भी हो, वह एक असाधारण महिला साबित हुई हैं। भारत में अपने दो बच्चों की परवरिश करने में उनके प्रयासों को काफी श्रेय दिया जाता है। सोनिया गांधी की राजनीतिक मौजूदगी और उनकी निजी कहानी लोगों का ध्यान खींचती है। अमेरिकी दूतावास के एक टेलीग्राम में उनके व्यक्तित्व के उस अनोखे मिश्रण का जिक्र था, जिसमें एक तरफ भारतीय संस्कार थे, तो दूसरी तरफ उनकी मूल इतालवी पहचान झलकती थी।

यह उनके सौम्य और निजी स्वभाव को दर्शाता है। उनकी हालिया किताब, बिलॉन्गिंगरू ए जर्नी ऑफ लव्य (अपनापन रू मोहब्बत का एक सफर)एक विवाद के बाद प्रकाशित हुई। पहले इसे पेंगुइन पब्लिशर्स ने लेने से मना कर दिया था, जिसके बाद हार्परकॉलिन्स ने इसे प्रकाशित किया। यह किताब आत्मकथा और राजनीतिक टिप्पणी का एक मिला-जुला रूप है। इसमें इटली में एक युवा लड़की के रूप में उनके जीवन और बाद में गांधी परिवार के साथ बिताए गए समय की झलक मिलती है। यह किताब चुनिंदा बातों पर ईमानदारी से बात करती है। इसमें उनकी गोतनी मेनका गांधी के परिवार से दूर होने, संजय गांधी, इंदिरा गांधी, नरेंद्र मोदी, आरएसएस और विभिन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर उनके विचारों को शामिल किया गया है। सोनिया कहती हैं, कई मायनों में, यह किताब उनकी इंसानियत को एक श्रद्धांजलि है। मेरी कहानी पाठकों को एक अनोखा नजरिया भी देती है। वह बताती हैं कि कैसे उन्होंने उस खूबसूरत देश में, जिसे वह अपना मानती हैं, छह दशकों तक सामाजिक और राजनीतिक बदलावों को करीब से देखा है। 10 नवंबर को जारी 544 पन्नों का यह संस्मरण, युद्ध के बाद के इटली और कैम्ब्रिज में बिताए गए समय से लेकर भारतीय राजनीति तक सोनिया गांधी के सफर को बयां करता है। यह 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री का पद संभालने को लेकर राजीव की शुरुआती हिचकिचाहट को उजागर करता है। 1946 में इटली के मिलन में एक साधारण परिवार में जन्मीं सोनिया का शुरुआती जीवन उम्मीदों और महत्वाकांक्षाओं से भरा था, जो बाद में उनके सामने आई राजनीतिक उथल-पुथल से बिल्कुल अलग था। उन्होंने बताया, श्दिल टूटने और अपनों को खोने के दुख ने ही मुझे राजनीति के सार्वजनिक क्षेत्र में ला खड़ा किया। उस समय तक, मैंने अपनी निजता (प्राइवेसी) को बहुत सख्ती से बचाकर रखा था। उनकी कहानी उनके बचपन से शुरू होती है, जिसमें बताया गया है कि कैसे उनके पालन-पोषण ने उनमें काम के प्रति एक मजबूत निष्ठा पैदा की। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुईकृएक ऐसी मुलाकात जिसने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। यह किताब एक विदेशी देश की एक युवा लड़की से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टियों में से एक की नेता बनने तक के उनके सफर को दर्शाती है। 1968 में राजीव के साथ सोनिया की शादी से भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश हुआ। उनकी कहानी में इस बात का जिक्र है कि शुरुआत में वह कितनी हिचकिचा रही थीं और उन्हें सांस्कृतिक अंतर के कारण किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह इंदिरा गांधी के घर के जीवन और भारतीय पारिवारिक माहौल में ढलने के अपने प्रयासों को याद करती हैं, जिसमें तीखा खाना खाना सीखना भी शामिल था। वे कुछ खास व्यंजनों का जिक्र करती हैं, जैसे कूर्ग की एवोकाडोकरी और कई तरह की तीखी सब्जियां। 1991 में राजीव की हत्या उनके जीवन का एक बड़ा मोड़ साबित हुई। उनकी अचानक मौत ने सोनिया को सार्वजनिक जीवन के केंद्र में ला दिया और उन्हें अपने डर का सामना करने के लिए मजबूर किया। वह बताती हैं कि राजीव उनके लिए श्एक ऐसी मौजूदगी बन गए जो हमेशा उनके भीतर रहती है, न कि कोई ऐसी कमी जो हमेशा चुभती रहे।य जब दलाई लामा ने उनसे पूछा कि क्या वे अपने पति के हत्यारों के प्रति बदले की भावना रखती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, श्नहीं, बिल्कुल नहीं। यह किताब उनके गहरे दुख और उस साहस को दिखाती है, जिसकी बदौलत वह अपने, अपने बच्चों और अपनी पार्टी के लिए आगे बढ़ने में सफल रहीं। उन्होंने अपने दुख को ताकत में बदल दिया और एक नेता के रूप में उभरीं। सोनिया को कई सवालों के जवाब श्भगवद गीता में मिले। हालांकि वह वयस्क होने पर बहुत धार्मिक नहीं थीं, फिर भी 1997 में उन्होंने इस ग्रंथ को पढ़ने के लिए एक संस्कृत विद्वान से निजी तौर पर शिक्षा ली। गीता का यह संदेश कि श्बिना किसी मोह के अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, उनके दिल को छू गया और इससे उन्हें अपने भीतर के द्वंद्वों को सुलझाने में मदद मिली। उनकी कहानी का एक मुख्य विषय यह है कि नेतृत्व में साहस (लचीलापन) और सहानुभूति कितनी महत्वपूर्ण होती है। विभिन्न समुदायों के साथ सोनिया के प्रत्यक्ष अनुभव उनके शासन-दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। वह जमीनी राजनीति के प्रति प्रतिबद्ध हैं, और ऐसी कई कहानियां हैं जो आम लोगों के साथ उनके जुड़ाव को दिखाती हैं। यह किताब भारतीय राजनीति की जटिलताओं का बारीकी से विश्लेषण करती है, जहां गठबंधन और प्रतिद्वंद्विताएं लगातार बदलती रहती हैं। सोनिया ने व्यावहारिकता और आदर्शवाद के साथ इन चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री का पद क्यों ठुकराया, या अपने दोनों बच्चों को राजनीति में क्यों शामिल किया। कांग्रेस पार्टी के इतिहास और भविष्य पर अपने विचारों के जरिए, सोनिया समकालीन मुद्दों का एक सामयिक राजनीतिक विश्लेषण पेश करती हैं। हालांकि, भोपाल गैस त्रासदी और वॉरेन एंडरसन के भाग निकलने के मामले पर वह चुप रहती हैं। वह शाह बानो मामले पर चर्चा करती हैं और बताती हैं कि कैसे राजीव ने मुस्लिम पर्सनल लॉ को चुनौती दिए बिना, शाह बानो और उनके जैसी अन्य महिलाओं की मदद करने की कोशिश की थी। सोनिया ओत्तावियोक्वात्रोची का जिक्र करने से भी बचती हैं और अपना ध्यान उन रिश्वत के आरोपों पर केंद्रित रखती हैं जिसमें राजीव गांधी को आरोपी बनाया गया था और जिसे 2004 के दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया गया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि बोफोर्स आज भी राजनीतिक विरोध का एक जरिया बना हुआ है। सोनिया भारतीय राजनीति के बदलते परिदृश्य पर जोर देती हैं। उनकी कहानी न केवल उनके निजी अनुभवों के बारे में है, बल्कि यह भारत के व्यापक राजनीतिक परिदृश्य को भी दर्शाती है, जिसमें चुनौतियों के बीच सार्थक योगदान देने का उनका दृढ़ संकल्प झलकता है। बिलॉन्गिंग के जरिए, सोनिया गांधी ने अपने जीवन की एक झलक पेश की है। उन्होंने अपने संघर्षों, अपनी जीतों और उन मूल्यों को साझा किया है जिन्होंने उनके सफर में उनका मार्गदर्शन किया है। यह आधुनिक भारतीय राजनीति के वृत्तांत में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

अमेरिका और भारत में बच्चों की परवरिश, सबक और संवेदनाएं

अरुण कुमार डनायक



आज के वैश्वीकृत संसार में बच्चों की परवरिश केवल पारिवारिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और नीतिगत चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व बाल दिवस (20 नवम्बर) के अवसर पर अमेरिका और भारत की परवरिश-पद्धतियों को देखना उपयोगी है, यह तय करने के लिए नहीं कि कौन श्रेष्ठ है, बल्कि यह समझने के लिए कि हम एक-दूसरे से क्या सीख सकते हैं। संसाधनों से भरपूर अमेरिका में भी पालन-पोषण तनावपूर्ण और संवेदनशील माना जाता है। अमेरिकी समाज मुख्यतरू एकल परिवारों पर आधारित है। माता-पिता के पूर्णकालिक कार्यरत होने, लंबी दूरी की दिनचर्या और समय-साध्य आवागमन के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और भावनात्मक उपस्थिति देना आसान नहीं होता। महंगी चाइल्डकेयर और सीमित पारिवारिक अवकाश इस दबाव को और बढ़ाते हैं। अनेक अभिभावक मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझते हैं, और परामर्श या थेरेपी की सहायता लेना वहां अब सामान्य माना जाने लगा है। पालन-पोषण पर कानूनी और सामाजिक जवाबदेही के कारण माता-पिता निर्णयों में अधिक सतर्क रहते हैं। इन कठिनाइयों के बावजूद अमेरिकी परवरिश की कुछ बातें ध्यान खींचती हैं।

वहां बच्चों को डराकर नहीं, बल्कि समझाकर जिम्मेदारी सिखाने पर जोर दिया जाता है। माता-पिता चाहते हैं कि बच्चे आत्मनिर्भर हों, अपनी राय व्यक्त कर सकें, असफलता से सीखना जानें और मानसिक रूप से संतुलित रहें, साथ ही उनमें दयालुता, परोपकार और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो। उनका उद्देश्य आज्ञाकारी बच्चे नहीं, बल्कि जिम्मेदार वयस्क गढ़ना है। एक और उल्लेखनीय विशेषता पिता की सक्रिय भागीदारी है, जो बच्चों में समानता, सहयोग और साझेदारी की समझ विकसित करती है। वहां आजकल संवादपरक एवं मर्यादित (ऑथोरिटेटिव) तथा करुणा-आधारित एवं अहिंसक (जेंटल) पेरेंटिंग शैलियां लोकप्रिय हैं, जिनमें नियम स्पष्ट होते हैं, किंतु संवाद और सम्मान के साथ। इसके विपरीत, हर समय बच्चे की निगरानी और अति-हस्तक्षेप वाली हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग्य की आलोचना होती है, क्योंकि वह बच्चे की आत्मनिर्भरता को कमजोर करती है। बाल-मनोविज्ञान के अनेक विशेषज्ञ अब अत्यधिक व्यस्तता, दिखावे और अनियंत्रित तकनीक से हटकर सहानुभूति-आधारित सीमाओं, धीमे बचपन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता की वकालत करते हैं। अमेरिका के अनेक सार्वजनिक प्री-स्कूलों की शैक्षणिक सामग्री के अनुसार वहां प्रारंभिक शिक्षा को केवल अक्षर-ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाता। गीत-संगीत, कहानी-आधारित खेल, हल्का व्यायाम और सुरक्षित डिजिटल उपयोग के साथ बिल्डिंग यूनिट्य जैसी अनुभव-आधारित गतिविधियां बच्चों को घर, समुदाय और दैनिक जीवन से जोड़ती हैं और अभिभावकों को शिक्षा-प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाती हैं। पब्लिक स्कूल प्रणाली में पते के आधार पर प्रवेश, डिजिटल नामांकन और अभिभावक-शिक्षक संवाद को महत्व दिया जाता है। शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता, रुचियां और संपर्क विवरण अभिभावकों से साझा किए जाते हैं, जो यह संदेश देते हैं कि शिक्षा संबंधों पर आधारित है, डर या दूरी पर नहीं। स्कूल में भोजन को केवल पोषण नहीं, बल्कि समान अवसर और बाल अधिकार के रूप में देखा जाता है, पात्र परिवारों के बच्चों को, और कुछ राज्यों में सभी को, निरूशुल्क भोजन मिलता है। यह इस मान्यता पर आधारित है कि भूखा बच्चा सीख नहीं सकता। भारत में परंपरागत रूप से बच्चों की परवरिश सामूहिक जिम्मेदारी रही है। माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य परिवारजन सभी किसी न किसी रूप में शामिल रहते हैं। यह साझा देखभाल बच्चे को भावनात्मक सुरक्षा, अपनत्व और सामाजिक जुड़ाव देती है, जो हमारी बहुत बड़ी ताकत है। यहां बड़ों का आदर, उनकी बात मानना और चरणस्पर्श जैसे व्यवहार श्अच्छे संस्कार्य माने जाते रहे हैं, और अनुशासन को आत्म-नियंत्रण के साथ-साथ सामाजिक मर्यादा के रूप में भी देखा जाता है। किंतु इसका दूसरा पक्ष यह है कि तुलना और अपेक्षाओं का बोझ अक्सर बच्चों पर भारी पड़ता है। अमेरिकी समाज बच्चों की व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को केंद्र में रखने का प्रयास करता है, यद्यपि व्यवहार में यह लाभ वहां भी सभी बच्चों को समान रूप से नहीं मिल पाता। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति दृष्टिकोण में अंतर सबसे स्पष्ट दिखता है। अमेरिकी स्कूलों में सामान्यतरू काउंसलर, साइकोलॉजिस्ट और विशेष शिक्षा विशेषज्ञों की व्यवस्था अपेक्षित है, हालांकि उनकी कमी की शिकायतें भी सुनाई देती हैं। डिस्लेक्सिया, ऑटिज्म, ध्यान-अभाव एवं अति-सक्रियता विकार जैसी स्थितियों को अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि विकास की भिन्नता माना जाता है, और श्व्यक्तिगत शिक्षा योजनाय के अंतर्गत स्कूल बच्चे की क्षमताओं और चुनौतियों के अनुसार शैक्षिक सहायता, शिक्षण-पद्धति और मूल्यांकन तय करता है। अमेरिकी कानून बच्चों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा करते हैं। ये कानून माता-पिता को दंडित करने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों की भलाई के लिए बनाए गए हैं। भारत में भी शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, पॉक्सो अधिनियम, मध्यान्ह भोजन के लिए पी एम पोषण योजना और समग्र शिक्षा जैसे प्रावधान मौजूद हैं। कमी कानून की नहीं, बल्कि क्रियान्वयन, प्रशिक्षित शिक्षकों, संसाधनों और जागरूकता की है। इसी कारण अनेक कक्षाओं में ऐसे बच्चों को अब भी श्कमजोर्य या शरारतीय मानकर सामान्य ढांचे में ढालने की कोशिश की जाती है। यानी जहां अमेरिका की व्यवस्था बच्चे के अनुसार ढलने का प्रयास करती है, वहीं हमारे यहां कई बार बच्चे को ही व्यवस्था के अनुरूप ढलना पड़ता है। अमेरिकी व्यवस्था भी दोषमुक्त नहीं है। तकनीक पर स्पष्ट नियमों के बावजूद वहां बच्चे स्क्रीन-निर्भरता से जूझते हैं, किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं चिंता का विषय हैं, और स्कूलों में हिंसा तथा बाल गरीबी जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। यह दिखाता है कि केवल नियमों और संस्थाओं से नहीं, बल्कि संवाद और समय-साझेदारी से ही परवरिश प्रभावी होती है। वहां वरिष्ठ अभिभावक परिवार के केंद्र में नहीं होते, पर दूर रहते हुए भी नाती-पोतों को भावनात्मक और नैतिक समर्थन देते हैं। हस्तक्षेप कम और समर्थन अधिक देने की यह शैली भारतीय परिवारों में पीढ़ियों के बीच टकराव कम करने में सहायक हो सकती है। इस प्रकार दोनों देशों का अंतर केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि पेरेंटिंग की सोच में निहित है। अमेरिका में राज्य, स्कूल और अभिभावक मिलकर बच्चे के विकास की जिम्मेदारी साझा करने का प्रयास करते हैंय वहीं भारत में संस्थागत व्यवस्थाएं विकसित होने के बावजूद माता-पिता और वरिष्ठ अभिभावकों की भूमिका अत्यंत निर्णायक बनी हुई है। भारत को अमेरिकी परवरिश की प्रतिलिपि नहीं बनानी चाहिए, बल्कि अपनी पारिवारिक और सामुदायिक शक्ति को बनाए रखते हुए खुले, आत्मविश्वासी और आत्मालोचनात्मक दृष्टिकोण से यह सीखना चाहिए कि बच्चों की भावनाएं, स्वतंत्रता और संवाद ही विकास की बुनियाद हैं। बच्चों के बीच तुलना और उन पर अनावश्यक दबाव से बचना चाहिए। समझ, सहभागिता और सीमित स्वतंत्रता से घर सचमुच पहली पाठशाला बनता है, जहां से आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक निकलते हैं। बच्चों के विकास के प्रति यह संवेदनशील सोच अभी हमारी सामाजिक मानसिकता और जमीनी क्रियान्वयन में पूरी तरह नहीं उतर पाई है,यही भारत की सबसे बड़ी चुनौती है।

इस्लाम और मध्य-पूर्व या पश्चिमी फैंटेसी सिनेमा की किसी अजनबी दुनिया का नैरेटिव स्थापित करती रामायण पार्ट 1

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नितेश तिवारी निर्देशित और नमित मल्होत्रा निर्मित रामायण पार्ट 1 कई हजार करोड़ रुपये के बजट, आधुनिक तकनीक और भव्य दृश्य प्रभावों के कारण भारतीय सिनेमा की बड़ी वैश्विक प्रस्तुति के रूप में प्रचारित हुई। नवंबर 2026 में प्रदर्शित इस फिल्म ने अपने कथानक, पात्र-चित्रण, संगीत और वैचारिक दृष्टिकोण को लेकर गंभीर विमर्श खड़ा किया है। मूल प्रश्न यह है कि क्या तकनीकी भव्यता के बीच भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन जीवन-दर्शन और महर्षि वाल्मीकि के रामायण आख्यान की आत्मा सुरक्षित रह सकी है? रामायण भारतीय समाज के लिए महज राजपरिवार का संघर्ष अथवा दो राजाओं के बीच युद्ध की कथा नहीं है। यह धर्म, मर्यादा, त्याग और आदर्श जीवन-मूल्यों का महाकाव्य है। वैश्विक दर्शकों के लिए इसका रूपांतरण करते समय रचनात्मक स्वतंत्रता स्वाभाविक है, पर मूल कथा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बनाए रखना भी आवश्यक है। फिल्म में पश्चिमी फैंटेसी और एक्शन सिनेमा के प्रभाव वाले प्रयोग कई बार दर्शकों को भारतीय आध्यात्मिक परिवेश के बजाय मध्य-पूर्वी और पश्चिमी कल्पनालोक में ले जाते हैं। शास्त्र बनाम पटकथा- कथानक के मूल स्वरूप से विचलन फिल्म की शुरुआत वाल्मीकि रामायण के बालकांड और श्रीराम के अवतरण के उद्देश्य के बजाय लंका तथा रावण के उदय से होती है। इससे कथा का नैतिक केंद्र बदल जाता है। महर्षि वाल्मीकि ने नारद से आदर्श पुरुष के गुणों के विषय में प्रश्न करके रामकथा का आरंभ किया था। इसके विपरीत फिल्म रावण को शोषित असुर समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले विद्रोही के रूप में प्रस्तुत करती है। इससे धर्म की स्थापना के लिए श्रीराम के अवतरण का मूल उद्देश्य अपेक्षित प्रभाव खोता दिखाई देता है।

अयोध्या के राजपरिवार का भावनात्मक पक्ष भी सीमित है। दशरथ और राम के संबंधों के मुकाबले कौशल्या, सुमित्रा, भरत, लक्ष्मण और उर्मिला के त्याग तथा पारिवारिक संबंधों को पर्याप्त स्थान नहीं मिला। वनवास के प्रसंग में यही भावनात्मक गहराई रामायण की विशिष्ट पहचान है। रावण का महिमामंडन और पाश्चात्य एंटी-हीरो दृष्टिकोण यश द्वारा निभाए गए रावण का चरित्र-चित्रण फिल्म का सबसे विवादास्पद पक्ष है। आधुनिक हॉलीवुड फिल्मों में खलनायक को उसकी पीड़ा और सामाजिक संघर्ष से जोड़कर एंटी-हीरो बनाने की प्रवृत्ति है। फिल्म में रावण को भी असुरों के अधिकारों के लिए लड़ने वाला प्रगतिशील और उदार शासक दिखाया गया है।वाल्मीकि रामायण में रावण की विद्वत्ता और शिवभक्ति के साथ उसका अहंकार, कामवासना और अधर्म भी स्पष्ट हैं। सबसे बड़ा बदलाव सीता हरण में दिखाई देता है। मूल आख्यान में अकंपन की सलाह और शूर्पणखा द्वारा सीता के सौंदर्य का वर्णन रावण के अपहरण की पृष्ठभूमि बनते हैं। वह छलपूर्वक सीता का हरण करता है। फिल्म इस घटना को बहन शूर्पणखा के अपमान का बदला लेने से जोड़ती है। इससे रावण के अपराध का नैतिक संदर्भ बदल जाता है। अभिनेता नीतीश भारद्वाज ने भी इस चित्रण पर आपत्ति जताते हुए सवाल उठाया है कि यदि रावण को ही उदार और न्यायप्रिय नेता बना दिया जाए तो श्रीराम के अवतार और रावण वध का नैतिक औचित्य कैसे स्थापित होगा? उसके दस सिरों को पौराणिक प्रतीक के बजाय मानसिक द्वंद्व बताना भी भारतीय प्रतीकवाद का सरलीकरण है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और माता सीता के स्वरूप का अवमूल्यन रणबीर कपूर के श्रीराम में अपेक्षित आध्यात्मिक तेज और क्षत्रिय ओज सीमित दिखाई देता है, इतना सीमित की वे शौर्य और पराक्रम से दूर एक चाकलेटी हीरो नजर आ रहे हैं। श्रीराम राजसिंहासन मिलने पर अहंकार और वनवास मिलने पर विषाद से प्रभावित हुए बिना धर्म के लिए राजपाट त्याग देते हैं। फिल्म में सौम्यता दिखाने के प्रयास में उनकी संवाद अदायगी कई स्थानों पर धीमी और भावहीन प्रतीत होती है। रावण के प्रभावशाली चित्रण के सामने मुख्य नायक का व्यक्तित्व भी कमजोर पड़ता है। भारतीय नाट्य परंपरा यही कहती है कि आप खलनायक, बदमाश या दुर्जन (विलेन) को कितना भी चमत्कारपूर्ण दिखाएं, किंतु नायक से वह कभी श्रेष्ठ नहीं हो सकता है, फिर यह तो भगवान श्रीराम का चरित्र है। माता सीता (साई पल्लवी) को तलवार चलाने वाली आधुनिक योद्धा राजकुमारी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। निर्देशक ने इसके समर्थन में अद्भुत रामायण और ओड़िया बिलांका रामायण का संदर्भ दिया है, किंतु फिल्म को वाल्मीकि रामायण पर आधारित बताकर अलग-अलग परंपराओं के प्रसंगों को मिलाना शास्त्रीय संदर्भों को कमजोर करता है। अद्भुत रामायण में सहस्त्रमुखी रावण के साथ सीता का युद्ध विशिष्ट शाक्त परंपरा से जुड़ा है। मूल रामकथा में सीता का चरित्र धैर्य, त्याग, करुणा और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। विवाह से पूर्व आधुनिक प्रेम कहानी जैसी मुलाकात और पारंपरिक संबोधनों के स्थान पर सीधे नाम लेकर पुकारने जैसे प्रयोग भी सांस्कृतिक मर्यादा पर सवाल उठाते हैं। संगीत, ध्वनि और सौंदर्यशास्त्र में इस्लामिक-सूफी प्रभाव भारतीय दर्शन में नाद ब्रह्म की अवधारणा ध्वनि को आध्यात्मिक अनुभूति का माध्यम मानती है। रामायण जैसे महाकाव्य में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, वीणा, मृदंग और भारतीय शास्त्रीय रागों की स्वाभाविक उपस्थिति अपेक्षित है। ए.आर. रहमान और हंस जिमर की भागीदारी के बावजूद फिल्म का संगीत सांस्कृतिक असंगति को लेकर चर्चा में है। विशेष रूप से विवाह गीत मंगल रंग में सूफी और कव्वाली शैली के प्रभाव पर आपत्ति हुई है। इसकी धुन की तुलना रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार के गीत कुन फाया कुन से भी की गई है। प्रश्न किसी संगीत शैली के विरोध का नहीं, उसके सांस्कृतिक औचित्य का है। त्रेतायुग की अयोध्या और जनकपुरी के विवाह उत्सवों में मध्यकालीन सूफी संगीत की ध्वनि-संरचना का प्रयोग कालदोष पैदा करता है। वैदिक मंगलाचरण और अवधी-मिथिला लोकधुनों के स्थान पर सूफी संगीत तथा पश्चिमी सिंफनी का प्रभाव कथा के सांस्कृतिक परिवेश को बदल देता है। हल्दी की रस्म में राम और सीता को आमने-सामने दिखाना भी पारंपरिक विवाह संस्कारों की मर्यादा से मेल नहीं खाता।

एकेश्वरवादी बनाम सनातन कथा-दृष्टि- नैरेटिव का वैचारिक संक्रमण फिल्म में कुबेर और देवताओं को शोषक सत्ता तथा रावण को असुरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला विद्रोही दिखाया गया है। जबकि वाल्मीकि रामायण में कुबेर धर्मपाल और धनाध्यक्ष हैं तथा रावण ने उनसे अधर्मपूर्वक लंका और पुष्पक विमान छीना था। इस प्रसंग को अधिकारों की पुनर्प्राप्ति का रूप देने से मूल कथा का नैतिक अर्थ बदलता है। श्रीराम के परब्रह्म अवतार और उनकी लीलाओं के आध्यात्मिक पक्ष की जगह मानवीय संघर्ष को अधिक महत्व मिलता है। लंका की वास्तुकला भी दिव्य स्वर्णनगरी के बजाय अंधकारमय गोथिक और मध्य-पूर्वी किले जैसी दिखाई देती है। राक्षसों की आकृतियों में पश्चिमी फैंटेसी फिल्मों की छाया है। राजकुमारों और ऋषियों की वेशभूषा में भी पारंपरिक तिलक, यज्ञोपवीत और पीतांबर का अपेक्षित प्रभ

खबरें एक नजर में

नाली के विवाद में घर में घुसकर युवक का सिर फोड़ा

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के बांकी गांव में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने घर में घुसकर युवक पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में युवक का सिर फट गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी अर्चना तिवारी ने पुलिस को बताया कि 16 नवंबर की शाम करीब चार बजे पड़ोसी राकेश, उसका पुत्र प्रांशु और पत्नी सरोज नाली के पानी को लेकर गाली-गलौज कर रहे थे। इसकी जानकारी उनकी पुत्री ने खेत में काम कर रहे भाई सचिन को दी। सचिन घर पहुंचा और पड़ोसियों को गाली देने से मना किया। इससे नाराज होकर तीनों घर में घुस आए और लाठी से सचिन के सिर पर वार कर दिया। हमले में वह बेहोश होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घर के बाहर बैठी महिला से मारपीट, तीन लोगों पर मुकदमा

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के धुंधपुर गांव में घर के बाहर बैठी महिला के साथ तीन लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पति की तहरीर पर तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी रामप्रसाद निषाद ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे उसकी पत्नी माया निषाद घर के बाहर बैठी थीं। तभी बांदा जनपद के मटौंध थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी केके उर्फ कोली निषाद, रामचरण निषाद और सरवन निषाद वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर नाम जुड़वाने की अपील

मौदहा। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को तहसील परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम कर्णवीर सिंह और सीओ राजकुमार पाण्डेय ने रैली की अगुवाई कर लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। रैली तहसील परिसर से शुरू होकर कोतवाली पहुंची। इसमें रहमानिया इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि 16 दिसंबर तक पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा 21, 22, 28 और 29 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, गलत प्रविष्टियों में सुधार और मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। तहसील परिसर में मतदाता पंजीकरण केंद्र के पास हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। यहां मतदाता सूची में नाम देखने के साथ बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर भी प्राप्त किया जा सकता है। रैली में प्रधानाचार्या डॉ. रजिया सुल्तान सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

झांसी। आगामी पल्स पोलियो एसएनआईडी अभियान 22 नवंबर से शुरू होगा। अभियान के सफल संचालन एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला टास्कफोर्स की बैठक 19 नवंबर को दोपहर 2 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में होगी।

जिले में 19 से 25 नवंबर तक मनाया जाएगा कौमी एकता सप्ताह

झांसी। शासन के निर्देश पर जनपद में 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि इस दौरान सभी सरकारी कार्यालयों, विभागों, तहसीलों और विकास खंडों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को राष्ट्रीय अखंडता दिवस, 20 को अल्पसंख्यक कल्याण दिवस, 21 को भाषाई सद्भावना दिवस, 22 को कमजोर वर्ग दिवस, 23 को सांस्कृतिक एकता दिवस, 24 को महिला दिवस और 25 नवंबर को संरक्षण दिवस मनाया जाएगा। इन अवसरों पर गोष्ठियां, रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। 19 नवंबर को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर शाम 4 बजे विकास भवन सभागार में समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं, 25 नवंबर को दोपहर 12 बजे जिला एकीकरण समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगोष्ठी के साथ कौमी एकता सप्ताह का समापन होगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नरैनी। शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी बाजार निवासी राहुल (35) पुत्र लक्ष्मी प्रसाद सोनी मंगलवार की रात अपने दोस्त शैलेंद्र सेन (27) पुत्र वीरू सेन के साथ सोने-चांदी के बने जेवर देने यहां आया था। देर रात बाइक से घर लौट रहा था। पनगरा गांव के पास सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएससी में भर्ती कराया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई राजेंद्र सोनी ने बताया कि राहुल सोने के जेवरात बनाने का काम करता था। जेवर देने के बाद घर लौटते समय हादसा में उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ओझा ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है।

रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी कालका प्रसाद (35) पुत्र इंद्रपाल मंगलवार की रात रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहा था। तभी ट्रैक्टर में कुछ कमी आने पर वह रोटावेटर में कुछ काम कर रहा था। अचानक ठंड से बचने के लिए ओढ़ा चादर रोटावेटर में फंस गया। वह चादर समेत रोटावेटर में लिपट गया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे रोटावेटर में फंसा देखा तो परिजनों को सूचना दी।

खाद-बीज की कमी न हो, खराब ट्रांसफार्मर तीन दिन में बदलें : प्रभारी मंत्री रामकेश

- जनशिकायतों के फर्जी निस्तारण पर होगी जवाबदेही, अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर कार्रवाई के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने रबी बुवाई के मद्देनजर किसानों को खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को दो से तीन दिन में बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस शिकायतों का धरातल पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और फर्जी निस्तारण पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने को कहा। महिला अपराधों, पॉक्सो मामलों और अवैध शराब, खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई और छुट्टा गोवंश को गौशालाओं में संरक्षित करने पर भी जोर दिया। बैठक में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, डीएम अशोक कुमार, एसपी मृगांक शेखर पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

रुक्मिणी-कृष्ण विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा कथा पंडाल



मौदहा। सनातन गौरव महोत्सव 2026 के तहत बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को रुक्मिणी-कृष्ण विवाह महोत्सव की धूम रही। विवाह प्रसंग सुनकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भजन, मंगल गीत और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा पंडाल गूंजता रहा। कथा व्यास जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज ने रुक्मिणी-कृष्ण विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और पति मान चुकी थीं। उन्होंने भगवान को पत्र लिखकर अपनी मनोकामना बताई, जिसके बाद श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और रुक्मिणी का हरण कर उनसे विवाह किया। महाराज ने कहा कि सच्ची श्रद्धा, अटूट विश्वास और अनन्य भक्ति के सामने भगवान भी भक्तों के प्रेम से बंध जाते हैं। माता रुक्मिणी का जीवन समर्पण और दृढ़ विश्वास का संदेश देता है। कथा में मुख्य यजमान ज्योत्सना धनंजय सिंह, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद, हमीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, ब्लॉक प्रमुख लालाराम निषाद, शिवशंकर सिंह, शिवकुमार पांडेय, आनंदस्वरूप ब्रह्मचारी और एडवोकेट विनय तिवारी सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

कुरारा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने जालौन जनपद के युवक पर अपनी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर को शाम करीब साढ़े तीन बजे जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी राजकुमार पुत्र भवानी शंकर कठेरिया उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया। पिता के अनुसार पुत्री अपने साथ पांच हजार रुपये नकद और सोने की चेन भी ले गई है। उसने बताया कि पुत्री की आरोपी से पहले बातचीत होती थी। रिश्तेदारी और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बाल अधिकारों के कानूनों के प्रति आमजन को करें जागरूक: संजीव शर्मा



झांसी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट में बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य कानूनों के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए और बाल संरक्षण के मामलों में संवेदनशीलता से कार्रवाई की जाए।बैठक में किशोर न्याय, बाल तस्करी, बाल श्रम, बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने तथा पीड़ित बच्चों को समय से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एसपी ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर न्यायिक कार्यों से विरत रहे वकील

समृद्धि न्यूज़, मौदहा, हमीरपुर।



अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में बुधवार को मौदहा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। उन्होंने कानपुर बार एसोसिएशन के आंदोलन को समर्थन देते हुए सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने से वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। आंदोलन के माध्यम से सरकार का ध्यान अधिवक्ताओं की समस्याओं और मांगों की ओर आकर्षित किया जा रहा है। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्यों से विरत रहने के कारण स्थानीय न्यायालयों का कामकाज प्रभावित रहा।इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवलाल पाल, महामंत्री विवेक दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष बृजकिशोर त्रिवेदी, सुधाकर शर्मा, जमशेद अहमद, विवेक कुमार, शकील अहमद, संदीप प्रजापति, अजय प्रजापति, अवनीश कुमार, आदित्य त्रिपाठी, अनुराग यादव, नवनीत यादव, जयप्रकाश शुक्ला, मकबूल अहमद, ओमप्रकाश तिवारी, नेहाल अहमद, रवि सिंह और काजी अजमत सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़कों पर उतर कर प्राथमिक शिक्षकों ने बोला हल्ला



- पैदल मार्च निकाल कर शिक्षकों ने कलक्ट्रेट में किया जोरदार विरोध-प्रदर्शन
- शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

समृद्धि न्यूज़, बांदा।

प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने सड़क पर उतर कर जीआईसी ग्राउंड से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। कलक्ट्रेट में जोरदारी के साथ विरोध-प्रदर्शन किया। मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला स्तर पर जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों का अवकाश प्रतिबंधित करना मानवीय संवेदना शून्य होने जैसा है। विषम परिस्थिति में अपने अवकाश का उपभोग करना शिक्षक का अधिकार है। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की भी मांग की गई। शिक्षकों के प्रमाणपत्रों का बार-बार सत्यापन बंद करने पर जोर दिया गया। यह भी कहा गया कि जांच केवल शिकायत मिलने पर ही होनी चाहिए। पूर्व में निर्धारित मानक पूरे कर नियुक्त शिक्षकों पर टेट परीक्षा पूर्वगामी प्रभाव से सुप्रीम कोर्ट का लागू किया जाना दुर्भाग्य पूर्ण है, विधानसभा से प्रस्ताव कराकर केंद्र को भेजा जाए। सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद प्रदान किए जाएं। 2020 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण करने के आदेश को खत्म किया जाए। शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किए जाएं।

छेड़खानी का विरोध करने पर युवती सहित पूरे परिवार को पीटा

महोबा। छेड़खानी का विरोध करने पर एक युवती और उसके परिवार पर हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने से तहरीर देकर लौट रहे परिवार को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पीटा गया। हमले में युवती का हाथ टूट गया, जबकि उसके पिता और चाचा भी घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लापरवाही और समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।मामला श्रीनगर थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली 26 साल की एक युवती ने बताया कि वह शौच क्रिया से लौट रही थी। इसी दौरान अवनीश दीक्षित उर्फ मंत्री नाम का युवक उसे देखकर फिल्मी गाना क्या खूब लगती हो, बड़ी सुंदर दिखती हो गाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर मरोड़ दिया और मारपीट की। युवती ने जवाब में चप्पल मार दी और शोर मचा दिया। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए।परिवार का आरोप है कि आरोपी कई साल से युवती को फोन और मैसेज के जरिए परेशान कर रहा था। रास्ते में भी छेड़खानी करता था। साल 2020 में भी शिकायत के बाद पंचायत हुई थी और लिखित समझौता कराया गया था परिजनों के मुताबिक, घटना के बाद वे शिकायत लेकर थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय करीब तीन घंटे तक बैठाए रखा और समझौते का दबाव बनाया।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की पहचान : डॉ. एसके राय



- युवा संसद में युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों व समाधान पर रखे विचार

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

मेरा युवा भारत केंद्र झांसी के तत्वावधान में बुंदेलखंड महाविद्यालय सभागार में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2027 के अंतर्गत युवा संसद-2027 का आयोजन किया गया। 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका पर विचार रखे।मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. राय ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और कौशल विकास जैसी सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी को जरूरी बताया। युवा संसद प्रतियोगिता में उन्नति सिंह ने प्रथम, विकास उपाध्याय ने द्वितीय और राहुल जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में विवेक गोस्वामी, डॉ. नवेंद्र कुमार सिंह, रामानंद जायसवाल और डॉ. संतोष रानी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकित श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं भरा फार्म-8



उरई(जालौन)। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदाता सूची को अद्यतन रखने की दिशा में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम समीर ने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत किया है। मूल रूप से लखनऊ के निवासी डीएम ने वर्तमान में जनपद जालौन में तैनाती व निवास के दृष्टिगत अपना मत लखनऊ से जिले में स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 भरकर आवेदन किया है। यह पहल उन नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायक है, जो मूल रुप से किसी अन्य जिले के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में जालौन में निवास कर रहे हैं। ऐसे नागरिकों को भी अपनी पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 के माध्यम से आवेदन करना चाहिए, ताकि वे अपने वर्तमान निवास क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल हो सकें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने ने नागरिकों से अपील की कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, स्थानांतरण कराने अथवा किसी प्रकार के संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाएं तथा मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

थाना के सभी गांव में होगा कानून का राज: अभय राज सिंह

- थाने का चार्ज संभालते ही थाना अध्यक्ष ने स्टाफ के साथ की बैठक



पनवाड़ी (महोबा)। प्रभारी निरीक्षक अभयराज सिंह ने थाना पनवाड़ी का चार्ज लेते ही जनता में कानून का राज्य स्थापित करने का वादा करते हुए बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा अवैध शराब गांजा की बिक्री पर पहली नजर रखते हुए तेजी से कार्रवाई की जाएगी साथ ही अवैध खनन व महिला व बालिकाओं के साथ घटित हो रही घटनाओं को रोकने का प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा थाना पहुंचने वाले हर फरियादी की फरियाद सुनकर उसे शालीन का पूर्वक बात की जाएगी शासन के निर्देशानुसार अपराधियों पर पहली नजर रखती हुई कड़ी कार्रवाई की जाएगी गांव-गांव में हिस्ट्री सीटर व गुंडा एक्ट के आरोपियों को उनकी गतिविधि पर नजर रखते हुए उन पर कार्रवाई की जाएगी गांव में कानून का राज स्थापित किया जाएगा हर पीड़ित को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी कोतवाल ने कहा कि अगर किसी भी बीट का सिपाही या दरोगा किसी प्रकार की जनता के साथ अभद्रता या गलत व्यवहार करता है तो उसकी शिकायत सीधे करें जिससे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी थाना देखना सभी थाने के स्टाफ के साथ बैठक कर उन्हें ड्यूटी के समय वर्दी में रहने के निर्देश दिए साथी जिस स्थान पर वह ड्यूटी करें वहां पर पूरी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें अगर ड्यूटी में लापरवाही पाई गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगा।

नदी चीख रही है, सिस्टम खामोश, माफिया बेलगाम

- बेतवा का खूनी खेल बेनकाब, अवैध खनन इस पर हावी, एनजीटी के नियमों को रौंदा जा रहा है

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।



दिन हो या रात पोकलैंड मशीनों की गड़गड़ाहट और ट्रकों की कतारें बता रहीं है कि कालपी क्षेत्र के बसरेही खण्ड 2 और उरई के टीकर खण्ड 4 में कानून नहीं, माफिया राज चल रहा है। यहां अबैध खनन इस कदर हावी है कि एनजीटी के नियमों को खुलेआम रौंदा जा रहा है, और जिम्मेदार विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है।

बताते चलें कि जिले में खनन के लिए लगभग 23 मौरंग के घाट संचालित हैं। इनमें कुछ तो रात के अंधेरे में गड़बड़ी कर रहे हैं, जबकि कुछ खुलेआम तानाशाही पर उतारू हैं। यहां नदी की जलधारा को मोड़ा जा रहा है। किनारों को काटकर बेतवा की छाती को छलनी कर शासन को राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा है। पर कमाल तो देखिए कि इनपर विभाग मौनी बाबा बनकर, कार्रवाई भी नहीं कर रहा है। मौरंग माफिया आसपास के ग्रामीणों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। खनन विभाग के संरक्षण में चल रहे इस खेल में माफिया पूरी तरह से हावी है। कालपी क्षेत्र के ग्राम बसरेही में खंड संख्या 2 में खनन के लिए आरजेएचएम मिनरल्स प्रा. लि. निर्देशक अभिषेक कुमार सिंह निवासी सरदार वार्ड पिपरिया, होशंगाबाद को गाटा संख्या 596 16.195 हेक्ट. में 21 अप्रैल 26 से 20 जनवरी 27 तक 6 माह के लिए खनन की अनुमति दी गई है। वहीं उरई क्षेत्र के ग्राम टीकर खंड एक में ज्ञान प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. ओमप्रकाश गुप्ता निवासी 128/346 एच ब्लॉक किदवई नगर कानपुर को गाटा संख्या 1482 में 20.20 हेक्टेयर के लिए 8 अप्रैल 26 से 7 अप्रैल 31 तक 5 वर्ष के लिए खनन करने की इजाजत मिली है, और दोनों की कहानी लगभग एक जैसी ही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात दिन बेतवा का सीना चीर कर मौरंग खनन करने वाले माफिया अपना वर्चस्व कायम किए हुए हैं। उन्हें न तो कार्रवाई का डर है, और न ही नियम कानून की परवाह है। मौरंग माफिया तो मोटी रकम कमा कर यहां से निकल जाएंगे, लेकिन हम लोगों के लिए यहां जीना दुश्वार होगा। इस मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी सन्नी कौशल से 8887534825 नंबर पर बात करनी चाही तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा - हमीरपुर

पत्रांक सं0 7050/न0पा0परि0मौदहा/टेण्डर सूचना/2026 — दिनांक 18-11-2026

टेण्डर सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि निम्न विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति का कार्य किया जाना है, जिसके टेण्डर दिनांक 25-11-2026 को समय 2:00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित किये जातें है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति निर्धारित अवधि में अपने-अपने टेण्डर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करें, जिन्हे अधिशासी अधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा उसी दिनांक को समय 4:00 बजे अपरान्ह ठेकेदारों की उपस्थिति में खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरी के पास एक अथवा समस्त टेण्डर निरस्त करनें का अधिकार निहित रहेगा। टेण्डर के सादे फार्म कार्यालय में दिनांक 23-11-2026 तक समय 5:00 सांय तक नकद धनराशि जमा कराकर विक्रय किये जायेगें। अन्य शर्ते कार्यालय में देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

कार्य विवरण

क0 सं0	कार्य का प्रकार	दर	विभागीय दर	कुल आपूर्ति हेतु मात्रा	तदानुसार धनराशि	टेण्डर मूल्य	जी0एस0टी0 18 प्रतिशत	योग	धरोहर धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जलाऊ लकडी	प्रति कुण्टल सभी करों सहित	840/-रू0 प्रति कुण्टल	2400 कुण्टल	2016000.00	2100.00	378.00	2478.00	201600.00

नोटः- जलाऊ लकड़ी की अतिरिक्त मांग होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को उक्त दर पर ही आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मौदहा - हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मौदहा - हमीरपुर

पुलिस ने 57 आरोपितों को किया गिरफ्तार, 346 वाहनों पर कार्रवाई

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने 17/18 नवंबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर कुल 57 आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें शांति भंग की आशंका में 50 व्यक्तियों को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 344 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया। एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोल्हुई, श्यामदेउरवा, निचलौल और पनियरा पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार कर कच्ची, नेपाली और देशी शराब बरामद की। पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इसके अलावा पैदल गश्त कर बाजारों, बैंकों, एटीएम और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस एक्ट की धारा 34 में दो तथा बीएनएसएस की धारा 129 के तहत 22 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। लंबित मामलों में नौ विवेचनाओं का भी निस्तारण किया गया।

साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस मिले 13,140 रुपये, महराजगंज पुलिस की पहल लाई रंग

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महराजगंज पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति की पूरी धनराशि उसके बैंक खाते में वापस करा दी। साइबर सेल और चौक थाना पुलिस के प्रयास से पीड़ित को ठगी गई 13,140 रुपये की रकम वापस मिल गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस के अनुसार, चौक थाना क्षेत्र के ओबरी निवासी ब्रह्मानन्द यादव पुत्र रामनाथ यादव के साथ बीते 4 अगस्त 2026 को साइबर फ्रॉड की घटना हुई थी। ठगों ने उनके साथ धोखाधड़ी कर 13,140 रुपये की रकम निकाल ली थी। घटना के तत्काल बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत संख्या 33108260194112 के आधार पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक शक्तिमोहन अवस्थी के निर्देशन में साइबर सेल एवं चौक थाना पुलिस की टीम ने संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर एमआरएम पोर्टल पर अनुरोध भेजा। लगातार प्रयास के बाद साइबर ठगी की पूरी धनराशि 13,140 रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी गई। इस कार्रवाई में चौक थाने के उपनिरीक्षक बृजभान यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए प्रिया सिंह और कांस्टेबल विशाल प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

किसान दिवस पर गोष्ठी में पराली प्रबंधन और धान खरीद पर हुई चर्चा, 56 किसानों पर 2.80 लाख का जुर्माना



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में किसान दिवस पर गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें पराली प्रबंधन, धान खरीद और उर्वरक की उपलब्धता सहित किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने किसानों से फसल अवशेष न जलाने की अपील करते हुए इसे खेतों में मिलाने, कम्पोस्ट बनाने अथवा गौशालाओं को उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 17 नवंबर तक सैटेलाइट के माध्यम से जिले में पराली जलाने की 228 घटनाएं चिह्नित की गई हैं। वहीं, उप कृषि निदेशक के अनुसार पराली जलाने के मामलों में अब तक 56 किसानों पर कुल 2.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बिना सुपर एसएमएस के संचालित एक कंबाइन हार्वेस्टर को भी सीज किया गया है। इसके अलावा 25 टन पराली गौशालाओं को उपलब्ध कराई गई है तथा लापरवाही पर पांच कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

शंकरगढ़ में दो मंदिरों में चोरी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। जनपद के यमुनानगर शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों ने अब भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। दो रात में दो मंदिरों से पीतल के घंटे, कलश और लोहे की चेन चोरी हो गई। सुबह जब भक्त पूजा करने पहुंचे तो मंदिर सूना देखकर दंग रह गए। इलाके में भक्तों में भारी नाराजगी है और लोग पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे हैं। शंकरगढ़ में विद्युत सबस्टेशन परिसर में भगवान शंकर जी का मंदिर है। सुबह जब भक्त मंदिर में गए, वहां लगा 4 किलो का बड़ा घंटा तथा एक छोटा घंटा गायब था। मंदिर के कर्मचारी जगमोहन ने बताया कि चार माह पूर्व लगभग 4 किलो का पीतल का घंटा मंदिर में टांगा गया था।भक्तों ने चंदा करके उस घंटे को लगवाया था। सुबह आरती के समय घंटा नहीं बजा तो लोगों को शक हुआ, पास जाकर देखा तो कुंडी से घंटा ही गायब था। शंकरगढ़ विकास खंड परिसर में बने भगवान शंकरजी व हनुमान जी के मंदिर से चोरों ने लगभग 3 किलो का घंटा, पीतल का कलश व लोहे की चेन चोरी कर ली। ब्लॉक में दिन भर अधिकारी-कर्मचारी रहते हैं, रात में चौकीदार भी रहता है, इसके बाद भी चोर बेखौफ होकर मंदिर का सामान उठा ले गए। दोनों मंदिरों में चोरी की खबर फैलते ही भक्तों में नाराजगी फैल गई। भक्तों ने कहा -जब भगवान के घर में ही चोरी हो जा रही है, तो आम आदमी का घर कैसे सुरक्षित रहेगा।

मंत्री नंदी की मां विमला देवी का निधन

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' की मां विमला देवी का बुधवार को निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। प्रयागराज के नाजरेथ अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की जानकारी स्वयं मंत्री नंदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की। मंत्री नंदी ने भावुक पोस्ट में कहा कि मां की छाया सिर से दूर हो गई। उन्होंने लिखा कि पिता के जाने के बाद उनकी मां ने ही परिवार को संभाला और उनका प्यार व आशीर्वाद हर कठिनाई से लड़ने का संबल रहा। मीडिया प्रभारी बालाजी के मुताबिक, उम्र अधिक होने के कारण विमला देवी को बीच-बीच में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें होती थीं। उन्हें मुख्य रूप से सांस संबंधी बीमारी की समस्या थी और पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बीते एक साल में भी उन्हें दो-तीन बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। निधन के समय मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' लखनऊ में थे। मां के निधन की सूचना मिलते ही वह प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। नंदी प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं और वर्तमान में योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंत्री नंदी के घर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

संजय निषाद ने प्रयागराज की तीन सीटों पर ठोंकी ताल

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। पार्टी के कार्यक्रम में निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने प्रयागराज जिले की तीन विधानसभा सीटों पर ताल ठोंक दिया है। संजय निषाद ने कहा कि प्रयागराज में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी ने 2 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार पार्टी करछना, हंडिया और बारा विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। निषाद पार्टी जनपद प्रयागराज की 3 सीटों के साथ-साथ पूरे मंडल की 5 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है।

पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु 26 को होगी सैनिक बन्धुओं की बैठक

कुशीनगर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अरविन्द कुमार (अ०प्रा०) ने बताया है कि जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु आगामी 26 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न होगी।

ग्राम विकास आयुक्त ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

- चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

समृद्धि न्यूज़



बछरावां-रायबरेली। बुधवार की दोपहर विकासखंड क्षेत्र का तमनपुर गांव अधिकारियों की छावनी में तब्दील हो गया। जब दर्जनों की संख्या में सरकारी वाहन उक्त गांव में प्रवेश हुए। आयुक्त ग्राम विकास प्रमोद कुमार उपाध्याय ने तमनपुर गांव में संचालित सरकारी योजनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र ग्रामीणों के घर जाकर उनके आवास का निरीक्षण किया और उन्हें जानकारी देते हुए उनकी बातें भी सुनी। उन्होने गांव में हाल ही में बनी एक डामरीकृत रोड का भी निरीक्षण किया गया और उसकी गुणवत्ता भी चेक की। उन्होंने गांव में स्थित कच्ची नालियों, एवं मनरेगा के कार्यों का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि आयुक्त ग्राम विकास प्रमोद कुमार उपाध्याय के द्वारा गांव में मनरेगा का कार्य कर रहे मजदूरों के हाथ भी देखे गए कि उनमें गड्ढे पड़े हुए हैं कि नहीं, क्योंकि अगर वह काम कर रहे हैं तो हाथों की हथेली पर गड्ढे हो जाते हैं। आयुक्त ग्राम विकास तमनपुर ग्राम सभा में किए गए निरीक्षण एवं विकास कार्यों के लिए गए जायजे के पश्चात जनपद के अधिकारियों में सनसनी की लहर दौड़ गई है, अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि अब यह सोच नहीं पा रहे हैं कि अगर किसी भी कार्य में कोई कमी निकली तो क्या होगा। साथ ही साथ आयुक्त ग्राम विकास के द्वारा उक्त गांव में चौपाल भी लगाई गई। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों की सूची उनके द्वारा ग्रामीणों को पढ़कर सुनाई गई और जो भी ग्रामीण सूची में नहीं है लेकिन वह पात्र है, उनको आश्वासन देते हुए जल्द ही उन्हें आवास दिलाने की बात कही गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, परियोजना निदेशक मुनेंद्र, डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार चंद्रऔल, ग्राम विकास अधिकारी तमनपुर सहित विकासखंड कार्यालय एवं जनपद के समस्त अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांचें अपना नामः किरन देवी

डीह-रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 कार्यक्रम के तहत अमेठी कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष एवं दिशा की सदस्य किरन देवी ने डीह ब्लॉक के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर बीएलओ के साथ मिलकर मतदाता सूची की जाँच की। कांग्रेस नेता किरन देवी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं का नाम किसी कारण वश छूट गया है तो वे मतदाता फार्म 6, शिफ्टेड मतदाता फार्म 7 तथा नाम पता व फोटो में कोई त्रुटि हुई तो वे मतदाता संशोधन के तहत फार्म 8 भरकर अपने अपने स्थानीय बीएलओ या कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाए गए बीएलए के पास जमा कर दे जिससे उन सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत दर्ज किया जा सके। उन्होने कहा कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि दिनांक 17 नवंबर से 16 दिसम्बर 2026 तक की गई है।

विपक्ष का पूरा कुनबा भी नहीं रोक पायेगा भाजपा की हैट्रिकः केशव

- विदेशी शक्तियों के हाथ में खेल रहे हैं राहुल गांधी
- अखिलेश यादव मथुरा चलें और भगवान श्री कृष्ण के मंदिर निर्माण में साथ दें

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में आजम खान को हाईकोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के सवाल पर कहा कि कोर्ट के निर्णय पर कुछ नहीं बोलना। लेकिन सपा के साथ विपक्ष का पूरा कुनबा भी खड़ा हो जाए तो भी 2027 में भाजपा की हैट्रिक नहीं रोक पाएंगे। अखिलेश यादव द्वारा गोरखपुर में पीडीए रथ यात्रा निकालने के सवाल पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश का पीडीए फर्जी है। पिछड़ों दलितों को धोखा देने का काम है। वह उत्तर प्रदेश की जनता के भविष्य को कुचलने वाला रथ है। सपा की साइकिल पंक्चर होकर सैफई जाएगी। उन्होंने ने कहा कि इनको जनता का समर्थन नहीं मिल रहा। वहीं राहुल गांधी द्वारा भारत को आर्थिक रूप से कमजोर बताए जाने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि राहुल गांधी को ये दुःस्वप्न कैसे आ रहा है। भारत आज दुनिया की आर्थिक शक्ति बना है। राहुल गांधी विदेशी शक्तियों के हांथ में खेल रहे हैं। मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि पर जो ईदगाह बनी है वहां पर कंस का कारागृह था श्री कृष्ण का जन्म स्थान था। देश दुनिया के हजारों लाखों कोटि कोटि कृष्ण भक्तों की उस स्थान को लेकर श्रद्धा हैं। न्यायिक कानूनी और बातचीत के रास्तों को अपनाते हुए जैसे अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना उसी तरह मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर बने ऐसी हम लोगों की भावना है। अखिलेश यादव अयोध्या जाने की बात कर रहे हैं तो वहां पर तो राम लला का मंदिर बन चुका है। अयोध्या के रामभक्तों के रक्त से तो सपा के हाथ रंगे हुए हैं। अखिलेश यादव मथुरा चलें और भगवान श्री कृष्ण के मंदिर निर्माण में साथ दें।

फर्जी रिकवरी एजेंट बनकर ट्रक चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

- 24 लाख रुपये कीमत का आयशर ट्रक बरामद, वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार और क्रेन सीज

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज पुलिस ने फर्जी रिकवरी एजेंट बनकर ट्रकों की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए करीब 24 लाख रुपये कीमत का आयशर ट्रक बरामद किया है। वहीं, घटना में इस्तेमाल काले रंग की क्रेटा कार और क्रेन को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरिओम मद्धेशिया (26) पुत्र रामसनेही मद्धेशिया निवासी परवरपार, थाना रामकोला, कुशीनगर के रूप में हुई है। कप्तानगंज थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 437/2026 के तहत पुलिस चोरी गए ट्रक की तलाश में जुटी थी। 17 नवम्बर को आरोपी की निशानदेही पर टेकुआटार स्थित धर्मकांटा के पास से आयशर ट्रक संख्या यूपी 53 जेटी 8314 बरामद किया गया। मौके पर पहुंचे वादी प्रांजल पाण्डेय ने ट्रक की पहचान अपनी गाड़ी के रूप में की। पुलिस की जांच में मामला सामने आया कि आरोपी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वाहनों की चोरी कर उनके कीमती पुर्जे बेचने का काम करता था।

गिरोह के सदस्य सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर खड़े ट्रकों की मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी जुटाते थे। जिन वाहनों पर बैंक अथवा फाइनेंस कंपनी का कर्ज बकाया होता था, उन्हें निशाना बनाया जाता था। इसके बाद खुद को रिकवरी एजेंट या इंश्योरेंस कंपनी का सदस्य बताकर क्रेन संचालकों को विश्वास में लेते और वाहन स्वामी की अनुमति के बिना क्रेन से ट्रक उठवा लेते थे। पुलिस के मुताबिक वाहन को सुनसान स्थान पर ले जाने के बाद उसकी बैटरी, एक्सल, शीशे समेत अन्य कीमती पुर्जे निकालकर कबाड़ियों को बेच दिया जाता था। शेष वाहन को कटवाकर उसके हिस्से बेच दिए जाते थे। इस तरह गिरोह के सदस्य फर्जी रिकवरी का बहाना बनाकर आर्थिक लाभ कमाते थे। इसी तरीके से कप्तानगंज क्षेत्र से आयशर ट्रक चोरी कर टेकुआटार में खड़ा किया गया था और उसके कुछ महत्वपूर्ण पुर्जे भी निकालकर बेच दिए गए थे। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर दर्ज मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) और 318(4) की बढ़ोतरी की है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था परखने सड़क पर उतरे एसपी

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल के साथ सघन पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने नगर तिराहा सहित प्रमुख बाजारों, व्यस्त मार्गों और चौराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार में मौजूद व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी सुझावों की जानकारी ली। एसपी ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्वों की मौजूदगी अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।इस दौरान एसपी ने प्रमुख बाजारों और चौराहों पर यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाजार क्षेत्रों में यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित कराने तथा अनावश्यक अतिक्रमण और सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजारों में आवागमन व्यवस्था व्यवस्थित रहे, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने, नियमित गश्त एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने तथा आम नागरिकों के साथ शालीन और सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने पर जोर दिया।

पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

राम नरेश वर्मा बने अध्यक्ष एवं रमेश यादव महामंत्री

समृद्धि न्यूज़

सलोन-रायबरेली। बार एसोसिएशन सलोन के चुनाव में बुधवार को मतदान एवं मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर राम नरेश वर्मा, महामंत्री पद पर रमेश कुमार यादव और कोषाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार वर्मा विजयी घोषित किए गए है। चुनाव एल्डर कमेटी के सदस्यों की देखरेख में संपन्न हुआ।एल्डर कमेटी के सदस्य रामकृष्ण श्रीवास्तव, माता प्रसाद यादव, कन्हैया बक्श सिंह, दशरथ लाल गुप्ता एवं सेवालाल गुप्ता ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। कुल 94 मतदाताओं में से 92 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष पद के चुनाव में राम नरेश वर्मा को 59 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दिनेश चंद्र मौर्य को 32 मत प्राप्त हुए। राम नरेश वर्मा ने 27 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।महामंत्री पद पर रमेश कुमार यादव ने 74 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी सैय्यद इंतखान आलम रिज्वी को 16 मत मिले। रमेश कुमार यादव 56 मतों के अंतर से विजयी रहे।वहीं, कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में बृजेश कुमार वर्मा को 58 मत और नंद लाल रावत को 33 मत प्राप्त हुए। बृजेश कुमार वर्मा ने 25 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर कोषाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी का माहौल रहा और अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

गोपाष्टमी पर पिंजरापोल गौशाला में भक्ति और सेवा का संगम

- गोपाष्टमी पर गोमाता की पूजा-अर्चना से गूंजा पिंजरापोल गौशाला परिसर
- गोसेवा के संकल्प के साथ गोपालक हुए सम्मानित, गौसंरक्षण को लेकर वक्ताओं ने किया जागरूक

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । गोमाता के प्रति श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव का अनूठा संगम बुधवार को पिंजरापोल गौशाला में देखने को मिला। अवसर था गोपाष्टमी पर्व का, जिसे गौशाला परिवार ने पारंपरिक उत्साह, धार्मिक उल्लास और सामाजिक सरोकारों के साथ धूमधाम से मनाया। पूरे आयोजन में गोसेवा और गौसंरक्षण का संदेश प्रमुखता से गूंजता रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ गोपालकों के सम्मान ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पांच बजे गौ संकीर्तन के साथ हुआ। गौभक्तों ने नगर भ्रमण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात पूर्वाह्न 11 बजे पुनः गौ नगर भ्रमण का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं, सायं सात बजे आयोजित संगोष्ठी एवं गोपालक सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, गौसेवक और शहरवासी शामिल हुए।

संगोष्ठी में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि गौवंश का संरक्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न अंग है। सरकार भी गौसंरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने पिंजरापोल गौशाला परिवार की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थागत प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने गोसेवा के महत्व पर प्रकाश और 136 वर्ष पुराना पडरौना के पिजरापोल गौशाला का इतिहास बताते हुए इसे मानवीय संवेदना और सामाजिक दायित्व से जुड़ा पुनीत कार्य बताया। चेयरमैन ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और हमारी आस्था का आधार हैं। गोसेवा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवों के प्रति करुणा, संवेदना और मानवीय दायित्व का भी प्रतीक है। गोवंश का संरक्षण और उनकी सेवा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याराम वर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अभय जी ने भी गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और सेवा के लिए सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया। गौशाला परिवार की ओर से उपाध्यक्ष प्रदीप गोयल ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संस्था के मंत्री अखिलेश गोयल ने गौशाला द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि गोसेवा केवल किसी एक संस्था या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से गोवंश के संरक्षण और सेवा के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार इस पुनीत कार्य में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सांवर गोयल ने की। इस अवसर पर संस्था की ओर से सभी अतिथियों को बुके, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, गोपालकों को वस्त्र वितरित कर उनके परिश्रम, समर्पण और गोवंश की देखभाल में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, जगदंबा अग्रवाल, सतीश जिंदल, प्रदीप चहरिया, राजेश अग्रवाल, संजय मारोदिया, नोबल अग्रवाल, अशोक टीबड़ेवाल, प्रदीप लोहिया, रमेश कनोडिया सहित गौशाला के कर्मचारी, गोपालक और नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

परियोजनाओं को गति देने के लिए भूमि उपलब्धता कराने की समीक्षा

- भूमि संबंधी प्रक्रियाओं में समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता, भूमि चिन्हांकन, भूमि की वर्तमान स्थिति तथा भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाने के संबंध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विकास परियोजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा कराने के लिए भूमि उपलब्धता को महत्वपूर्ण बताते हुए संबंधित अधिकारियों से परियोजनावार आवश्यक भूमि की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करें।

भूमि से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कराते हुए आवश्यक औपचारिकताएं समय से पूर्ण कराई जाएं, ताकि भूमि की अनुपलब्धता के कारण किसी भी महत्वपूर्ण विकास परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, उप जिलाधिकारी सलोन अंकित कुमार, उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सुधीर गिरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दबंगों ने की रोजगार सेवक को पिटाई, एफआईआर दर्ज

डीह-रायबरेली। प्रधानमंत्री आवास काटने का आरोप लगाकर गांव में तैनात रोजगार सेवक को दबंग युवकों ने पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया। जिसका लखनऊ में चल रहा इलाज। कचनावां गांव की रहने वाली जमीबुन निशा पत्नी मोहम्मद युनुस ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पति मोहम्मद युनुस कचनावां ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक (पंचायत मित्र)पद पर तैनात है 15 नवंबर की शाम वह दरवाजे पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रहे थे तभी गांव के ही रहने वाले विकास सिंह व शिव सिंह पुत्रगण राम बहादुर सिंह व रामबहादुर सिंह पुत्र कमला सिंह लाठी डंडा लेकर उसके घर में घुस आए और पति पर से प्रधानमंत्री आवास कटवाने का अरोप लगाते हुए भद्दी भद्दी गालिया देने लगे जब पति ने गाली देने से मना किया तो सभी एकजुट होकर लाठी डंडों व लात घूंसो से मारने लगे बीचबचाव में उसे भी मारा।

बालिकाएं व महिलाएं यौन शोषण को छिपाये नहीः पूजा तिवारी

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार तथा मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन (भ्ॅ) टीम द्वारा विकास खण्ड हरचंदपुर में आयोजित ब्लॉक दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, बाल अधिकारों तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को अपनी शिक्षा निरंतर जारी रखने, अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा समस्या की स्थिति में संबंधित विभाग एवं पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना तथा समाज में बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी ने कहा कि बालिकाए और महिलाएं अपने साथ होने वाले यौन शोषण को छिपाये नही अन्यथा ऐसी हरकते करने वालों का मनोबल बढता है।

खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर किसान से मारपीट

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर एक किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में किसान सुभाष चंद्र घायल हो गए। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। सुभाष चंद्र पुत्र सूरज प्रसाद के अनुसार, वह दूसरे खेत की जुताई करने जा रहे थे। इसी दौरान खेत के पास पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनका पड़ोसी मेड़ काट रहा है। इस पर उन्होंने विरोध जताया तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पड़ोसी ने उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद वह कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बहला-फुसलाकर युवती को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, मलपुरा गांव निवासी व्यक्ति ने 15 अक्टूबर को थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव का ओमप्रकाश उर्फ अलीबाबा उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी ओमप्रकाश पुत्र तेजराम सिंह निवासी मलपुरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पीड़िता को मेरापुर थाना क्षेत्र, फर्रुखाबाद से बरामद किया गया। विवेचना के दौरान मुकदमे में बीएनएस की धारा 137(2), 64(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 की बढ़ोतरी की गई।

पिता के निधन के बाद बेटी की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाएगा वीरेंद्र पब्लिक स्कूल

छिबरामऊ, कन्नौज। पिता के असामयिक निधन के बाद आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे परिवार की मदद के लिए वीरेंद्र पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने सराहनीय पहल की है। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश कुमार दुबे ने कक्षा दो, अनुभाग बी की छात्रा त्रिशा चतुर्वेदी की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का निर्णय लिया है। छात्रा की माता एवं अभिभावक लक्ष्मी चतुर्वेदी को विद्यालय की ओर से पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि पारिवारिक परिस्थितियों और मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए त्रिशा को शत-प्रतिशत विद्यालय शुल्क माफ किया जाएगा। यह सुविधा उसकी वर्तमान कक्षा से लेकर विद्यालय में पूरी शिक्षा समाप्त होने तक जारी रहेगी। इस दौरान उससे किसी भी प्रकार का विद्यालय शुल्क नहीं लिया जाएगा।

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि पिता के निधन से उत्पन्न आर्थिक परेशानियां छात्रा की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने कहा कि विद्यालय परिवार त्रिशा की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव सहयोग करता रहेगा। इस पहल की सराहना की जा रही है।

महादेवी घाट का प्रबंधन संभालेगी नगर पालिका, 42 लाख से होगा कायाकल्प

कन्नौज। महादेवी घाट स्थित अंत्येष्टि स्थल की व्यवस्थाओं में बदलाव होने जा रहा है। अब इसका संचालन ग्राम सभा के बजाय नगर पालिका परिषद कन्नौज करेगी। घाट के प्रबंधन और विकास के लिए आयुक्त से अनुमति मिल चुकी है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जिलाधिकारी और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि नगर क्षेत्र की बड़ी आबादी अंतिम संस्कार के लिए महादेवी घाट पहुंचती है। अभी तक ग्राम सभा के पास इसकी जिम्मेदारी थी, लेकिन सीमित संसाधनों के चलते व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में दिक्कत आ रही थी। इसी को देखते हुए घाट का प्रबंधन नगर पालिका को सौंपने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका घाट का टेकओवर करने के बाद पेयजल, स्वच्छता, निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कराएगी

समर सेविल की बोरिंग करते समय पाइप में करेंट उतरने से चार झुलसे

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। समर सेविल से बोरिंग करते समय मशीन और लोहे के पाइप में हाई टेंशन लाइन का करेंट आने से चार कारीगर/मजदूर चपेट में आ गए। हादसे की चपेट में आए चार लोगों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जदेपुर्वा में एक ग्रामीण के यहां बोरिंग का कार्य करने को मिस्त्री और कारीगर मजदूर पहुंचे थे। जिस समय बोरिंग करने को समर मशीन से लोहे के पाइपों को जोड़कर बोरिंग का कार्य शुरू हुआ इसी दौरान निकट से गुजरी हाई टेंशन बिजली लाइन का करेंट लोहे के पाइप और मशीन में उतर आया। जैसे ही मजदूरों ने पाइप को स्पर्श किया, बिजली करेंट की चपेट में आ गए। चार मजदूर/कारीगर बिजली करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

बुधवार की सुबह घटित उपरोक्त घटना की जानकारी जब समर का कनेक्शन करा रहे मालिक और आसपास के ग्रामीणों को हुई तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी के बाद संबंधित बिजली स्टेशन पर फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बिजली आपूर्ति को बंद किया गया।

घटनाक्रम के दौरान करेंट की चपेट में आए चारो लोगों को निजी संसाधनों से उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां उनका उपचार शुरू हो सका।

घायलों में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के बलेपुर्वा गांव निवासी 22 वर्षीय अमित,45 वर्षीय उदयभान,30 वर्षीय रामशंकर और जदेपुर्वा निवासी 22 वर्षीय वैभव हैं। करेंट से झुलसे एक कारीगर मजदूर की हालत चिंताजनक बनी हुई थी, जिसे रेफर करने की तैयारी थी,जबकि अन्य मजदूरों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी था।घटना की जानकारी पर मजदूरों के परिजनों में हड़कंप मचा रहा।

स्वगणना अभियान में प्रदेश में पांचवें स्थान पर कन्नौज : डीएम



कन्नौज। जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में कन्नौज जनपद प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। 17 नवंबर की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने समीक्षा बैठक कर अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा में छिबरामऊ, कन्नौज और तिर्वा तहसील के अलावा नगर पालिका परिषद कन्नौज और नगर पंचायत तालग्राम की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाकर अधिक से अधिक परिवारों को स्वगणना के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जनगणना निदेशालय की ओर से मुख्यमंत्री की स्वगणना संबंधी अपील जनप्रतिनिधियों को भेजी गई है। डीएम इसे सभी जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाएंगे। गौरतलब है कि 16 से 30 नवंबर तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर घर बैठे स्वगणना की जा सकती है। इसके बाद मिलने वाली एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी और गणना के दौरान प्रगणक को देनी होगी।

आलू भंडारण पर किसानों को मिलेगी 20 हजार रुपये तक सब्सिडी

- किसान दिवस में बिजली, सिंचाई और खाद की समस्याएं उठीं।
- सीडीओ ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश।



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों ने बिजली, सिंचाई, खाद, बीज और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं। सीडीओ ने अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि आलू भंडारण पर किसानों को एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सब्सिडी दी जाएगी। इसकी अधिकतम सीमा 20 हजार रुपये है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजी जाएगी। इसके लिए 31 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खाद्य एवं विपणन अधिकारी लालमणि पांडेय ने बताया कि जिले में बाजरा खरीद के लिए आठ केंद्र संचालित हैं। किसानों को उपज बेचने पर 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त मूल्य देने की जानकारी भी दी गई। सहकारिता विभाग ने समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध होने की बात कही। वहीं कृषि विभाग की ओर से 1200 क्विंटल गेहूं और 108 क्विंटल जौ का बीज उपलब्ध बताया गया।

किसान अभिलाष सिंह यादव ने ट्रांसफार्मर बदलवाने और बिजनौरा में सहकारी समिति खोलने की मांग उठाई। जगतपुर के रामलखन पाठक ने नल की टोंटी न मिलने की समस्या बताई। अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में पशुपालन, सिंचाई और अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंवरपुर लोधपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवा किसान की मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। कानपुर के विभिन्न निजी अस्पतालों में 17 दिनों तक उपचार कराने के बाद भी किसान की जान नहीं बच सकी। बुधवार को छिबरामऊ के 100 शैया अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

गांव निवासी राकेश कुमार राजपूत के सबसे छोटे बेटे गोविंद राजपूत खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के मुताबिक, 1 नवंबर को पड़ोस में रहने वाला युवक गोविंद को अपने घर बुलाकर ले गया था। आरोप है कि वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया। कुछ देर बाद घर लौटने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे आनन-फानन कानपुर के पवित्र अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां दो दिन तक उपचार चला, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे कानपुर के ही दो अन्य निजी अस्पतालों में ले गए। कई दिनों तक उपचार कराने के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों द्वारा जवाब दिए जाने के बाद परिजन उसे वापस गांव ले आए। घर पर दोबारा हालत बिगड़ने पर उसे नगर के 100 शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीन भाइयों संतोष, गोपाल और गोविंद में वह सबसे छोटा था। परिवार में तीन बहनें जूली, सपना और धन देवी हैं। जवान बेटे की मौत से मां कृष्णा देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां और बहन-भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रासायनिक खाद के ज्यादा इस्तेमाल से बिगड़ रही खेतों की सेहत : संतोष कुमार

- सघन खेत बचाओ अभियान में 519 किसानों को किया जागरूक।
- प्राकृतिक और संतुलित खेती अपनाने पर दिया जोर



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। इससे बचने के लिए किसान मृदा परीक्षण के आधार पर ही खाद का प्रयोग करें। बुधवार को सघन खेत बचाओ अभियान रबी-2026 के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को यह सलाह दी।

विकासखंड कन्नौज के ग्राम चौराचांदपुर और जलालाबाद के सियरमऊ में आयोजित कार्यक्रमों में करीब 519 किसानों ने प्रतिभाग किया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि जरूरत से ज्यादा रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग मानव स्वास्थ्य, मिट्टी और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। किसानों को प्राकृतिक और गौ आधारित खेती अपनाने के साथ फार्मर आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

भूमि संरक्षण अधिकारी कौशल किशोर ने मृदा संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अभिमन्यु सिंह और डॉ. अरविंद कुमार ने संतुलित उर्वरक प्रबंधन, हरी खाद, जैविक खाद और नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग के बारे में बताया।

कार्यक्रम में किसानों को दलहन और तिलहन का रकबा बढ़ाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खाद डालने तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीके समझाए गए।

तिर्वा मेडिकल कॉलेज में अब दिल के मरीजों का भी इलाज

- मामला कन्नौज जिले के तिर्वा मेडिकल कॉलेज का।
- हवन पूजन के बाद कॉलेज में प्राचार्य और सीएमएस ने नवागंतुक प्रोफेसर के साथ शुरू कराया हृदय रोग संस्थान।
- बीते 13 सालों से खड़ी इमारत में लौटी रौनक, संबंधित मरीजों के चेहरों पर दिखी खुशी।



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जिले के तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए बुधवार का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि भरा रहा। कॉलेज परिसर में जो इमारत (हृदय रोग संस्थान) बीते 13 साल से केबल एक बुत की तरह खड़ी थी, या यह कहें कि,वर्ष 2013 में कॉलेज में उपरोक्त संस्थान की इमारत बन कर तैयार हो गई थी। प्राचार्य और सीएमएस की पहल से इस इमारत में बुधवार से रौनक लौट आई।

बताते चलें कि, बुधवार को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग संस्थान का शुभारम्भ हो गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और सीएमएस डा. दिलीप सिंह के प्रयास से हृदय रोग संस्थान का शुभारम्भ कराया गया। कॉलेज में उपरोक्त संस्थान को संचालित करने की गतिविधियों में प्राचार्य के आग्रह के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुभाष चंद्रा ने यहां ज्वाइन कर लिया है। डा. चंद्रा कॉलेज के उपरोक्त संस्थान में दिल के मरीजों का इलाज करेंगे। बुधवार को हृदय रोग संस्थान के शुभारंभ पर हवन पूजन का आयोजन भी किया गया। बताते चलें कि, बीते वर्षों से कॉलेज के उपरोक्त संस्थान में कोई चिकित्सक और उपचार की सुविधाएं नहीं मिलने से बड़ी संख्या में संबंधित मरीजों को दूरगामी अस्पतालों में जाकर अपना इलाज कराना पड़ रहा था। इस समस्या के कारण मरीजों को बड़ी परेशानियों का सामना करने के साथ ही हजारों रुपए की रकम भी खर्च होती थी। बता दें कि,उपरोक्त संस्थान शुरू नहीं हो पाने के कारण राजनैतिक दलों के नेताओं ने कई बार प्रदर्शन भी किया था और वर्तमान सरकार से कॉलेज के उपरोक्त संस्थान को शुरू कराए जाना की मांग भी की थी। आखिर बुधवार को 1.33 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज में स्थापित हृदय रोग संस्थान का शुभारम्भ हुआ तो जरूरतमंद मरीजों से लेकर कॉलेज प्रशासन ने भी खुशी जाहिर की। मामले में कॉलेज के प्राचार्य ने आगे बताया कि, अब से तिर्वा मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग संस्थान की शुरुआती व्यवस्था/ उपचार संभालने को सैफई मेडिकल कॉलेज के डा. चंद्रा ने सैफई कॉलेज से इस्तीफा देने के बाद तिर्वा कॉलेज की व्यवस्था संभाली है। अब डा. चंद्रा तिर्वा मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग संस्थान में मरीजों का उपचार करेंगे।

बता दें कि, मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग संस्थान में 18 पद शैक्षणिक और 76 पदों पर अभी गैर शैक्षणिक चिकित्सकीय स्टॉफ की तैनाती होनी है।उन्होंने कहा कि अब से संबंधित मरीजों को कॉलेज में ही दिल के उपचार की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हृदय रोग संस्थान में संबंधित अन्य चिकित्सक और चिकित्सकीय स्टॉफ, के अलावा अन्य भी जो जरूरी सुविधाएं हैं उन्हें भी आने वाले समय में जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

पशु रोगों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम जसुआमई में आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर/ मेला मैं पशु रोगों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विमलेश तिवारी ने फीता काट कर किया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नेम कुमार ने पशुओं में फैलने वाली विभिन्न बीमारियों व संक्रमण की जानकारी देते हुए पशुपालकों को सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया। संचारी रोगों के प्रति संवेदीकरण करते हुए उन्होंने सूकर पालन का कार्य करने वाले ग्रामीणों को आबादी से दूर सूकर पालन हेतु प्रेरित किया जिससे बीमारियों का फैलाव ग्रामीण आबादी में नहीं हो सके। उन्होंने पशुओं में लेप्टोस्पाइरोसिस व बुसलोसिस जैसी वॉयरल बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा स्वाइन फीवर एवं वर्ड फ्लू आदि जानलेवा वायरल बीमारियों एवं उनके संक्रमण से बचाव के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में पशु चिकित्साधिकारी डॉ कौशलेंद्र कुमार एवं डॉ रिजवान आलम पशुधन प्रसार अधिकारी सत्यम यादव, वेटेरिनरी फार्मासिस्ट गौरव पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी श्रेणी कर्मचारी सुनील कुमार, विपिन कुमार एवं पशु मित्र विवेक कुमार, अमित कुमार, अभिषेक, गुलफाम, गुलशन, पुष्पेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पशुपालक उपस्थित रहे।

सास-बहू सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

कन्नौज। तहसील सदर सभागार में बुधवार को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और मतदाता सूची में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर हुए कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा संबंधी कानूनों, अधिकारों और शिकायत निस्तारण की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने महिलाओं से उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच सहायता केंद्रों और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की। वहीं, पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और बीएलओ को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। मौके पर फार्म-6 के 20 आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही प्रतिभागियों से स्वगणना भी कराई गई।

शॉर्ट सर्किट से पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगी आग

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलिया बूचपुर में बुधवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसकी चपेट में आकर स्मार्ट क्लास में रखा स्मार्ट टीवी, बैटरी, इनवर्टर, स्टेबलाइजर, फर्नीचर और सेटटॉप बॉक्स समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। कमरे की दीवारें धुएं से काली पड़ गईं।

गांव के बाहर मैदान में स्थित इस विद्यालय में 105 बच्चे अध्ययनरत हैं। विद्यालय का शैक्षिक स्तर अच्छा होने के कारण विभाग की ओर से यहां स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही थी। इसके लिए आधुनिक तकनीक से बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च किए गए थे। गुरुवार सुबह विद्यालय खुलने पर कमरे से धुआं निकलता दिखाई दिया। प्रधानाध्यापक महाश्वेता गुप्ता ने बताया कि कमरे में रखा सभी सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए हुई समीक्षा बैठक



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। आजाद समाज पार्टी की ओर से 26 नवंबर को आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए नगर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें पूर्व विधायक प्रत्याशी चंदन पठान ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक के मुख्य अतिथि जोन प्रभारी एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य शिवप्रकाश विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी। चंद्रशेखर आजाद आज बहुजन समाज के नेता बन चुके हैं। भाजपा सरकार में शोषण बढ़ रहा है। बेरोजगारी चरम पर है और महंगाई से गरीबों की कमर टूट रही है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। जनता सरकार से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि यह महारैली उत्तर प्रदेश की राजनीतिक दिशा और दशा तय करेगी तथा प्रदेश में सामाजिक परिवर्तन मोर्चा गठबंधन की सरकार बनेगी। इस मौके पर मंडल प्रभारी छबिराम जाटव, गुड्डू कठेरिया, पवन गौतम, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, चांद खां, गुलाम वारिस, रामकुमार, प्रवीण पाल, अजीत कुमार, संदीप कठेरिया, नेम सिंह, शिवकुमार कठेरिया, अरशद खां, डॉ. सुनील दिवाकर, अंकित, प्रशांत और तालिब सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

28 नवंबर को विशेष लोक अदालत, लंबित ट्रैफिक चालानों का होगा निस्तारण

कन्नौज। जनपद न्यायालय में 28 नवंबर 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मोटर वाहन अधिनियम के तहत लंबित यातायात चालानों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने निर्देश जारी किए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की न्यायाधीश एवं सचिव पौमेला श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध किए गए, लेकिन अब तक लंबित चालान मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा अन्य लंबित यातायात चालानों का भी नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा।

आंवला के पेड़ की पूजा कर भगवान से मांगा अक्षय सुख

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ कन्नौज। कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। आंवला के पेड़ की पूजा कर महिलाओं ने मनौती मांगी और अपने परिवार के लिए अक्षय सुख की कामना की।

पूजा के बाद वहीं पर बैठकर घर से लाया खाना खाया। नगर में सौरिख रोड पर प्राचीन ककरारी तालाब के पास बगिया में आंवला के बरसों पुराने दो पेड़ हैं। महिलाओं की सबसे ज्यादा भीड़ यहीं पर जुटती है। आज सुबह से ही उनका आना शुरू हो गया था। पेड़ की पूजा के बाद महिलाओं ने उस पर सूत लपेटते हुए परिक्रमा की और खील के दाने पीछे पेड़ की तरफ उछाले। तत्पश्चात आरती की और फिर घर से बना कर लाया भोजन वहीं बैठकर खाया। उधर असालत नगर स्थिति नारायण वाटिका मे क्षेत्र की माताओं एवं बहिनो ने आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना विधि विधान से कर भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त किया महिलाओं को अक्षय नवमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने कहा हमारे सभी त्यौहार सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं।

इसके साथ ही पर्यावरण के लिए आवश्यक कई तरह के पेड़ों की पूजा प्राचीन काल से होती चली आ रही है। सबसे ज्यादा मान्यता पीपल के पेड़ की है जो रात में भी जीवन के लिए घातक कार्बन डाइऑक्साइड गैस स्वयं सोखकर हमें ऑक्सीजन देता है।





अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्क्टरगंज के सामने हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने भांजे के तिलक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ निवासी पंकज (28) पुत्र रामनारायण अपने भांजे कृष्णा के तिलक समारोह में शामिल



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

होने शरीफपुर मंझा गया था। समारोह से वापस अपने गांव उजरामऊ लौटते समय जब वह अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्क्टरगंज के सामने पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पंकज को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पंकज चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी दो बहनों की शादी पहले ही हो चुकी है। पंकज की शादी हरदोई जनपद के पिहानी चुंगी स्थित मढ़िया निवासी अंजलि के साथ हुई थी। उसके परिवार में पत्नी अंजलि और तीन बच्चे हैं। इनमें दो पुत्र आकाश व विकास तथा एक पुत्री मुस्कान है।

महज 28 वर्ष की उम्र में पंकज की मौत से पत्नी और मासूम बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने दरोगा सुरेश कुमार द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

चोरी के मुकदमे में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

चोरी के बर्तन, गैस सिलेंडर और नगदी बरामद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद में अपराध और चोरियों की घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कमालगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में प्रकाश में आए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का माल पीतल के बर्तन, गैस सिलेंडर और नकदी भी बरामद किया है। थाना कमालगंज में गत 27 अक्टूबर को वादी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दो



पुलिस हिरासत में आरोपी

अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद सैफ पुत्र दफेदार उर्फ साहिद निवासी ग्राम ईशापुर थाना कमालगंज व अब्दुल पुत्र इंतजार निवासी खलासपुर जरारी थाना जहानगंज शामिल है। बरामदगी 07 अदद पीतल के बर्तन, 02 अदद गैस सिलेंडर, 5,200 रुपये नकद बरामद हुए। कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार त्रिवेदी, उ0नि0 कल्लू प्रसाद यादव, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार, संतोष कुमार, हिमांशु और मोहनलाल शामिल रहे।

वृद्धा की हत्या में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगोरा में मंगलवार को गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित पट्टे की जमीन के खेत में लकड़ी काटने गईं 69 वर्षीय वृद्धा की अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े निर्मम हत्या कर दी थी। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भगोरा निवासी राममूर्ति देवी (69 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय रामविलास दिन में करीब 11 बजे अपने घर से गांव से 500 मीटर दूर स्थित अपने पुत्र के पट्टे की जमीन वाले खेत में लकड़ी काटने गई थीं। मृतका के पुत्र नन्हेंलाल ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे जब वह ट्रैक्टर से खेत की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने अपनी मां राममूर्ति देवी का शव खेत में पड़ा देखा। घटना के संबंध में मृतका के पुत्र नन्हेंलाल की तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में दंपति घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पहाड़पुर के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दावत खाने जा रहे एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी को मामूली चोटें आई हैं।
जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी राधा कृष्ण (58) अपनी पत्नी नीरज कुमारी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी परिचित के यहां दावत में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर अपने गांव से बाहर मुख्य मार्ग पर निकले, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे राधा-कृष्ण व नीरज कुमारी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल दंपति को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर राधा कृष्ण को लोहिया रेफर कर दिया।

सामूहिक विवाह का लक्ष्य पूरा करने व विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बीडीओ ने बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने ग्राम पंचायत सचिवों और ब्लॉक कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में आगामी 20 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। बीडीओ राधेश्याम ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित



बैठक लेते बीडीओ

करें और 20 नवंबर को जिला स्तर पर क्रिश्चियन कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में समय से लाभार्थियों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक के दौरान बीडीओ ने ग्राम पंचायतों में संचालित श्रमिक रोजगार योजना वीबी जी राम जी योजना के तहत ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा लगाई जा रही ऑनलाइन उपस्थिति के गिरते स्तर पर गहरी नाराजगी व चिंता व्यक्त की।

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि रोजगार सेवक समय से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें, ताकि श्रमिकों को योजना का समयबद्ध लाभ मिल सके। बीडीओ ने ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और कार्यों में पारदर्शिता व गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, एपीओ गौरव दिवाकर सहित ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, मोतीलाल यादव, आनंद गंगवार, संदीप राठौर, आनंद कुमार, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, कामता प्रसाद पटेल, विनीत कुमार वर्मा, अनुराग सिंह व अन्य ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

दबंगों ने जेसीबी से रौंदी सरसों की खड़ी फसल

खंभे उखाड़कर किया कब्जे का प्रयास

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

तहसील क्षेत्र के गांव लखनपुर में दबंगों ने जेसीबी चलाकर एक किसान की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

खेत में लहलहाती सरसों की खड़ी फसल को रौंदने के साथ ही चारों तरफ लगे पत्थर के खंभे उखाड़ फेंके गए। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है, जबकि स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

पीड़ित किसान रफीक पुत्र इब्राहिम निवासी हलवाईयान नोनियमगंज ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। रफीक के अनुसार गांव



जानकारी देता पीड़ित किसान

लखनपुर में गाटा संख्या 438, 516, 513, 497 और 436 की कृषि भूमि में उनका 1/6 हिस्सा है, जिस पर वे वर्षों से काबिज होकर खेती करते आ रहे हैं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि गांव किसरोली निवासी मनोज गंगवार ने रफीक के भाइयों शरीफ, हबीब और खलील आदि से उक्त गाटाओं का कुछ हिस्सा खरीदा है, जो पीड़ित के खेत के उत्तर दिशा में खाली पड़ा है।

आरोप है कि इसी की आड़ में मनोज गंगवार अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ रात के अंधेरे में जेसीबी लेकर खेत पर पहुंच गया। दबंगों ने जेसीबी से खेत की मेड़ें तोड़ दीं, परिमार्जन के तहत लगे खंभे उखाड़ दिए और सरसों की तैयार फसल को पूरी तरह रौंदकर बर्बाद कर दिया। सुबह जब पीड़ित किसान खेत पर पहुंचा और फसल की बर्बादी देखकर विरोध जताया, तो आरोपी दबंग गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर दी है।

सीएम से शिकायत करने की रंजिश में फावड़े से हमला, मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नदौरा निवासी रामनारायण पुत्र मंसाराम ने गांव के ही जय किशन, विवेक पुत्रगण राजकुमार, राम लखन पुत्र दशरथ, गुड्डी पत्नी रोहतान, सुनीता देवी पत्नी विवेक, सिंकी पत्नी राम दर्शन के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।
तहरीर के अनुसार मेरी मां द्वारा क्रय की गई भूमि पर उपरोक्त सभी आरोपितों ने जबरन कब्जा कर लिया। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा 13 नवंबर को मुख्यमंत्री दरबार लखनऊ में की गई थी, इसी के चलते 14 नवंबर को समय करीब दोपहर 3 बजे उपरोक्त सभी आरोपित पूर्व नियोजित योजना के तहत मेरी हत्या करने के लिए एकत्रित थे, मुझे इस बात की जानकारी हुई तो मैंने 1076 व 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस आई और हिदायत देकर वापस चली गई, पुलिस के गांव से निकलते ही उपरोक्त सभी आरोपितों ने समय करीब 3:30 बजे घेर लिया और सभी ने एक मत होकर कहा कि साले को मार डालो, जब तक मैं कुछ समझ पाता की विवेक ने मेरी हत्या करने की नियत से सिर पर फावड़े से हमला कर घायल कर दिया मैं जमीन पर गिर गया। यह सब देख कर मेरे भाई विजय व परिजनों ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपित जयकिशन ने मेरे भाई विजय पर भी फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। जब परिजनों व गांव वालों ने बचाया तब उपरोक्त सभी आरोपित आइंदा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मुझे गांव वालों ने थाने पहुंचा थाना पुलिस ने मोहम्मदाबाद भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। इसी दिन समय करीब शाम 7:30 बजे मेरी पत्नी घर पर अकेली थी, तभी उपरोक्त आरोपितों ने उसके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

डीएम-एसपी ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में 20 नवम्बर को क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्मेलन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं, जिससे कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी जोड़ों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर विवाह समारोह के लिए बनाए जाने वाले पण्डाल, मंच, बैठने की व्यवस्था,



निरीक्षण करती डीएम व एसपी

पेयजल, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, पार्किंग एवं आवागमन की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त स्थान एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा सभी व्यवस्थाओं की संबंधित अधिकारियों द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच की जाए। एसपी आरती सिंह ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रवेश एवं निकास द्वारों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं वाहनों की पार्किंग के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने महिला सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने तथा कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से संबंधित सौंपे गए दायित्वों का समय से निर्वहन करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहे युवक की बाइक की टक्कर से मौत

राजेपुर, समृद्धि न्यूज। राजेपुर थाना क्षेत्र के जमापुर चौराहे के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी सवार युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आमने-सामने हुई भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।
जानकारी के अनुसार जमापुर निवासी उदय राज उर्फ पंकज (33) पुत्र समर पाल बुधवार सुबह करीब 8 बजे अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से बच्चों को छोड़ने के लिए कैप्टन वीपीएस स्कूल जमापुर गए थे। बच्चों को स्कूल छोड़कर जब वह वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी जमापुर चौराहे के नजदीक निविया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल संख्या यूपी 76एके/8947 ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। उदय राज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी वाहन की व्यवस्था कर उन्हें तत्काल डॉ0 राम मनोहर लोहिया पहुंचाया। वहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उदय राज को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो

कार्य में लापरवाही पर 52 सुपरवाइजरों को दी चेतावनी

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की अब खैर नहीं है। उपजिलाधिकारी श्वेता साहू ने तहसील अमृतपुर सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जनगणना कार्य से जुड़े 52 सुपरवाइजरों को स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी जिम्मेदारी में किसी भी तरह की लापरवाही या आदेशों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम श्वेता साहू ने स्वगणना अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की। इस दौरान सभी सुपरवाइजरों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे स्वयं तथा अपने अधीनस्थ प्रगणकों की स्वगणना समय पर कराएं, पोर्टल पर फोटो अपलोड करें



बैठक लेती एसडीएम मौजूद अन्य

और आमजन को स्वगणना के प्रति जागरूक करें। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि केवल कागजी खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों की स्वगणना सुनिश्चित करानी होगी। शिक्षा विभाग के चार सुपरवाइजर अनुराग सिंह, धीरेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र और मानवेंद्र सिंह, फील्ड ट्रेनर उदयवीर तथा लेखपाल संवर्ग के सात सुपरवाइजर अर्जुन सिंह, आशीष कुमार, गौरव कुमार यादव, ज्योति अवस्थी, मोहम्मद आदिल खान, रामजी यादव एवं उत्कर्ष दुबे की तैनाती और कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। लापरवाह सुपरवाइजर और उसके अधीनस्थ प्रगणक के विरुद्ध अनुशासनात्मक व कठोर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को आख्या प्रेषित कर दी जाएगी। बैठक में तहसीलदार अमृतपुर सहित चार्ज जनगणना अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ में जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षक भवन से पैदल चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान और जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने मांग



प्रदर्शन करते शिक्षकगण

की है कि 1 अप्रैल 2005 या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए तथा इससे पूर्व चयनित शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में शिक्षकों की पात्रता के संबंध में आ रही अड़चनों को दूर करते हुए, टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों की पदोन्नति सुनिश्चित की जाए तथा ब्रिज कोर्स की परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक की सीमा समाप्त की जाए। बेसिक शिक्षा परिषदीय सभी शिक्षकों के शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की जांच स्पेशल टास्क फोर्स से कराने के निर्देश को अनुचित बताते हुए इसे निरस्त करने तथा हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील करने की मांग की गई है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति, अंतर्जनपदीय/पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने तथा शीतकालीन अवकाश में प्रक्रिया संपन्न कराने की मांग। शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षकों की भांति 12 वर्ष की सेवा पर प्रोन्नत वेतनमान, मृत शिक्षकों के बीएड/टीईटी योग्यताधारी आश्रितों को नियुक्ति, विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति, द्वितीय शनिवार व उपार्जित अवकाश अनुमन्य कराने की मांग शामिल है। संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि शिक्षकों की इन न्यायसंगत एवं प्रमुख समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र शासनादेश जारी किया जाए। इस अवसर पर राजेश कुमार, अमित मिश्रा, राकेश यादव, निर्देश गंगवार, देवेंद्र यादव, सुशील कुमार, उपेंद्र गंगवार, सत्यपाल सिंह, मोना यादव, देवेंद्र गंगवार, मनोज कुमार, रानी गौतम, पूजा, सत्यभामा राठौर, अंजू, लीना सहित सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह में 73 वर-वधू हुए एक दूजे के, डीएम-एसपी ने दिया आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सेवाव्रत दिवस के रुप में सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 73 जोड़े एक-दूजे के हुए।

बढ़पुर स्थित मधुर मिलन में आयोजित विवाह एवं निकाह समारोह में 73 बहनों का मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल ने कन्यादान किया और विधि विधान से विवाह कराकर विदाई दी। 72 विवाह व एक निकाह सम्पन्न हुआ। एक निकाह में काजी द्वारा निकाह पढ़ाकर सम्पन्न कराया



विवाह समारोह में मौजूद वर-वधू

गया। जनपद के अलावा बाहर से भी आकर लोगों ने भाग लिया। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल अपने पिता स्व0 विशन स्वरुप अग्रवाल की स्मृति में 19वां सेवावृत दिवस का आयोजन किया। 72 पाण्डाल में विधिवत पूजन के साथ वर-वधू ने फेरे लिये। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। शहर के संभ्रांत लोग व नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी पहुंचकर भाग लिया। सामूहिक विवाह समारोह में वर वधू अंजली के साथ रंजीत, शिवांगी के साथ रोहित, कनक के साथ दीपक, रुपाली के साथ पंकज, सीमा के साथ राजीव, स्वीटी के साथ सुमित, करीना के साथ आयुष, दिव्या के साथ रमन, शिवांगी के साथ सुमित, मोहिनी के साथ मोहित, रन्नो के साथ अभिषेक, आरती के साथ अनुपम, शालू के साथ निखिल, अभिलाशा के साथ गौरव, गुड़िया के साथ दीपक, आकांक्षा के साथ राहुल, अंजू के साथ धीरज, पूजा के साथ ललित, माधुरी के साथ अरुण, मधु के साथ सुरजीत, रानी के साथ बंटी, सेजल के साथ रवि कुमार, स्वीटी के साथ सोनू, वर्षा के साथ रोहित, अंजली के साथ अमित, शीलम के साथ हरिशंकर, रोली के साथ दीपक, सेजल के साथ करन, स्वाती के साथ कुलदीप, वर्षा के साथ अमित, रुचि के साथ रोहित, लक्ष्मी के साथ शगुन चन्द्र, प्रिया के साथ रोहित, लवली के साथ मोहित, रोशन के साथ दीनू, एकता के साथ हरिकिशन, प्रीती देव के साथ आकाश, रश्मी के साथ वैभव, विनीता के साथ मनीष, प्रिया के साथ अंकित, सौम्या के साथ धर्मेन्द्र, रुबी के साथ रोहित, दिव्यांशी के साथ तनवीर सिंह, स्नेहा के साथ मोहित, मानसी के साथ विनय, काजल के साथ विशाल, मुस्कान के साथ अवधेश, आराधना के साथ आजाद, सपना के साथ सतेन्द्र, गीता के साथ करन, शिवानी के साथ अशोक, कोमल के साथ विमल, संजना के साथ अमन, दुर्गा के साथ रामशरन, नैना के साथ संतोष, खुशी के साथ पारस, राधा के साथ करन, लक्ष्मी के साथ पंकज, मुस्कान के साथ नितिन, ज्यौति के साथ सौरव, स्नेहा के साथ बॉबी, रोली के साथ अभिषेक, मुस्कान के साथ आर्यन, रितु के साथ आशीष, संध्या के साथ अंकुश, रेखा के साथ लल्ला भैया, प्रतीक्षा के साथ रोहित, गुंजन के साथ सुमित, रेश्मा के साथ श्याम कुमार, काजल के साथ रंजीत, सविता के साथ सौरव, प्रियंका के साथ सौरव एक दूजे के हुए। साथ ही चांदनी का निकाह ताजुद्दीन के साथ हुआ। सभी ने वर-वधू के ऊपर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। जयमाला पड़ते ही मंगल गीत पर आये हुए बारातियों ने ताली बजाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मनोज अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के अलावा मुख्य रुप से नीलम, मधुप अग्रवाल, कनुप्रिया, एकता, सनीराज अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, ओजस्वी राज आईएएस, प्राची, देवांश अग्रवाल, सारांश अग्रवाल के अलावा समाजसेवी संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

दबंग ने अवैध तमंचा से बारातियों को धमकाया

कंपिल,समृद्धि न्यूज।

शादी समारोह के दौरान युवक ने अवैध असलहा लेकर बारात में गाली-गलौज कर लोगों को धमकाया। जिससे बारात में भगदड़ मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी कुंवरपाल कश्यप ने दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर रात गांव निवासी रियासुद्दीन की पुत्री की बारात चढ़ रही थी। उसी समय गांव निवासी एक युवक आकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। लोगों के विरोध करने पर वह घर से अवैध तमंचा व कारतूस की पेटी लेकर आया और लोगों को धमकाने लगा। जिससे बारात में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को आता देख युवक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस को युवक के घर से तमंचा व कारतूस की पेटी मिली है। उसी समय किसी व्यक्ति ने उसका वीडियो बना लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचलित हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज प्रचलित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित ने देर रात थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया गाली गलौज कर धमकाने का मामला सामने आया है। अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। फिलहाल युवक फरार है।

बेखौफ जारी है मिट्टी खनन का खेल, 800 रुपये में बिक रही ट्रैक्टर-ट्रॉली

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

चौराहे से दिनदहाड़े गुजरते है मिट्टी लदे वाहन, सरकार को लगा रहे चूना

क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन और उसके खुलेआम परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के सबसे व्यस्त नवाबगंज चौराहे से दिनदहाड़े मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ होकर गुजर रही हैं। सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते इन वाहनों के कारण राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की जान पर हर समय खतरा मंडरा रहा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों के बीच इस बात की जोरदार चर्चा है कि आखिर मिट्टी खनन का यह कारोबार किसके संरक्षण में संचालित हो रहा है? नगर के प्रमुख चौराहे से लगातार मिट्टी लदे वाहनों की आवाजाही के बावजूद इनके खनन और परिवहन की वैधता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लोगों का सवाल है कि मिट्टी किसकी जमीन से खोदी जा रही है और इसके लिए खनन विभाग से अनुमति ली गई है या नहीं।

यदि बिना अनुमति खनन हो रहा है, तो पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे यह खेल कैसे चल रहा है? जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मिट्टी खनन का यह मामला केवल सरकारी राजस्व के नुकसान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आमजन की सुरक्षा से भी सीधे तौर पर जुड़ा है। क्षेत्र में भारी वाहनों के कारण पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं। बिना ढके ले जाई जा रही मिट्टी से सड़कों पर धूल का गुबार उड़ता है, जिससे यातायात बाधित होता है और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन और परिवहन से जुड़े एक मामले में एक सिपाही की जान भी जा चुकी है। इतनी बड़ी घटना के बावजूद ऐसे वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली करीब 800 रुपये में बेची जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि यह कारोबार नियमानुसार और वैध तरीके से हो रहा है, तो प्रशासन को इसकी अनुमति और रॉयल्टी से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए।



मिट्टी ले जाती ट्रैक्टर ट्राली

माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट ने डीआईओएस को सौंपा पत्र

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र सौंपकर जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के कार्यों में ड्यूटीरत शिक्षकों को विद्यालयीय कार्यों से कार्यमुक्त किए जाने की मांग की है। पत्र में राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए शिक्षकों को दोहरी जिम्मेदारियों से राहत देने का आग्रह किया गया है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वगणना 16 नवंबर से 30 नवंबर तक और मुख्य जनगणना 1 दिसंबर से 4 जनवरी 2027 तक का कार्य किया जाना है, जिसके लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी सुपरवाइजर और प्रगणक के रूप में लगाई गई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके सफल संपादन के लिए पूर्ण समर्पण की आवश्यकता होती है। विद्यालयीय दायित्वों के साथ जनगणना कार्य का एक साथ निर्वहन करने से व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं, जिससे दोनों कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता प्रभावित होने की संभावना है। संघ ने डीआईओएस से अनुरोध किया है कि वे संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश जारी करें, ताकि जनगणना कार्य में नियुक्त सभी सुपरवाइजरों और प्रगणकों को निर्धारित अवधि तक विद्यालयीय कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक दायित्वों से कार्यमुक्त रखा जाए, जिससे वे इस राष्ट्रीय कार्य को पूरी तन्मयता के साथ पूरा कर सकें। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रजनीश शिखा, पूर्व संयुक्त मंत्री सतेंद्र सिंह और पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे के हस्ताक्षर शामिल हैं।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

देवराजपुर में सामूहिक यज्ञ एवं सत्संग संपन्न

ग्रामीणों ने वैदिक पद्धति से संस्कार कराने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में बुधवार को क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में सामूहिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का लाभ प्राप्त किया।

आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने अपने उद्बोधन में वैदिक धर्म में वर्णित सोलह संस्कारों के महत्व एवं उनकी वैज्ञानिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कार ही मनुष्य के जीवन को श्रेष्ठ, अनुशासित एवं चरित्रवान बनाते हैं। आधुनिक जीवनशैली अपनाते समय युवाओं को अपनी वैदिक संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों को भी जीवन में स्थान देना चाहिए, जिससे आधुनिकता के साथ नैतिक मूल्यों का संतुलन बना रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा कि बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने अपने परिवारों में जन्म से लेकर जीवन के विभिन्न अवसरों पर सभी संस्कार आर्य समाज की वैदिक पद्धति से संपन्न कराने का संकल्प लिया। इस पहल को वैदिक संस्कृति के प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। इस अवसर पर जयपाल आर्य, हरि सिंह आर्य, हाकिम सिंह, मैनेजर सिंह आर्य, संग्राम सिंह, कृष्णा यादव, जगदीश आर्य, ज्ञानेंद्र, मंजेश आर्य, मंजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



हवन में आहूतियां डालते लोग

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में दिशा कार्यक्रम का आयोजन



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा एकादश एवं द्वादश के विद्यार्थियों के लिए दिशा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य एवं करियर के प्रति जागरूक करना तथा उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने ओ एमआर शीट पर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने उज्जवल भविष्य की दिशा चुनने में सहायता प्रदान करते हैं।

बैठक में बच्चों की सुरक्षा व साइबर जागरूकता पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड कायमगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे एवं खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे ने बाल संरक्षण एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के उचित पोषण, उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा अपने बच्चों के साथ बात अवश्य करें।

खंड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अभिभावक किसी भी दशा में अपनी बेटियों को किसी दूसरे के भरोसे अकेला न छोड़े, ऐसे में बैड टच की संभावना अधिक होती है। बच्चों के अधिक मोबाइल प्रयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि माता पिता अपने बच्चों के लिए मोबाइल प्रयोग की समय सीमा तय करें तथा उनके मोबाइल स्क्रीन पर नजर रखें। अधिक मोबाइल प्रयोग से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने विशेष रूप से बच्चों एवं अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन के अत्यधिक एवं अनियंत्रित उपयोग के दुष्प्रभावों पर चर्चा की तथा बच्चों में मोबाइल की लत, पढ़ाई में एकाग्रता की कमी, मानसिक तनाव एवं सामाजिक व्यवहार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से बचाव हेतु अभिभावकों को जागरूक करने पर जोर दिया।

बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं 112 इमरजेंसी नंबर पर सूचना देने को कहा। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करने अथवा कराने पर 100000 जुर्माना एवं 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरन्द सिंह वर्मा, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी लालता प्रसाद, मुख्य सेविका शर्मिला, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा एवं ब्लॉक समन्वयक नेहा चंद्रा आदि उपस्थित रहे।



बैठक में ब्लाक प्रमुख व अन्य अधिकारी

12 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

सुलह-समझौते से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत के कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन, अधिकाधिक वादों को चिन्हित कर लोक अदालत में संदर्भित करने तथा आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से वादों के निस्तारण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिला जज/सचिव द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करें, जिनका निस्तारण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को सुलभ, सरल, त्वरित एवं कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने का एक प्रभावी माध्यम है। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इससे न केवल न्यायालयों में लंबित वादों का बोझ कम होता है, बल्कि पक्षकारों के समय एवं धन की भी बचत होती है और आपसी सौहार्द भी बना रहता है। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों के अधिकाधिक निस्तारण, संबंधित अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया। अपर जिला जज/सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सके तथा आमजन को त्वरित न्याय का लाभ प्राप्त हो।



बैठक में न्यायिक अधिकारी व अन्य

श्रीमद् भागवत कथा 19 से

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 19 नवम्बर से 26 नवम्बर तक होगा। कृष्णा नगर कालोनी निकट कादरीगेट पर आयोजित कथा में कथाव्यास अविरल महाराज वृंदावन से आकर अपने मुखार बिंदु से कथा कहेंगे। कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। यह जानकारी शिवम त्रिपाठी ने दी है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तृतीय दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सड़क सुरक्षा समिति के प्रभारी डॉ0 वीरेंद्र कुमार के दिशा-निर्देशन में रेंजर्स एवं रोड सेफ्टी क्लब की स्वयंसेविकाओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए सभी से अपने भाई-बहनों एवं अन्य परिजनों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। अभियान के दौरान जिन लोगों ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं किया था, उन्हें विनम्रतापूर्वक रोककर इनके महत्व के बारे में समझाया गया तथा वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात के अन्य नियमों का पालन करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वयं के जीवन की रक्षा करने के साथ-साथ दूसरों के अमूल्य जीवन को सुरक्षित रखना भी हमारा नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है।



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्रायें

राजेपुर/नवाबगंज में 19 से 07 दिसम्बर तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से दवा का सेवन करने की अपील

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि विकासखंड राजेपुर एवं नवाबगंज में 19 नवम्बर से 07 दिसम्बर तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एमडीए अभियान के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को फाइलेरिया जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से मुक्त बनाना है। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया हाथीपांव एवं हाइड्रोसील जैसी गंभीर समस्याओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है तथा अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही इसका सेवन करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जानी है। उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं कोटेदारों से विशेष अपील की कि वे स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा गांव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे स्वयं दवा खाएं और अपने परिवार, पड़ोसियों एवं गांव के अन्य लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें, जिससे फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

मतदाता साक्षरता क्लब के तहत निबंध और क्विज प्रतियोगिता संपन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-194 के अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब के तहत निबंध एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से संस्था स्तर पर चयनित होकर आए मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बहोरन लाल, उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार मिश्र एवं उप प्रधानाचार्य आदेश गंगवार विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए गठित निर्णायक मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया। निबंध प्रतियोगिता हेतु निर्णायक पंकज शुक्ला, मोनी चौहान, सत्येंद्र सिंह रहे। क्विज़ प्रतियोगिता हेतु निर्णायक में विजयलक्ष्मी, भावना लाल और अजंता रही। संचालन व व्यवस्थाओं में राजू अहिरवार, अजंता, वेद प्रकाश सागर, ज्ञानेंद्र सिंह, राजेश कुमार, मोहित कुमार, मुकेश दुबे सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित होने वाले शीर्ष 10 मेधावी छात्र-छात्राएं आगामी 20 नवंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित होने वाली अंतिम जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

मेधावी छात्रों ने लिया भाग



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी मौजूद शिक्षक

प्रतियोगिता में निमिष कुमार मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा, सिद्धांत राज, दिव्यांशी दुबे, श्रद्धा सिंह, कौटिल्य, अर्पित श्रीवास्तव, सुधा, सोनू वर्मा, सोनी के अलावा कशिका नाज, नैमिष मिश्रा, आरुषि गुप्ता, रिया, सुनैना सक्सेना, अंशिका सक्सेना, रुद्रप्रताप सिंह, भूमिका, प्रिया, शिवबाबू आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

निःशुल्क वृद्धावस्था होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद के नीति आयोग द्वारा चयनित महत्वाकांक्षी ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा कढ़हर स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर बुजुर्गों/वृद्धजनों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल 81 वृद्धजनों को विधिवत परीक्षण कर उनके वजन, बीपी, हृदय चाल, ऑक्सीजन स्तर, एवं श्वसन इत्यादि की जांच कर रोगानुसार होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया। शिविर के पश्चात आयोजित हुए स्वच्छता जागरूकता सत्र में चिकित्साधिकारी ने सभी ग्रामवासियों, रोगियों एवं उनके परिजनों से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवेशिक स्वच्छता का, सामुदायिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए, सभी को नियमित योग व्यायाम, पौष्टिक एवं संतुलित भोजन, हरी पत्तेदार फलीदार साग सब्जियां, दलिया एवं मोटे अनाज और ताजा फलों को अपनी दैनिक भोजन में शामिल करने के प्रति जागरूक किया।



उपचार कराते ग्रामीण

15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



सम्मानित होते ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् एवं श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय प्रस्तुति परक संस्कृत नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ ज्योति स्वरुप अनिहोत्री द्वारा एशियन स्किल अकादमी में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को नाट्य कला, अभिनय एवं मंचीय प्रस्तुति की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना तथा उनकी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को विकसित करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नाट्य विधा से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की जाएगी। ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री बने कहा कि थोड़े से अभ्यास से गम संस्कृत सीख सकते हैं। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। कार्यशाला के निर्देशक संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय हैं तथा संस्कृत शिक्षक के रूप में डॉ0 प्रदीप नारायण शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

15 दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अपनी अभिनय क्षमता निखारने एवं मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है तथा इसका उद्देश्य समाज में कला, संस्कृति, नाट्य परंपरा एवं संस्कृत भाषा के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना है। इस दौरान रोहित सफ्फड़, सिमरन, फाल्गुनी, सुपर्णा, राधिका कुशाग्र, वैष्णवी, आयुष, रुद्रांश आदि उपस्थित रहे।

23वाँ पंच दिवसीय मानस सम्मेलन सम्पन्न, रामराज्य के प्रसंगों पर गूंजे स्वर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मदारबाड़ी डीपीबीपी कॉलेज में चल रहा 23वाँ पंच दिवसीय मानस सम्मेलन रामराज्य में मानव जीवन की मंगल कामना, लोककल्याण की भावना के साथ सम्पन्न हुआ। राम जी का राजतिलक विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्र, स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण के साथ किया गया।

मानस विद्वानों ने प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्ह प्रसंग की व्याख्या करते हुए गोस्वामी तुलसीदास रचित ग्रंथ श्री रामचरित मानस को विश्व का अद्वितीय ग्रंथ कहा, जिसमें मानव जीवन का धर्म, परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र के लिए लोककल्याण के सूत्र मिलते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मानस का पठन-पाठन और चिन्तन के द्वारा प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। विद्वानों ने कहा कि श्री राम राज्याभिषेक केवल एक राजा के सिंहासन पर बैठने की घटना नहीं है, वह धर्म, मर्यादा, त्याग और लोककल्याण की प्रतिष्ठा है। वनवास के 14 वर्ष पूर्ण कर जब श्री राम अयोध्या लौटे, तो सम्पूर्ण अयोध्या में आनंद की लहर दौड़ गई। देवताओं ने पुष्पवर्षा की, अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाए, मंगल कलश सजाए। सबसे पहला तिलक कुलगुरु वशिष्ठ मुनि ने किया। यह इस बात का प्रतीक है कि राज्य सत्ता से ऊपर गुरु, धर्म और शास्त्र की मर्यादा है। राजा भी गुरु के सामने नतमस्तक है। इसके बाद सभी ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों, देवताओं और प्रजा ने श्री राम का अभिषेक किया। विद्वानों ने कहा कि रामराज्य का अर्थ है जहाँ कोई दुःखी न हो, कोई भूखा न हो, कोई भयभीत न हो।

जहाँ धर्म का पालन हो, सत्य की प्रतिष्ठा हो, परिवार में प्रेम हो, समाज में समरसता हो, राष्ट्र में शांति हो। तुलसीदास जी ने मानस में लिखा है कि रामराज्य में सब लोग सुखी थे, सब धर्म परायण थे, सब एक-दूसरे का सम्मान करते थे। न कोई रोग था, न शोक था, न दरिद्रता थी। राम ने राज्याभिषेक के बाद प्रजा को वचन दिया कि धर्म की रक्षा करना, प्रजा का पालन-पोषण करना ही राजा का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न को साथ लेकर, हनुमान जी जैसे सेवक को हृदय से लगाकर यह संदेश दिया कि राज्य परिवार की तरह चलता है, सत्ता सेवा के लिए होती है, भोग के लिए नहीं। मानस सम्मेलन में मानस विद्वान, शोधकर्ता, मानस मर्मज्ञ राम बाबू पाठक, अरिमर्दन शास्त्री, अम्बरीष महाराज, संतोष रामायणी, सुमन वहन, रुचि रामायणी, साधना, पंडित सर्वेश शुक्ल, पं0 अरविन्द चतुर्वेदी आदि विद्वानों ने अपने-अपने विचारों के साथ परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा एवं संस्कारों पर विशेष रूप से चर्चा की।

श्रीराम दरबार की भव्य एवं दिव्य झांकी के दर्शन, आरती और प्रसाद के साथ सम्मेलन का विराम हुआ। आगन्तुक मानस विद्वानों का स्वागत संयोजक-आयोजकों भरत सिंह, बृज किशोर सिंह, राहुल ने किया। शकुन्तला कठेरिया ने विद्वानों की सेवा-सम्मान किया। राजेश निराला ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता, गगन सिंह बघराय, युवराज, मयंक दीक्षित, मुकेश सिंह व महिला मंडल में गौरंगना दुबे, निर्मला सिंह, शारदा भदौरिया, नीलम सक्सेना, सिमरन सिन्धी मौजूद रहे। संचालन बीके सिंह ने किया।



कथाव्यास को सम्मानित करते राजेश निराला आदि

कुंडा में सनातन एकता और भक्ति का महासंगम

श्रीराम कथा में उमड़ा जनसैलाब, शरणार्थी परिवारों ने दीं यज्ञ में आहुतियां, तीनों विशाल पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरे, बाहर तक गूंज रहे जय श्रीराम के जयकारे









समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

कुंडा की पावन धरती पर आयोजित पूज्य बागेश्वर धाम सरकार की श्रीराम कथा में आस्थाए सनातन एकता और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा के द्वितीय दिवस से पूर्व बेंती राजभवन में पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी परिवारों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा हवन का आयोजन किया गया। इसमें बागेश्वर धाम सरकार पंण् धीरेंद्र कृष्ण शास्त्रीए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैयाश्ए विधायक उमेश शर्माए दीप सिंह राणा और राजा भैया के विदेश से आए अतिथियों ने सहभागिता की।हवन अनुष्ठान से पहले पाकिस्तानी हिंदू परिवारों का तिलक लगाकर और हाथों में कलावा बांधकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद सभी परिवारों को अलग.अलग यज्ञ कुंडों में बैठाया गया। स्वस्तिवाचन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि.विधान से पूजन.अर्चन हुआ। बागेश्वर सरकार और राजा भैया की मौजूदगी में परिवारों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित कीं।इस अवसर पर पाकिस्तान से आए हिंदू परिवारों ने आयोजन में सम्मानपूर्वक शामिल किए जाने पर प्रसन्नता जताई और आयोजक राजा भैया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पूज्य बागेश्वर सरकार से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता और अतिथि सम्मान का संदेश देता नजर आया।

कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के श्रीमुख से श्रीराम कथा का रसपान करने के लिए दूर.दराज से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते आयोजन स्थल पर बनाए गए तीनों विशाल पंडाल खचाखच भर गए। स्थिति यह रही कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिसर के बाहर खड़े होकर कथा का श्रवण करते नजर आए। कथा परिसर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं के उत्साहए भक्ति और आस्था से कुंडा का वातावरण पूरी तरह राममय दिखाई दिया। बेंती में आयोजित यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, आध्यात्मिकता और सनातन परंपरा के प्रति लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र बना हुआ है।

तीनों विशाल पंडाल पड़े छोटे, बाहर खड़े होकर कथा सुन रहे श्रद्धालुट: कुंडा के बेंती में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार की श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने आयोजन स्थल पर बनाए गए तीनों विशाल पंडाल छोटे पड़ गए।पंडालों के खचाखच भर जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिसर के बाहर खड़े होकर पूज्य सरकार के श्रीमुख से श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं। चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है।

कुंडा क्षेत्र में राममय हुआ माहौल: श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री के श्रीमुख से रामकथा का रसपान करते श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। पंडाल से लेकर पूरे कथा परिसर तक जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। हर ओर भक्तिए श्रद्धा और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा दिखाई दी।कुंडा की धरती पर गूंज रहा है राम नामए भक्तिमय हुआ पूरा वातावरण।

मानिकपुर में गूंज रही बेंती की राम कथा, लाउडस्पीकर से हो रहा लाइव प्रसारण

कुंडा-प्रतापगढ। बेंती कुंडा बेंती कुंडा में चल रही बागेश्वर धाम सरकार की श्रीराम कथा की गूंज अब पूरे मानिकपुर में सुनाई दे रही है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लाइव कथा का प्रसारण किया जा रहा हैए जो आप पूरे मानिकपुर में सुन रहे हैं। राजा भैया के सौजन्य से बेंती में चल रही इस कथा को घर.घर तक पहुंचाने के लिए यह सारी व्यवस्था आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया के सौजन्य से की गई है। बाबा बागेश्वर धाम सरकार के मुखारविंद से सुनाई जा रही राम कथा का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से भी डिंपू भैया के आवास पर किया जा रहा है। वहां एलईडी लगाई गई हैए जहां पहुंचकर श्रद्धालु लाइव कथा सुनने एवं सजीव देखने का आनंद ले रहे हैं। जो लोग बेंती नहीं जा पा रहेए वे मानिकपुर में ही लाउडस्पीकर पर कथा सुनकर और डिंपू भैया के आवास पर एलईडी पर कथा देखकर कथा का रसपान कर रहे हैं। बेंती की कथा अब मानिकपुर के हर घरए हर गली तक पहुंच रही है।

बेंती कोठी पहुंचे फिल्म हनुमान अंश के मुख्य अभिनेता

कुंडा-प्रतापगढ़। बेंती राजभवन में आयोजित श्रीराम कथा के बीच फिल्मी जगत की हस्तियों का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में फिल्म हनुमान अंश के मुख्य अभिनेता शोभनिव सत्य बेंती कोठी पहुंचे तथा श्रीराम कथा श्रवण पान किया।

पाकिस्तानी हिंदू परिवारों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, हवन



- बेंती राजभवन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ धार्मिक अनुष्ठान
- तिलक और कलावा बांधकर किया गया शरणार्थी परिवारों का स्वागत

कुंडा-प्रतापगढ़। श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस से पूर्व कुंडा की धरती पर आस्था, सामाजिक समरसता और सनातन एकता का अनूठा दृश्य देखने को मिला। बेंती राजभवन में बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की मौजूदगी में पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी परिवारों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्माए दीप सिंह राणा और राजा भैया के विदेश से आए अतिथि भी मौजूद रहे।धार्मिक अनुष्ठान में पाकिस्तानी हिंदू परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक शामिल कराया गया। हवन से पहले सभी परिवारों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर और हाथों में कलावा बांधकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें अलग.अलग यज्ञ कुंडों में बैठाया गया। स्वस्तिवाचन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि.विधान से पूजन.अर्चन संपन्न हुआ।इसके उपरांत बागेश्वर सरकार और राजा भैया की उपस्थिति में सभी परिवारों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित कीं।

पाकिस्तान से आए 500 हिंदुओं के साथ बैठक, सुरक्षा और सम्मान का दिया भरोसा

कुंडा-प्रतापगढ़। राजभवन बेंती में पाकिस्तान से आए करीब 500 हिंदुओं के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उनकी समस्याओं और अनुभवों को सुना गया तथा उनकी सुरक्षाए समृद्धि और शांति के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में पाकिस्तान से आए हिंदुओं ने अपने साथ घटित कथित जघन्य अपराधों और वहां के हालात के बारे में अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने पाकिस्तान में हिंदू समुदाय के लोगों के साथ लूटपाटए यौन हिंसा और हत्याओं जैसी घटनाओं का जिक्र किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान से आए हिंदुओं की पीड़ा को समझने और उनके प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। भारत के हिंदू समाज को भी इनकी परिस्थितियों और चुनौतियों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत



कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुपियामऊ चौकी अंतर्गत धारूपुर गांव में 28वर्षीय युवक पंकज यादव की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।मृतक की पहचान धारूपुर निवासी पंकज यादव के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक पंकज पांच भाइयों में सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह मैजिक गाड़ी किराये पर चलाता था। परिजनों के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था।सूचना पर कोतवाली देहात प्रभारी संदीप तिवारी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच.पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली प्रभारी संदीप तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

मोतिगरपुर में आज सजेगी कवियों और शायरों की महफिल, तैयारियां पूरी

सुलतानपुर। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार, 19 नवंबर को मोतिगरपुर चौराहा स्थित पुष्प वाटिका मैरिज लॉन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन होगा। कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं संयोजक अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक एवं विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी होंगे। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से आए कवि, शायर और कवयित्रियां अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इनमें अयोध्या के पंडित जमुना उपाध्याय, राजस्थान के कुंवर जावेद, बाराबंकी के रामकिशोर तिवारी, रीवा के अमित शुक्ला, लखनऊ के प्रमोद द्विवेदी, हैदराबाद के शिव किशोर तिवारी खंजन, बॉलीवुड गीतकार रितेश रजवाड़ा, बिहारी लाल अंबर, अर्चना द्विवेदी, अशोक पांडेय अनहद और पलक सुलतानपुरी प्रमुख हैं।आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम के माध्यम से कविता और शायरी के जरिए हिंदू-मुस्लिम एकता, आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया जाएगा।

रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

सुलतानपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के वल्लीपुर गांव के पास बुधवार को अयोध्या-प्रयागराज रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वह मोबाइल पर बात कर रहा था। नगर कोतवाली क्षेत्र वल्लीपुर निवासी उमेश निषाद(35)पिता रामसागर निषाद का इकलौता पुत्र था। बुधवार को वह घर से करीब एक किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।उमेश परिवार का इकलौता कमाने वाला था। वह वाहन चलाने और पल्लेदारी का काम करता था। परिवार में पत्नी कौशल्या देवी, पांच बेटियां, दो बेटे और बुजुर्ग माता-पिता हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनगणना-2027 को लेकर मीडिया कार्यशाला आयोजित, पत्रकारों ने की स्वगणना

सुलतानपुर। जनगणना-2027 के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें पत्रकारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। कार्यशाला में डीएम ने बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना की जा रही है। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण का कार्य होगा।डीएम ने कहा कि जनगणना महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से स्वगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने और अभियान में सहयोग की अपील की। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता बनी सुलतानपुर पुलिस टीम

सुलतानपुर। लखनऊ जोन की 29वीं अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 में सुलतानपुर पुलिस की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता 15 से 17 नवंबर तक बाराबंकी स्थित 10वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित हुई। इसमें सुलतानपुर पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। टीम के आरक्षी ऋषिकेश ने व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया।बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कैंप कार्यालय में टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी खेल भावना और टीमवर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। टीम की उपलब्धि पर पुलिस विभाग ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

सरस्वती विद्या मंदिर में कल से चलेंगी मेधावी कक्षाएं



सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञानकुंज विवेकानंदनगर में बुधवार को मेधावी छात्रों के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें प्रधानाचार्य राकेशमणि त्रिपाठी ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के साथ जेईई, नीट और सीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए 19 नवंबर से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह सात से 8:30 बजे तक गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की निःशुल्क कक्षाएं चलेंगी। इनमें विद्यालय के वरिष्ठ एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञ शिक्षक पढ़ाएंगे। इस घोषणा का अभिभावकों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। गोष्ठी में उपप्रधानाचार्य रमेश मिश्र, अवधेश शुक्ल, विनय कुमार सिंह, सरिता सोनी, मीनू श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, अनिल पाण्डेय, शरद श्रीवास्तव, अखिलेश प्रताप सिंह सहित शिक्षक, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्र और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने सुनीं किसानों की समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ राममोहन मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों और कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। बैठक के प्रारंभ में उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा पिछली बैठक की आख्या प्रस्तुत कीए जिस पर किसानों ने संतोष जताया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। दुग्ध विकास अधिकारी ने अच्छी नस्ल की गाय खरीदने और अनुदान की जानकारी दीए जबकि विद्युत विभाग लालगंज ने पीटीबीडब्ल्यू पोर्टल के जरिए सिंचाई कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समझाई। जिला उद्यान अधिकारी ने 16 से 30 नवम्बर तक आलू बीज खरीद पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की। किसानों द्वारा रखी गई समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। ग्राम गोबरी में दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा समस्या का समाधान न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ हीए किसान सम्मान निधि न मिलने के मामलों की जांच कर पात्र किसानों को लाभ दिलाने और कांशीराम आवास से जुड़े प्रकरण का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने किसानों से 16 से 30 नवम्बर तक चलने वाली स्व.गणना प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की। बैठक में उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने महुली मण्डी में धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने आज प्रतापगढ़ के महुली मण्डी स्थित राजकीय धान क्रय केन्द्र प्रथम एवं द्वितीय तथा साधन सहकारी समिति महुली का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की प्रगति की समीक्षा की और केन्द्रों पर किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मण्डी प्रथम के केन्द्र प्रभारी आलोक कुमार दूबे से अब तक हुई खरीद की जानकारी ली। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि नमी अधिक होने के कारण किसान अभी कम मात्रा में धान ला रहे हैंए जिससे अब तक 86 कुन्तल धान की खरीद हुई है। जिलाधिकारी ने मौके पर ही नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच की। उन्होंने मण्डी.द्वितीय और साधन सहकारी समिति महुली का भी निरीक्षण किया जहाँ किसानों ने धान बेचना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से धान खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदे गए धान का समयबद्ध भुगतान किया जाए। खरीद प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान डिप्टी आरएमओ जितेन्द्र यादव भी मौजूद रहे।

डीपीओ ने सीडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को भदैंया स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, निरीक्षण आख्या रजिस्टर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सेविका-सहायिका चयन तथा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रमों की प्रगति जांची।

डीपीओ ने महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रतिदिन क्षेत्रीय निरीक्षण की आख्या कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सूचना अनुपस्थित रहने या कार्यक्षेत्र से बाहर रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक ममता पांडेय, सुपरवाइजर नीरज सिंह, सरिता सिंह, अंजू वर्मा, विमलेश वर्मा और सीडीपीओ दयाराम मौजूद रहे। सुपरवाइजर सुषमा त्रिपाठी अवकाश पर थीं।

नाले में मिले महिला के शव की हुई पहचान, नौ नवंबर से थी लापता



बलदीराय, सुलतानपुर। बलदीराय थाना क्षेत्र के सोनबरसा मजरे ककरहवा स्थित नाले में मंगलवार को मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान धनराजी देवी पत्नी शीतला प्रसाद निवासी हैंहना खुर्द के रूप में हुई है। उनके भतीजे रवि सिंह ने थाने में तहरीर देकर शव की शिनाख्त की और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रवि सिंह के अनुसार उनकी बुआ का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। वह नौ नवंबर को घर से लापता हो गई थीं। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। मंगलवार सुबह सोनबरसा के पास ककरहवा नाले में उनका शव मिला। वह नाले तक कैसे पहुंचीं, इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है।थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, महाआरती के साथ भागवत कथा का समापन

सुल्तानपुर। दोस्तपुर में बरनवाल परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन, सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ हुआ। कथा व्यास अतुल कृष्ण भामिनी जी महाराज के मुखारविंद से प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महाआरती, भजन और जयकारों के बीच कथा का विश्राम हुआ। अंतिम दिन दोस्तपुर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह, नगर पंचायत कादीपुर अध्यक्ष आनंद जायसवाल और व्यापार मंडल कादीपुर तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने व्यासपीठ की आरती कर आशीर्वाद लिया। मुख्य यजमान चंद बरनवाल और उषा देवी ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन एवं आरती की तथा कथा व्यास को श्रद्धापूर्वक विदाई दी।आयोजन में शशि बरनवाल, संदीप बरनवाल, अप्लू बरनवाल, मन्नू सेठ, शंभू पांडेय, शिवांग मिश्रा, राज अग्रहरि सहित परिवार के सदस्यों ने सहयोग किया। समापन पर कृष्णचंद बरनवाल ने सातों दिन कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं और आयोजन में सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया।

एसपी ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



शहर के रामलखन मैरिज प्वाइंट में बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर का आयोजन डॉ. सुधाकर सिंह के समन्वय में गायत्री परिवार, अम्बेदल परिवार, गोमती मित्र मंडल और संयुक्त सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर एसपी ने स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। एक व्यक्ति का रक्तदान जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने आमजन से स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक होने और इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।